RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 63
लखनऊ, मंगलवार, 20 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



अब गलियों से सबक लेगी भारतीय महिला टीम

स्पोर्ट्स-12

# तवांग झड़पः जवानों का अपमान न करें-जयशंकर

## विदेश मंत्री ने पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी के पिटाई शब्द पर जताया ऐतराज

- कहा- हमारे सैनिक डटकर खड़े रहे, उनकी सराहना और सम्मान होना चाहिए
- सेना चीन को एलएसी पर एकतरफा यथास्थिति नही बदलने देगी

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली




**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने चीन के प्रति भारत का रुख उदासीन होने के कांग्रेस के आरोपों को सोमवार को सिरे से खारिज कर दिया, साथ ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान के परोक्ष संदर्भ में कहा कि राजनीतिक मतभेद और आलोचनाओं में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन किसी को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अपने जवानों की निंदा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सैनिकों के लिए पिटाई शब्द का इस्तेमाल कर उनका अपमान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना चीन को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर एकतरफा तरीके से यथास्थिति नहीं बदलने देगी।

लोकसभा में समुद्री जलदस्युता रोधी विधेयक, 2019 पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की टिप्पणियों पर जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा, यदि चीन के प्रति भारत का रुख उदासीन होता तो सीमा पर सेना को किसने भेजा, हम चीन पर सैनिकों की वापसी के लिए दबाव क्यों बनाते और हम सार्वजनिक रूप से क्यों कहते कि हमारे संबंध सामान्य नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश के जवान यांगत्से में 13 हजार फुट की उंचाई पर डटे हैं और सीमा की सुरक्षा कर रहे हैं। जयशंकर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक बयान की ओर परोक्ष इशारा करते हुए कहा, जवानों के लिए पिटाई शब्द का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। उनका अपमान नहीं होना चाहिए। जवानों का सम्मान, आदर होना चाहिए और उनकी सराहना होनी चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा कि राजनीतिक मतभेद और आलोचनाएं हो सकती हैं, उसमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन हमें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अपने जवानों की निंदा नहीं करनी चाहिए। ज्ञात हो कि राहुल गांधी ने पिछले सप्ताह जयपुर में संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया था कि चीन ने भारत के 2,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया, 20 भारतीय जवानों की जान ले ली और अरुणाचल प्रदेश में हमारे जवानों की पिटाई कर रहा है।जयशंकर ने जी 20 की अध्यक्षता के संबंध में चौधरी के एक बयान पर जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक के दायरे से बाहर का विषय है, लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि इस समय दुनिया भारतीय नेतृत्व की ओर निहार रही है। दुनिया भारत के नेतृत्व को महत्व देती है। कोई चीज बारी-बारी से मिल रही है, इसका अर्थ यह नहीं है कि उसका कोई महत्व नहीं है। इससे पहले चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस नेता चौधरी ने कहा था कि जी 20 की भारत की अध्यक्षता का महिमामंडन किया जा रहा है और इसे लेकर दुष्प्रचार किया जा रहा है, जबकि इसके सदस्यों को बारी-बारी से अध्यक्षता मिलती है। जयशंकर ने यह भी कहा, मैं सदन को सूचित करना चाहता हूं कि मैं न्यूयॉर्क में संयुक्त सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता के लिए गया था। यह भारत के लिए गर्व की बात है। संरा सुरक्षा परिषद में सुधार और आतंकवाद निरोधक कार्रवाई दोनों ही महत्वपूर्ण विषय है।

# राज्यसभा में विपक्ष का विरोध जारी

- चीन के मुद्दे पर सभापति ने चर्चा की नहीं दी अनुमति, कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने किया वॉकआउट

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली



**अरुणाचल** प्रदेश में चीनी घुसपैठ की कोशिश के मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर कांग्रेसके नेतृत्व में विपक्ष ने सोमवार को भी रा%यसभा में विरोध प्रदर्शन जारी रखा। सभापति ज\फदीप धनखड़ के सुबह के समय ही एक बार फिर इस मुद्दे पर बहस की अनुमति नहीं दी। इसके बाद विपक्ष ने सदन से वाकआउट कर दिया।

दोपहर के भोजन के बाद जब विनियोग (नंबर 5) विधेयक, 2022 और विनियोग (संख्या 4) विधेयक, 2022 पर विचार करने के लिए उ%च सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो इस दौरान पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने सवाल पूछा कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बाली में संक्षिप्त बातचीत के दौरान सीमा की स्थिति पर चर्चा हुई, इसे लेकर फिर कांग्रेस सदस्यों और सत्ता पक्ष के बीच बहस हो गई। इस दौरान कार्यवाही को 15 मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा, क्योंकि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण उपस्थित नहीं थीं। कांग्रेस सांसद और सदन में नेता विपक्ष एम मल्लिकार्जुन खड़ग बीते 9 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग में चीनी घुसपैठ की कोशिश के मुद्दे पर बहस के लिए अन्य कामकाज को दिनभर के लिए टालने पर जोर दे रहे थे। लगातार हंगामे के बीच सभापति धनखड़ ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कार्यवाही में व्यवधान से अ%छा संकेत नहीं जा रहा है और उन्होंने कुछ सांसदों को अपने कक्ष में मिलने के लिए बुलाया। विपक्ष की मांग को खारिज करते हुए सभापति ने कहा कि इस मुद्दे पर चर्चा के लिए नोटिस नियमों के अनुसार तैयार नहीं किए गए। मुझे बहुत दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि सदन की कार्यवाही में 13, 15 और 16 दिसंबर को 100 मिनट से %यादा का व्यवधान पड़ा है। यह अ%छा संकेत नहीं है।

खड़गे ने दावा किया कि चीन ने भारतीय भूमि पर कब्जा कर लिया है और वह वहां पुल बना रहा है। इसलिए यह मुद्दा राष्ट्रीय महत्व का है और इस पर चर्चा होना जरूरी है। इस पर सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने खड़गे का विरोध करते हुए कहा कि उपसभापति हरिवंश ने पिछले सप्ताह संवेदनशील मुद्दों पर पिछले उदाहरण दिए थे, जिन पर चर्चा नहीं की गई।

बाद में जब चिदंबरम ने पिछले महीने जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान बाली में जिनपिंग के साथ मोदी की संक्षिप्त बातचीत के वीडियो का उल्लेख किया, तो सत्ता पक्ष ने यह आरोप लगाते हुए विरोध जताया कि वह पूरक अनुदान पर चर्चा से भागने के लिए यह मुद्दा उठा रहे हैं। धनखड़ ने चिदंबरम से वीडियो को बाद में सदन के पटल पर रखने को कहा। भाजपा के जीवीएल नरसिम्हा राव ने नियम 110 के तहत एक व्यवस्था के प्रश्न के माध्यम से चिदंबरम की मांग पर आपत्ति जताई।

हालांकि, चिदंबरम ने जोर देकर कहा कि वह अपने अधिकारों के दायरे में रहकर ही यह सवाल उठा रहे हैं, क्योंकि अनुदान की पूरक मांगों में पूर्वोत्तर में रणनीतिक और सीमावर्ती सड़कों के लिए रक्षा पूंजीगत व्यय के लिए 500 करोड़ रुपये शामिल थे। ये पूर्वोत्तर रा%यों में रणनीतिक और सीमावर्ती सड़कें हैं। हम जानते हैं कि देश के पूर्वोत्तर, उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में खतरा कौन बना हुआ है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या चीन ने हॉट स्प्रिंग्स पर कुछ भी स्वीकार किया है? क्या चीन डोकलाम जंक्शन और देपसांग में संघर्ष वाले बिंदुओं पर चर्चा करने के लिए सहमत हुआ है। उन्होंने भारत-चीन सीमा पर बफर जोन पर भी सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।

# शुरू हो गया घने कोहरे का कहर

- सीएम ने जनहानि रोकने के उपाय करने के दिए निर्देश
- दृश्यता का स्तर घटने से प्रदेश के कई जिलों में वाहनों के बीच हुई भिड़ंत
- सुरक्षित यात्रा के दृष्टिगत यातायात नियमों का पालन करने की अपील

**पायनियर समाचार सेवा ।** लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** में घने कोहरे का कहर शुरू हो गया है। कोहरे के चलते राज्य के कई जिलों में सोमवार को तड़के हादसे हुए हैं। राजधानी लखनऊ भी कोहरे के प्रकोप से अछूती नहीं रही। यहां पर भी कोहरे का साफ असर सुबह नौ बजे तक दिखाई दिया। जिससे मार्निंग वॉकरर्स, छात्र-छात्राओं और नौकरी-पेशे पर निकलने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम के इस बदलते रुख और घने कोहरे के चलते शुरू हुई सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होने वाली जनहानि को रोकने के लिए लोगों से यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्दियों में कोहरे के प्रकोप के कारण सड़क दुर्घटना होने की सम्भावनाएं बढ़ जाती हैं। अत: सभी लोग सुरक्षित यात्रा के दृष्टिगत यातायात के नियमों का पालन करें। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा सड़क सुरक्षा के लिए अंतर्विभागीय समन्वय के साथ कार्ययोजना संचालित किए जाने के सभी जिम्मेदार विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

सर्दी के इस मौसम में सोमवार को तड़के लखनऊ सहित प्रदेश के कई शहरों में पहली बार घना कोहरा छाया रहा। जिससे दृश्यता का स्तर घटकर तकरीबन 25 से 50 मीटर के करीब रह गया। मौसम विज्ञानियों के अनुसार कोहरे का असर आगामी तीन दिनों तक यूं ही रहेगा। विशेषज्ञों ने बताया कि मौसम में बदलाव के पीछे पश्चिती विक्षोभ गुजर कर पहाड़ों की ओर चले गए हैं, जो काफी ऊंचाई पर है। इसका असर लखनऊ में दिखाई दे रहा है। सोमवार को दिन का तापमान 23 डिग्री रहा है, जो सामान्य से मात्र एक डिग्री सेल्सियस कम है। वही, शहर का न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। यह सामान्य से एक डिग्री अधिक है। बदलते मौसम का ही परिणाम है कि सोमवार को प्रदेश के कई जिलों में आधा दर्जन सड़क हादसे हुए। इनमें औरैया जिले में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे सहित आधा दर्जन अन्य जिलों में गंभीर सड़क हादसे हुए। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तड़के आधा दर्जन गाड़ियों की आपस से भिड़त हो गई। जिससे दो लोगों की मौत और एक दर्जन लोग घायल हो गए। इसके साथ ही हाथरस के सिकंदरामऊ कोतवाली क्षेत्र में भी सोमवार तड़के कोहरे के चलते कई वाहन टक्करा गए। जिससे कई लोग चोटिल हुए।


## 1971 भारत-पाक युद्ध : लोंगेवाला के नायक का जोधपुर में निधन

**जोधपुरानई** दिल्ली। राजस्थान की लोंगेवाला चौकी पर 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अदम्य साहस और असाधारण वीरता दिखाने वाले सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पूर्व जवान (सैनिक) भैरों सिंह राठौड़ का सोमवार को जोधपुर में निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। भारत-पाकिस्तान के इस युद्ध पर बनी बॉलीवुड की लोकप्रिय फिल्म बॉर्डर में अभिनेता सुनील शेट्टी ने उनका किरदार निभाया था। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक ट्वीट किया, जांबाज भैरों सिंह राठौड़ ने आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)-जोधपुर में अंतिम सांस ली। बीएसएफ के महानिदेशक और सभी रैंकों के अधिकारियों ने 1971 के युद्ध के दौरान लोंगेवाला युद्ध के हीरो एवं सेना पदक से सम्मानित नायक (सेवानिवृत्त) भैरों सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। बीएसएफ उनकी बहादुरी, साहस और कर्तव्य के प्रति समर्पण को सलाम करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भैरों सिंह राठौड़ के निधन पर दुख जताया है।

# अरुणाचल में एलएसी के पास सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहा चीन

## लड़ाकू विमान और ड्रोन कर रहा है तैनात

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली



**अरुणाचल** प्रदेश में हाल ही में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प के बाद कहा जा सकता है कि सीमा पर हालात स्थिर हैं लेकिन चीन तवांग की दूसरी तरफ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पास अपने अग्रणी लड़ाकू विमानों को तैनात कर रहा है। चीन के इस आक्रामक मंसूबे को देखते हुए भारतीय सुरक्षा एजेसियों ने भी वहां सारे उपाय किए है तथा पूरी तरह से सतर्क हैं।

आईएएफ ने अरुणाचल प्रदेश समेत पूर्वी इलाके में एक बड़ा अभ्यास सत्र चलाया था। इसके पीछे उसका मकसद अपनी युद्धक तैयारियों को अपडेट रखना था। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि इस गहन ड्रिल में 40 से अधिक विमानों ने भाग लिया था तथा इसका तवांग में हुई झड़प से कोई लेना-देना नहीं था क्योंकि इसकी तैयारी काफी पहले की गई थी। सेटेलाइट तस्वीरों के मुताबिक 14 दिसंबर को चीन अपने लड़ाकू विमानों तथा अत्याधुनिक ड्रोन को अरुणाचल प्रदेश के विपरीत तिब्बत के पठारों पर स्थित अपने एयरबेस पर ले आया है। अरुणाचल प्रदेश से 150 किमी उत्तरपूर्व में स्थित चीन के बांगदा एयरबेस पर अत्याधुनिक डब्ल्यूजेड-7 'सोएरिंग ड्रेगन' ड्रोन को देखा जा सकता है। आधिकारिक रूप से इसे पहली बार 2021 में लांच किया गया था। सोएरिंग ड्रैगेन 10 घंटे तक नॉन स्टाप उड़ान भर सकता है। यह जासूसी, निगरानी समेत कई अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। यह डाटा ट्रांसमिट कर क्रूज मिसाइलों को हवा से जमीन में मार करने में सक्षम बना सकता है।हाई रिज्योल्यूशन के फोटोग्राफ से यह भी पता चलता है कि फ्लैनकर जैसे लड़ाकू जेट भी यहां तैनात किए गए हैं। ये भारतीय वायुसेना द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले रूस में बने एसयू-30एमकेआई के चीनी संस्करण हैं। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि चीन ने नवीनतम तैनाती में महत्वपूर्ण तरीके से क्षेत्र में अपनी हवाई क्षमता को और मजबूत किया गया है। बांगदा की तस्वीरें और पिछले हफ्ते अरुणाचल प्रदेश में वायुसेना के अभ्यास का यह संयोग इस बात का संकेत करता है कि चीन आईएएफ की रणनीति तथा भारतीय राडारों का पता लगाने और महत्वपूर्ण डाटा हासिल करने की कोशिश कर रहा है जिससे कि जंग की स्थिति में आईएएफ को जवाबी कार्रवाई में इसका इस्तेमाल किया जा सके।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,806 ⬇ 468 | |
| निफ्टी | 18,420 ⬇ 151 | |
| सोना | 54,652 ⬆ 231 | /10g |
| चांदी | 68,255 ⬇ 784 | /kg |

## क्विक न्यूज

### इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प, तीन छात्र घायल

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में सोमवार को आंदोलन कर रहे विद्यार्थियों और सुरक्षाकर्मियो के बीच झड़प मे तीन छात्र घायल हो गए। सुरक्षाकर्मियो के साथ झड़प के बाद आक्रोशित छात्रो ने विश्वविद्यालय परिसर मे दो मोटरसाइकिल में आग लगा दी। हालांकि दमकल कर्मियो ने इन वाहनो मे लगी आग को बुझा दिया। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने बताया पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि यहां विश्वविद्यालय मे सुरक्षाकर्मियो और छात्रो के बीच झड़प हो गई है जिसके बाद यहां पहुंचे पुलिस बल ने स्थिति को काबू कर लिया है। उन्होने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर मे दो मोटरसाइकिल में आग लगा दी गई थी जिसे दमकल कर्मियो ने बुझा दिया।।

# फ्रांस दूतावास से 64 शेंगेन वीजा संबंधी दस्तावेज गायब

**भाषा ।** नई दिल्ली

**फ्रांस** दूतावास से ऐसे 64 लोगों की शेंगेन वीजा से संबंधित फाइल गायब हो गई हैं, जिन्हें कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वीजा जारी किया गया था। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित वीजा धोखाधड़ी मामले में यहां फ्रांसीसी दूतावास के दो पूर्व कर्मचारियों समेत कई लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। एजेंसी ने आरोप लगाया था कि दूतावास के वीजा विभाग के पूर्व कर्मचारियों शुभम शौकीन और आरती मंडल ने जनवरी से मई के बीच अन्य लोगों के साथ साजिश रचकर धोखाधड़ी से उन लोगों को वीजा जारी किए जो उसके पात्र नहीं थे। वीजा संबंधी मंजूरी देने के लिए उन्होंने लोगों से कथित तौर पर प्रति वीजा 50 हजार रुपए लिए और 32,00,000 रुपए कमाए। अधिकारियों ने बताया कि शौकीन और मंडल ने एक जनवरी से छह मई के बीच वीजा संबंधी 484 फाइल पर काम किया, जिसमें से 64 फाइल उन लोगों से जुड़ी थी जिनके कथित तौर पर देश छोड़कर जाने का खतरा अधिक था। इनमें पंजाब के युवा किसान या बेरोजगार लोग शामिल हैं जिन्होंने पहले कभी विदेश यात्रा नहीं की और जो शेनेगन वीजा हासिल करने के पात्र नहीं थे। एजेंसी को संदेह है कि मंडल और शौकीन ने कथित तौर पर अपनी गैरकानूनी गतिविधियों के सबूत मिटाने के लिए वीजा विभाग से दस्तावेज व फाइल नष्ट कर दीं। सीबीआई ने इस सिलसिले में गत शुक्रवार को दिल्ली, पटियाला, गुरदासपुर और जम्मू में छापेमारी की थी। इस दौरान कई दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जैसे लैपटॉप, मोबाइल फोन और संदिग्ध पासपोर्ट आदि बरामद किए गए।

# लोगों ने मस्क से कहा- छोड़ दो ट्विटर

- सोशल मीडिया साइट के सीईओ बने रहने या पद छोड़ देने के बारे में मस्क ने मांगी थी राय
- सर्वे में शामिल हुए 57 प्रतिशत उपयो\फकर्ताओं ने प्रमुख पद से हटने के पक्ष मे वोट किया

**एजेंसी ।** न्यूयार्क







**हाल** ही में ट्विटर को खरीदने वाले एलन मस्क को लोग इस साइट के सीईओ पद पर नहीं देखना चाहते। ट्विटर प्रमुख एलन मस्क ने ट्विटर उपयोगकर्ताओं से इसे लेकर एक सर्वेक्षण में वोट करने के लिए कहा था कि उन्हें सोशल मीडिया साइट के अध्यक्ष का पद छोड़ देना चाहिए या नहीं। इस पर ट्विटर उपयोग कर्ताओं ने मस्क के पद से हटने के पक्ष में वोट किया। सीएनएन ने बताया कि 51 वर्षीय अरबपति ने अपने 12.2 करोड़ फॉलोअर्स से पूछा था कि क्या उन्हें पद छोड़ देना चाहिए, जिस पर कुल 57.5 प्रतिशत ने हां में जवाब देते हुए वोट किया। सीएनएन ने बताया कि सर्वेक्षण के लिए मतदान रविवार शाम को शुरू हुआ और सोमवार सुबह समाप्त हुआ। इस अनूठे सर्वे में 1.7 करोड़ से अधिक वोट डाले गए और अधिकांश उत्तरदाताओं ने हां में जवाब दिया। मस्क ने वोट के परिणाम पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। मस्क ने लोगों से यह अपील ऐसे समय की है, जब सोशल मीडिया कंपनी के विवादास्पद नीतिगत बदलावों के परिणामस्वरूप कंपनी के भीतर व्यापक उथल-पुथल मची हुई है। मस्क ने अपने 12.2 करोड़ फॉलोअर्स से इस विषय पर सर्वेक्षण में शामिल होने की अपील करते हुए रविवार को ट्वीट करते हुए पूछा था कि क्या मुझे ट्विटर के प्रमुख के पद से इस्तीफा दे देना चाहिए? सोच-समझ कर वोट कीजिएगा, मैं इस सर्वेक्षण के परिणामों का पालन करूंगा। मस्क ने बाद में एक अन्य ट्वीट में कहा था कि आप वोट करते समय सावधानी बरतें, क्योंकि आप जो चाहते हैं, वह आपको प्राप्त हो सकता है। दुनिया की सबसे मशहूर सोशल मीडिया साइटों में एक ट्विटर को 44 अरब अमेरिकी डालर में खरीदने और अक्टूबर के अंत में इसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में पदभार संभालने के बाद से 51 वर्षीय उद्योगपति के कई फैसलों से एक के बाद एक, कई विवाद खड़े हो चुके हैं। मस्क ने ट्विटर पर यह भी घोषणा की कि आगे बढ़ने के विषय पर बड़े नीतिगत बदलावों पर भी सर्वेक्षण किया जाएगा। बीबीसी ने बताया कि यह सर्वेक्षण ऐसे समय सामने आया है, जब ट्विटर का कहना है कि वह ऐसे अकाउंट को बंद कर देगा, जो केवल अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को बढ़ावा देने के लिए बनाए गए हैं।

# 55 गांवों में बनेगा फ्रेट कॉरिडोर-कार्गो हब

## यमुना अथॉरिटी ने सरकार को भेजा बुलंदशहर-खुर्जा के 55 गांव के अधिग्रहण का प्रस्ताव

● इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास स्मार्ट सिटी और इंडस्ट्रियल क्लस्टर विकसित करने की योजना

### बुलंदशहर जिले के गांव

भौंरा, सलौनी उर्फ रौनी, मकरंदपुर उर्फ फतेहपुर, वैर बादशाहपुर, अरौड़ा, फतेहपुर जादौन, घनौरा, नूरपुर, निठारी, गंगरौल, कादरपुर।

### खुर्जा विकास प्राधिकरण के तहत आए गांव

शेखपुर माम, दाउदपुर, सलेमपुर मजरा दस्तूरा, दस्तूरा, खंडपूरा, भगवानपुर, हसनपुर लड़ूकी, बीघेपुर, बीछट सुजानपुर, मोहम्मद पुर मजरा बीछट, अख्तियारपुर, सनोता सफीपुर, भाईपुर, लालपुर ममरेजपुर, शहजादपुर कनेनी, ताजमाबाद, सारंगपुर, नगला रूमी, आसफ पुर, सिरयाल शाहपुर कला, गोठनी, भिंडोर, फिरोजपुर, अहरौली, औरंगा, भादवा, रामगढ़ी, जाफर नगर गदाईपुर, जाहिदपुर कला, गंगथला, कलंदर गढ़ी, क्वारसी, जाहिदपुर खुर्द, सुल्तानपुर, इस्माईलपुर बुधैना, इब्राहिमपुर जुनैदपुर, समसपुर, कमालपुर मजरा भदौरा, इनायतपुर उर्फ मधुपुरा, भदौरा, खबरा।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

बुलंदशहर विकास प्राधिकरण व खुर्जा विकास प्राधिकरण के 55 गांवों को वहां से हटाकर यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी में शामिल किया जा रहा है। इसके लिए तीनों विकास प्राधिकरणों ने सहमति और प्रस्ताव राज्य सरकार को भेज दिए हैं। सोमवार को यह जानकारी यमुना अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि ये 55 गांव बुलंदशहर जिले की खुर्जा और सिकंदराबाद तहसीलों हैं।

इन 55 गांवों के इलाके में ईस्टर्न और वेस्टर्न रेलवे फ्रेट कॉरिडोर व नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का कार्गो.लॉजिस्टिक्स हब बनाया जाएगा। यमुना अथॉरिटी के सीईओ ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर और बुलंदशहर जनपद के 171 गांव यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में हैं। यह पूरा इलाका राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल है। जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के आसपास स्मार्ट सिटी, कार्गो और लॉजिस्टिक्स हब, मेडिकल डिवाइस पार्क, टॉय पार्क व बड़े.बड़े इंडस्ट्रियल क्लस्टर विकसित किए जाने हैं। इन सब परियोजनाओं के लिए जमीन की आवश्यकता है। सीईओ ने आगे कहा कि दिल्ली.कोलकाता इंडस्ट्रियल रेलवे कॉरिडोर से यमुना प्राधिकरण का अधिसूचित क्षेत्र 5 किलोमीटर दूर है। जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास बड़ा कार्गो हब बनेगा। लॉजिस्टिक्स हब बनाया जाएगा।

इसकी कनेक्टिविटी रेलवे फ्रेट कॉरिडोर से होनी बेहद जरूरी है। इसे ध्यान में रखते हुए बुलंदशहर.खुर्जा विकास प्राधिकरण के इन गांवों को यमुना प्राधिकरण के दायरे में शामिल करना जरूरी था। आपको बता दें कि इन 55 गांवों को बुलंदशहर और खुर्जा विकास प्राधिकरण से निकालकर यमुना प्राधिकरण में शामिल करने की सैद्धांतिक मंजूरी राज्य सरकार ने दे दी है।

इसे लेकर 3 साल पहले मंत्री परिषद में निर्णय लिया जा चुका है। अब फैसले पर अंतिम मुहर लगाने के लिए यमुना प्राधिकरण की ओर से प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। उम्मीद है कि अगले एक पखवाड़े में राज्य सरकार सहमति दे देगी।

# नाबालिग से गैंगरेप में 3 गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में एक नाबालिग लड़की से सामूहिक बलात्कार करने के मामले में पुलिस ने सोमवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शोएब, वसीम और एक नाबालिग है। दो दिन पहले किशोरी ने शिकायत की थी। उसने बताया था कि प्रेमी ने होटल के कमरे में बुलाकर उसके साथ गैंगरेप किया था।

थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि पडोस में रहले वाले एक आरोपी वसीम ने किशोरी का जबरदस्ती अपहरण किया। उसे कमरे में बंद कर, दुष्कर्म व मारपीट की गयी। युवती का आरोप है कि वहां मौजूद वसीम, शोएब सहित चार लोगों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि किशोरी के परिजनों की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। किशोरी को मेडिकल कराया जा रहा है। वहीं आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जा रहा है। नोएडा के ही एक अन्य गांव में रहने वाली किशोरी को अगवा कर उसके साथ बलात्कार के आरोप में एक व्यक्ति को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि गांव में रहने वाली किशोरी को एक युवक ने एक माह पूर्व बहला.फुसलाकर अगवा कर लिया था।

## जेवर से अगवा छात्रा हरियाणा में मिली

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जेवर से एक नाबालिग लड़की का अपहरण करीब 7 दिन पहले हो गया था। पुलिस ने इस मामले में अब रविवार की देर शाम को लड़की को बरामद कर लिया है। ग्रेटर नोएडा पुलिस ने छात्रा को हरियाणा बॉर्डर के झुप्पा से बरामद किया है। पुलिस ने लड़की का अपहरण करने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। जिसको कोर्ट के सामने पेश करके जेल भेज दिया गया।

जेवर थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि नाबालिग छात्रा के अपहरण को लेकर पुलिस में 3 टीमों का गठन किया था। इस मामले में पीड़ित परिवार ने विकास उर्फ जयप्रकाश निवासी कानीग के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने अब 7 दिनों की लंबी तलाश के बाद नाबालिग छात्रा को हरियाणा बॉर्डर से बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी विकास को भी गिरफ्तार कर कोर्ट के सामने पेश किया, जहां से उसको जेल भेज दिया गया है। आपको बता दें कि इससे पहले रविवार की सुबह लड़की के परिजनों ने इस मामले को लेकर जेवर कोतवाली का घेराव किया था। इस दौरान पुलिस और पीड़ित परिजनों के बीच नोकझोंक भी हो गई थी।

# ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर हादसा

● कोहरे के चलते दो गाड़ियों की टक्कर में 2 लोग हुए घायल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर कोहरे की वजह से हादसा हो गया। पेरीफेरल पर कम विजिबिलिटी होने के चलते दो गाड़ियां आपस में टकरा गई। इस दौरान दोनों गाड़ियों में सवार 2 लोग घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिये भेजा गया है। जिनको प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है और ना ही किसी को गंभीर चोट आई है।

दादरी थाना क्षेत्र के ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसव कोहरे के चलते एक सियाज और ऑल्टो गाड़ी आपस में टकरा गई। इन गाड़ियों में सवार 2 लोग घायल हो गए। जिनको नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। हालांकि दोनों गाड़ियों में सवार लोगों को गंभीर चोट नहीं आई है। यह लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं लेकिन इस हादसे में दोनों गाड़ियां आगे से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों गाड़ियों को साइड हटाकर यातायात को सुचारु करने में जुट गई। गौरतलब है कि आज ग्रेटर नोएडा में घना कोहरा छाया हुआ है, जिसकी वजह से विजिबिलिटी काफी कम है। ऐसे में लोगों को वाहनों को चलाने में परेशानी हो रही थी और कम विजिवलटी होने के चलते ही ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर यह हादसा हो गया। पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारू कर दिया गया है । दादरी थाना प्रभारी उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर दो गाड़ियां आपस में टकराई थी। जिनमें दोनों चालक मामूली रूप से घायल हुए हैं।

## वार्ड परिसीमन सुनवाई पर सभी की नजरें टिकीं

**गाजियाबाद।** नगर निकाय चुनाव को लेकर सब की नजरें आज होने वाली कोर्ट की सुनवाई पर लगी हैं। कल होने वाली सुनवाई से ही तय होगा कि प्रदेश में नगर निकाय चुनाव होंगे या फिर और पीछे जाएंगे।

नगर निकाय चुनाव कराने की प्रदेश सरकार तैयारी में लगी है। वहीं, दूसरी ओर बड़ी संख्या में वॉर्ड परिसीमन तथा वॉर्ड आरक्षण को लेकर काफी विवाद चला आ रहा है। इसी विवाद के चलते ही बड़ी संख्या में विवाद अब कोर्ट तक पहुंच गया है। गाजियाबाद में ही दो वॉर्ड के आरक्षण को लेकर विवाद चल रहा है। इनमें वार्ड नंबर 1 के आरक्षण को लेकर याचिका दायर की गई है।

# ऑनलाइन ठगी करने वाले गैंग के 9 सदस्य गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

एडीसीपी क्राइम ज्ञानेंद्र सिंह की टीम ने ऑनलाइन ठगी करने वाले साइबर गैंग के नौ शातिर क्रिमिनलों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस सुत्रों के मुताबिक साइबर क्राइम करने वाले गैंग का मास्टर माइंड का नाम जितेंद्र निवासी झारखड है। यह गैंग अब तक हजारों लोगों को अपना शिकार बनाकर करोड़ों की ठगी कर चुका है, वहीं इस गिरोह का नेटवर्क कई सूबों तक फैला हुआ है। पुलिस की गिरफ्त में आये नौ हाईटैक ठगों की निशानदेही पर साइबर क्राइम या ऑन लाइन फ्रॉड में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री, मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर, बैंकिंग के जाली दस्तावेज व नगदी के अलावा अन्य सामान बरामद हुआ। पुलिस सूत्रों का कहना है कि अभी भी इस गैंग के कई और साइबर क्रिमिनल फरार चल रहे हैं। यह गैंग दिल्ली एनसीआर सहित कई सूबों में लोगों को झांसे में लेकर उनसे ऑनलाइन ठगी करता है। पुलिस की कई टीम इस गैंग के फरार चल रहे साइबर क्रिमिनलों की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी हुई थीं।

## संक्षिप्त समाचार



फिजियो गाइड कांफ्रेंस में शैफाली सूद से अवार्ड प्राप्त करते डॉ. मुबारक हुसैन।

### यशोदा अस्पताल के डॉ. मुबारक हुसैन सम्मानित

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कौशांबी स्थित यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के फिजियोथेरेपी डिपार्टमेंट के प्रमुख डॉ. मुबारक हुसैन को बेस्ट क्लिनिकल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ. मुबारक को यह सम्मान अलीगढ़ मे आयोजित फिजियो गाइड कांफ्रेंस की विशिष्ट अतिथि वर्ष 20219 की मिस इंडिया दिवा मिस शैफाली सूद 2019 द्वारा दिया गया। इस कांफ्रेंस में 700 से अधिक फिजियेथेरेपिस्ट डॉक्टरों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पुलिस के डीआईजी दीपक कुमार थे। डॉ. मुबारक हुसैन ने अवार्ड प्राप्त करने पर खुशी जाहिर की और कहा कि यह अवार्ड उन्हें यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी में उपलब्ध उच्च कोटि की फिजियोथेरेपी सेवाओं की उपलब्धता की वजह से मरीजों को अच्छी सुविधायें प्रदान कर पाने के कारण मिला है।

### पुलिस उत्पीड़न को लेकर ई रिक्शा चालकों का प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** किसान सेना अराजनैतिक के बैनर तले ई.रिक्शा चालकों ने नवयुग मार्किट स्थित अम्बेडकर पार्क में प्रदर्शन किया। ई.रिक्शा चालकों का आरोप है कि रजिस्ट्रेशन होने के बाद भी पुलिस द्वारा उन्हें परेशान किया जा रहा है। ई.रिक्शा को पुलिस बेवजह पकड़ कर बंद कर रही है। ई.रिक्शा चालकों ने डीएम के नाम ज्ञापन देकर इस कार्रवाई का विरोध जताया। प्रदर्शन करने के लिए चालक अम्बेडकर पार्क में एकत्र हुए। सेना के जिलाध्यक्ष आरिफ अली ने बताया कि अतिक्रमण के नाम पर ई.रिक्शा चालकों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। उनसे अवैध उगाही की जाती है और जो विरोध करता है उसका रिक्शा जब्त कर दिया जाता है। सिटी मजिस्ट्रेट गंभीर सिंह नवयुग मार्केट पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से ज्ञापन लिया। उन्होंने समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया। प्रदर्शन करने वालों में मौ शाहनवाज, कुरैशी, नौशाद सलमानी, शकील समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

### स्वास्थ्य अधिकारी का विवाद शासन तक पहुंचा

**गाजियाबाद।** विजिलैंस जांच के दौरान भी नगर निगम में हेल्थ अफसर की सीट पर जमे डॉ मिथलेश कुमार के खिलाफ शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंच गई है। माना जा रहा है कि इस मामले में जल्दी ही कार्रवाई हो सकती है। इस संबंध में एक शिकायती पत्र प्रदेश सरकार को भेजा गया था। वहां से शिकायत का यह लेखाजोखा डीएम के माध्यम से नगर निगम को मिला है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में अज्ञात शिकायतकर्ता ने बताया कि डॉ मिथिलेश कुमार नगर निगम में हेल्थ अफसर पद पर तैनात है। गत दिनों उनके खिलाफ भी एक प्रकरण में विजलैंस की जांच शुरू की गई है। इस मामले में मेरठ विजलैंस की ओर से मेरठ में जो थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। उमसें भी नगर निगम के हेल्थ अफसर डॉ मिथिलेश कुमार का नाम आरोपियों की सूची में शामिल है।

# गाजियाबाद में प्लंबर को गोली मार कर लूटी बाइक व नगदी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

टीला मोड़ थाना क्षेत्र में स्थित शालीमार सिटी सोसायटी के पास बेखौफ बदमाशों ने काम से लौट रहे एक प्लंबर के पैर में गोली मारकर उसकी बाइक, नगदी व मोबाइल समेत लाखों का माल भी लूट लिया।

शालीमार सिटी के एग्जिट गेट के पास हुई इस सनसनीखेज वारदात की सूचना मिलते ही टीला मोड़ थाने के एसएचओ भुवनेश्वर अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। इसके बाद पुलिस ने घायल प्लंबर को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाकर बदमाशों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये। पुलिस के मुताबिक प्लंबर का नाम धीरज निवासी गगन विहार है।

वारदात के संदर्भ में एसीपी पूनम मिश्रा का कहना है कि पुलिस द्वारा की गई प्राथमिक जांच में जो बात सामने आई है उससे पता चला है कि गगन विहार में रहने वाला धीरज प्लंबर का काम करता है। बीती रात वह अपने साथी के साथ नन्दनगरी से सीमापुरी पहुंचा और वहां पर दोनों ने शराब पी।

इसके बाद वे दोनों बाइक से अपने घर की ओर चल दिये। एसीपी ने बताया कि जब दोनों शालीमार सिटी के निकास द्वार के पास पहुंचे तो धीरज का साथी वहीं उतर गया। इसके बाद धीरज जब अपने घर जाने के लिये चला ते कुछ ही दूरी पर घात लगाए तमंचाधारी बदमाशों ने उसे रोककर उससे लूटपाट शुरू कर दी। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने धीरज को गोली मारकर घायल कर दिया।

## ज्वेलरी की दुकान से लाखों की चोरी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कौशांबी एरिया में बदमाशों ने दो ज्वेलरी शॉप पर धावा बोला। एक दुकान का शटर काटकर कई लाख रुपए के जेवरात और कैश चुरा ले गए। दूसरी शॉप में चोरी का प्रयास असफल रहा। नजदीक एक मकान में रहने वाले शख्स ने चोरी करते हुए लाइव वीडियो मोबाइल में शूट कर लिया। ये वारदात कौशांबी थाना क्षेत्र के भोवापुर में हुई। रात करीब 3 बजे छह, सात चोर श्वर्मा ज्वेलर्स पर पहुंचे। चोरों ने दुकान का शटर काट दिया। दो चोर अंदर दाखिल हो गए और बाकी मेंबर बाहर खड़े होकर आने, जाने वालों पर नजर बनाए रहे। दुकान के अंदर से चोर ज्वेलरी के डिब्बे निकालकर बाहर रखते रहे, जिन्हें बाहर खड़े चोर बैग में रखते गए। इस दौरान बाइक सवार दो राहगीर वहां से गुजरे, लेकिन उनको चोरों पर शक नहीं हुआ।

# मानसिक तनाव के चलते दो ने की आत्महत्या

● एक युवक ने लगाई फांसी तो दूसरे का शव संदिग्ध हालात में मिला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतम बुद्ध नगर में अलग-अलग घटना में दो लोगों ने मानसिक तनाव के कारण आत्महत्या कर ली। पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी ने बताया कि यहां एक सोसायटी में रहने वाले नितिन सुरी (22) ने सोमवार सुबह अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस दोनों मामले की जांच कर रही है।

एक अन्य घटना में थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के हबीबपुर गांव में रहने वाले 36 वर्षीय व्यक्ति ने मानसिक तनाव के कारण अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि मृतक का नाम बिरेश पाल है। उन्होंने बताया कि पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। वहीं, सेक्टर-39 थाना क्षेत्र की सदरपुर कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी राजीव वालियान ने बताया कि मृतक की पहचान विपिन कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा।

माना जा रहा है कि दोनों व्यक्ति घर से दूर होने के साथ अतिरिक्त दबाव के चलते यह कदम उठाया होगा। पुलिस सभी एंगल से मामले की जांच कर रही है।

## लूट व हत्या के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने लूट के दौरान युवक की हत्या करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से आला कत्ल चाकू, लूटी गई नकदी व मृतक के मोबाइल फोन और पासबुक बरामद किया है।

आरोपी से पूछताछ की जा रही है। बीते माह 8 नवंबर को गढ़ी समस्तीपुर में मोबाइल व मनी ट्रांसफर की दुकान चलाने वाले विजय सिंह की पुस्ता रोड पर बदमाशों ने हत्या कर दी थी। इस दौरान उसके पैसे व अन्य सामान लूटकर बदमाश फरार हो गए थे।

## गाजियाबाद से हुए गायब तीन छात्र ब्रजघाट में मिले

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के वेव सिटी इलाके से अगवा हुए तीनों छात्र हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर में मिल गए। वे ब्रजघाट गंगा पर पहुंच गए थे। पूरी रात वहीं बिताई। आखिर में एक बच्चे ने अपनी फैमिली को अनजान नंबर से कॉल कर दी। बस उसी नंबर से पुलिस उन्हें ट्रेस करती हुई ब्रजघाट तक जा पहुंची और तीनों को सकुशल बरामद कर फैमिली के सुपुर्द कर दिया।

वेव सिटी थाना क्षेत्र के गांव सादातनगर इकला निवासी यश नागर, विशाल नागर और यीशू नागर शनिवार शाम करीब छह बजे संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए।

# चेकिंग के दौरान पकड़े 3 शातिर झपटमार

● चोरी की बाइक से करते थे वारदात

● बारह मोबाइल और मोटरसाइकिल बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा की थाना फेस टू पुलिस ने 3 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल और अलग.अलग कंपनियों के 12 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। यह लोग चोरी की मोटरसाइकिल से लोगों के साथ छीना-झपटी और चोरी व लूट की वारदातों को अंजाम दिया करते थे।

फेस टू पुलिस के द्वारा सेक्टर 83 मेट्रो स्टेशन के पास चेकिंग की जा रही थी, तभी एक मोटरसाइकिल पर तीन संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया लेकिन वह लोग नहीं रुके और उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल को दौड़ा दिया। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उन लोगों को पकड़ लिया। जब उन लोगों से मोटरसाइकिल के कागजात मांगे गए तो उनके पास नहीं थे एजांच में पता चला कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है साथ ही उन लोगों की तलाशी ली गई। उनके कब्जे से 12 मोबाइल फोन भी बरामद हुए। पुलिस ने इस दौरान संजय, गौरव और प्रशांत को गिरफ्तार किया है।

इन लोगों ने पूछताछ में बताया कि यह मोटरसाइकिल इनके द्वारा गाजियाबाद के बारात घर के सामने से चोरी की गई थी। यह इस मोटरसाइकिल को मोबाइल छीनने में इस्तेमाल किया करते थे। यह सुनसान स्थानों पर लूटपाट करने के साथ ही राह चलते लोगों से मोबाइल छीन कर फरार हो जाया करते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से 12 मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।

# फ्लड लाइट में नोएडा स्टेडियम में होगा क्रिकेट मैच

## दर्शक दीर्घा में 30 हजार कुर्सियों के साथ 15 वीआइपी बाक्स भी लगाएगा प्राधिकरण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




नोएडा स्टेडियम परिसर में स्थित नोएडा क्रिकेट स्टेडियम में अब रात में भी छक्के-चौके लगेंगे। नोएडा प्राधिकरण द्वारा क्रिकेट मैदान पर फ्लड लाइट लगाई जाएंगी। साथ ही दर्शक दीर्घा में 30 हजार कुर्सियों के साथ 15 वीआइपी बाक्स लगाए जाएंगे। प्रैक्टिस पिच समेत अन्य सुविधाओं पर भी काम होगा। इसका टेंडर हो चुका है। जनवरी पर काम शुरू हो जाएगा।

नोएडा प्राधिकरण क्रिकेट स्टेडियम बड़े मैचों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। इसको देखते हुए मानकों के अनुसार सुविधाओं में विस्तार किया जा रहा है। इसमें फ्लड लाइट सबसे महत्वपूर्ण हैं। 40 हजार दर्शकों की क्षमता वाले नोएडा क्रिकेट स्टेडियम का इंफ्रास्ट्रक्चर अंतरराष्ट्रीय मैचों को देखते हुए तैयार किया गया था। लेकिन फ्लड लाइट सबसे बड़ी बाधा थी। इसके चलते प्राधिकरण आगे नहीं आ रहा था। अब स्टेडियम में फ्लड लाइट के लिए करीब 60 ऊंचाई के चार या छह टावर लगाए जाएंगे। बड़े मैचों में दर्शकों की आमद को देखते हुए पवेलियन और दर्शक दीर्घा पर भी काम होगा। दर्शक दीर्घा में 30 हजार कुर्सियां लगेगी। प्रत्येक कुर्सी का अलग नंबर होगा, जिससे भविष्य में टिकट वितरण में परेशानी न हो और दर्शकों को सीट नंबर के आधार पर प्रवेश दिया जा सके। दोनों पवेलियन में 15 वीआइपी बाक्स लगाए जाएंगे।

दोनों पवेलियन में एक.एक गैलरी व बालकनी भी होगी। स्टेडियम में रोशनी और बैठने के साथ स्कोरिंग और दूसरे संसाधनों पर भी काम होगा। डिजिटल और मैनुअल स्कोर बोर्ड लगाए जाएंगे। प्रैक्टिस के लिए छह पिच तैयार की जाएगी। पिच के अलावा आउटफील्ड हो भी बेहतर बनाया जाएगा।

## केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह का अभिनंदन

**गाजियाबाद।** हापुड़ जिले के गांव निजामपुर, अच्छेजा, सबली व रामपुर के निवासी काफी समय से एनएचएआई बाईपास के साथ.साथ सर्विल लाइन बनाने की मांग कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने जब इसकी मांग केन्द्रीय राज्यमंत्री सड़क मार्ग, परिवहन एवं नागरिक उड्डयन व सांसद जनरल वीके सिंह के समक्ष रखी तो उनके प्रयास से बाइपास के दोनों ओर से सर्विस लाइन बनने का काम शुरू हो गया।

करीब तीन करोड़ की लागत से चार किलोमीटर की सर्विस रोड बनाई जा रही है। सर्विस लाइन का काम शुरू होने पर क्षेत्रवाासियों ने केन्द्रीय राज्यमंत्री से मिलकर आभार जताया और फूल माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

# कोहरा बढ़ने से दृश्यता घटी, ठंड बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

दिल्ली एनसीआर में तेज ठंड के साथ कोहरे ने दस्तक दे दी है। सोमवार सुबह कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर से काफी कम रही। वाहनों की फ्लैश लाइट ऑन रही। वाहनों की रफ्तार भी काफी कम रही। हालांकि धूप निकलने के साथ कोहरा का असर कम होता गया। जिससे वाहन चालकों को राहत मिली। हालांकि आगामी दो दिनों तक सुबह कोहरा छाने की उम्मीद है।

बता दे एक दिन पहले ही नोएडा.ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस पर दो बसों की टक्कर से तीन लोगों की मौत हो गई थी। इसके अलावा एक अर्टिगा कार भी डिवाइडर से टकराकर पलट गई थी। हालांकि यमुना एक्सप्रेस वे की स्पीड लिमिट को कम कर दिया गया है। लेकिन अब तक नोएडा एक्सप्रेस की लिमिट को कम नहीं किया गया है। मौसम विभाग ने बताया कि पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के बाद दिल्ली एनसीआर में मौसम बदल रहा है। उत्तर भारत में रविवार से शीतलहर का दौर शुरू हो गया है। तापमान में गिरावट रहेगी। नोएडा में न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आगामी दो दिनों मे तापमान में एक दो डिग्री की और गिरावट होगी। वहीं दो दिनों तक वातावरण में बादल छाने की उम्मीद है। कोहरे के साथ नोएडा में वायु प्रदूषण भी बढ़ने लगा है। कोहरा के कारण वायु के कण हवा में ही जम गए है। ऐसे में सुबह नौ बजे तक एयर क्वालिटी इंडेक्स 373 रिकार्ड किया गया।

## गाजियाबाद में 11 बजे निकली धूप

**गाजियाबाद।** सप्ताह के पहले दिन की शुरुआत सीजन के पहले कोहरे के साथ हुई। सुबह से ही वातावरण में कोहरे की घनी चादर फैली दिखाइ दी। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी मौसम धुंधला और कोहरा रहेगा। सुबह 11 बजे के बाद ही लोगों को धूप के दर्शन पूरी तरह से हो सकेंगे। इस दौरान तापमान में भी गिरावट देखने को मिलेगी। सुबह घना कोहरा छाया रहा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

## लखनऊ स्मार्ट सिटी की 18वीं बोर्ड बैठक

# समय-सीमा में पूरा हो स्मार्ट सिटी का कार्य: मण्डलायुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्मार्ट सिटी** कार्यों का मंडलायुक्त द्वारा समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। भातखंडे संगीत संस्थान का डिजिटलीकरण, पुस्तकालय का सिविल कार्य, दिव्यांक पार्क का विकास, शहीद पथ का पुनरोद्धार एवं पर्यावरण निगरानी के लिए कैमरों की स्थापना कराने के निर्देश दिए। यही नहीं टेंडर कराए गए कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया गया। सोमवार को मण्डलायुक्त डा रोशन जैकब की अध्यक्षता में लखनऊ स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 18वीं बोर्ड बैठक लखनऊ स्मार्ट सिटी कार्यालय सभागार में हुई। स्मार्ट सिटी के तहत लखनऊ में कराये जा रहे विभिन्न कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से आज मण्डलायुक्त ने समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि जो भी कार्य लम्बित है उन कार्यों में तेजी लायी जाये।



मण्डलायुक्त ने विभिन्न प्रस्तावित परियोजनाओं की संस्तुति दी जिसमें भातखंडे संगीत संस्थान का डिजिटलीकरण, पुस्तकालय भातखंडे संगीत संस्थान का सिविल कार्य, शहीद पथ का पुनरोद्धार, शहरी सुविधा मनोरंजन केंद्र, सार्वजनिक पुस्तकालय अमीर.उद.दौला का संरक्षण, पुस्तकालय उन्नयन, दिव्यांग पार्क का विकास, योग पार्क का विकास (संख्या 2) पर्यावरण निगरानी के लिए कैमरों की स्थापना, गौतम बुद्ध पार्क, लखनऊ में हैप्पीनेस पार्क की डिजाइन, गोमती नगर में वेस्ट टू आर्ट पार्क (उत्तर प्रदेश दर्शन पर आधारित थीम) का डिजाइन, इंजीनियरिंग, विकास, संचालन और रखरखाव, क्लॉक टावर के सामने खुशबू पार्क का विकास, केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेल बुनियादी ढांचे का नवीनीकरण और विकास, नगरीय प्रशासन के लिए यूपी योग का कार्यान्वयन, निगरानी के लिए कॉल सेंटर की स्थापना के लिए एस आई का चयन, नगर पालिका सेवाएं, स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच परियोजना, एक एकीकृत सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म मिशन भरोसा के माध्यम से स्कूल वाहनों के साथ.साथ मालिकों चालकों और स्कूल वाहनों के परिचालकों का जिलावार पंजीकरण और सत्यापन, लखनऊ के साथ पार्टनरशिप में वेस्ट कंपोस्टिंग यूनिट लगाने के लिए 1090 राउंड में लाइटिंग प्रोजेक्ट आदि के सभी कार्य पूरा कराया जायेगा। मण्डलायुक्त एवं अध्यक्ष लखनऊ स्मार्ट सिटी लिमिटेड डॉ रोशन जैकब ने चालू परियोजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिये। जिन-जिन कार्यों के टेण्डर अभी तक पूर्ण नहीं कराये गये है उन परियोजनाओं के टेण्डर कराते हुये परियोजनाओं के कार्य पूर्ण कराये जाये। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, लखनऊ विकास प्राधिकरण (उपाध्यक्ष) इंद्रमणि त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी विपिन कुमार मिश्रा, अपर नगर आयुक्त पंकज सिंह सहित सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

# हर अधिकारी को मिला एक जोन, चलेगा दस दिवसीय अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अवैध प्लाटिंग** पर एलडीए द्वारा शिकंजा कसने की तैयारी शुरू हो गयी है। शहर में अवैध प्लाटिंग पर प्रभावी रोक लगाने के लिए अब वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में अभियंत्रण की टीम जोन वार सर्वे का कार्य करेगी। इसके लिए प्रत्येक अधिकारी को एक-एक जोन की जिम्मेदारी सौंपी गयी है, जो अपनी टीम के साथ 22 दिसम्बर से 10 दिवसीय अभियान चलाकर अवैध निर्माणों को चिन्हित करने का कार्य करेंगे। यह आदेश एलडीए वीसी द्वारा सोमवार को प्रवर्तन के कार्यों की समीक्षा बैठक में जारी किए गए हैं। सोमवार को एल डीए उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि अभी तक प्राधिकरण के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा अवैध निर्माणों को चिन्हित करते हुए कार्यवाही की जाती रही है। लेकिन, इसके बाद भी शहर में कई जगह अवैध निर्माण होने की शिकायतें मिलती हैं। इसको ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गयी है। इसके अंतर्गत सचिव, अपर सचिव, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, वित्त नियंत्रक एवं पीआईयू प्रोजेक्ट इम्पलीमेन्टेशन यूनिट में शामिल सदस्यों को एक.एक जोन की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। यह अधिकारी अभियंत्रण जोन के अधिशासी अभियंता व उनकी टीम के साथ सम्बंधित जोन में भ्रमण करके प्रचलित अवैध निर्माणों को चिन्हित करते हुए माइक्रो प्लान तैयार करेंगे। यह अभियान 22 दिसम्बर से शुरू होकर 10 दिन तक चलाया जाएगा। प्रत्येक टीम अपने जोन की रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, जिसमें देखा जाएगा कि प्रवर्तन में तैनात अभियंताओं द्वारा सर्वे में चिन्हित किये गये इन अवैध निर्माणों के खिलाफ कोई कार्यवाही की थी अथवा नहीं। अगर प्रवर्तन अनुभाग द्वारा इन अवैध निर्माणों में कार्यवाही नहीं की गयी थी तो उनसे जवाब तलब करते हुए जांच के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। सचिव पवन गंगवार, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, जोनल अधिकारी अरूण कुमार सिंह, डीके सिंह, राजीव कुमार, श्रद्धा चौधरी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुपरवाइजर करेंगे सात स्थलों का निरीक्षण

बैठक के दौरान उपाध्यक्ष ने सभी जोनल अधिकारियोंए सहायक अभियंताओं व अवर अभियंताओं से एक महीने में किये गये स्थल निरीक्षण का लेखा.जोखा मांगा। संतोषजनक कार्य न मिलने पर उपाध्यक्ष ने सभी को हिदायत देते हुए कहा कि सभी अवर अभियंता, सहायक अभियंता व जोनल अधिकारी उन्हें दिये गये लक्ष्य के मुताबिक अवैध निर्माण का स्थल निरीक्षण करते हुए नियमित रूप से उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। सुपरवाइजरों के भी कार्यों की समीक्षा की। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिये कि सभी सुपरवाइजर प्रत्येक दिन अपने क्षेत्र में न्यूनतम 7 स्थलों का निरीक्षण करेंगे, जिसकी प्रत्येक दिवस रिपोर्ट देनी होगी।

### लालबाग कार्यालय में शिफ्ट होगा प्रवर्तन अनुभाग

उपाध्यक्ष द्वारा यह निर्णय लिया गया कि अब से प्रवर्तन अनुभाग प्राधिकरण के लालबाग स्थित कार्यालय में शिफ्ट होगा। इसके लिए वहां प्रत्येक जोन के सात कमरे आवंटित किये जाएंगेए जिनमें सम्बंधित जोन के सहायक अभियंता व अवर अभियंता के साथ एक.एक कम्प्यूटर ऑपरेटर बैठेंगे तथा सुपरवाइजर भी वहीं रिपोर्ट करेंगे। प्रवर्तन में तैनात सभी अभियंताओं व कर्मचारियों की हाजिरी भी वहीं लगेगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रवर्तन कार्यों के संबंध में विहित प्राधिकारी की कोर्ट लालबाग कार्यालय में ही लगती है। प्रवर्तन अनुभाग के पूरी तरह वहां शिफ्ट हो जाने से अवैध निर्माण की नोटिस निर्गत करने आदि कार्यों में आसानी होगीए जिससे कार्य में तेजी आएगी।

# अजय मिश्रा टेनी के खिलाफ अपील पर फिर होगी सुनवाई

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**लखीमपुर खीरी** के बहुचर्चित प्रभात गुप्ता हत्याकांड मामले में सत्र अदालत के फैसले के खिलाफ दाखिल अपीलों पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में 21 दिसंबर को पुन: सुनवाई होगी। बीते 10 नवंबर को पीठ ने सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। सोमवार को पीठ ने कहा कि इस मामले में कुछ और बिन्दूओं का अभी स्पष्ट होना बाकी है। पीठ ने तय तारीख पर संबधित वकीलों को उपस्थित होने का निर्देश दिया है। जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस रेणु अग्रवाल की पीठ ने यह आदेश राज्य सरकार व इस मामले के वादी संतोष गुप्ता की ओर से दाखिल अपील पर दिया है। पीठ ने अपने आदेश में कहा है कि सुनवाई पूरी होने के पश्चात फैसला लिखाते समय यह उचित लगा कि कुछ अन्य बिंदुओं को और स्पष्ट होना चाहिए।

### यह है मामला

वर्ष 2000 में लखीमपुर खीरी के तिकुनिया इलाके में प्रभात गुप्ता की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। प्रभात गुप्ता समाजवादी पार्टी की यूथ विंग का सदस्य व लखनऊ विश्वविद्यालय का छात्र नेता था। जबकि अजय मिश्रा टेनी उस समय भी भाजपा से जुड़े थे। हत्या के इस मामले में अन्य मुल्जिमों के साथ ही अजय मिश्रा उर्फ टेनी को भी नामजद किया गया था। वर्ष 2004 में लखीमपुर खीरी की एक सत्र अदालत ने विचारण के पश्चात अजय मिश्रा व अन्य को पर्याप्त साक्ष्यों के अभाव में में बरी कर दिया था। हाईकोर्ट में इस फैसले के खिलाफ राज्य सरकार के साथ ही मृतक के भाई ने भी अपील दाखिल की थी।

# नुकसान की राशि की वसूली को लेकर आरसी जारी करने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जिलास्तरीय** पुनरीक्षण समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बैंको का लोन जमानुपात कम होने पर नाराजगी जताई गयी। जिलाधिकारी द्वारा सभी बैंक शाखाओं को कम से कम 10 उद्योगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा कृषि बीमा में नुकसान की राशि की वसूली के लिए शाखा प्रबंधको के विरुद्ध आरसी जारी करने के निर्देश दिये गए।



सोमवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संज्ञान में आया कि सितम्बर.2022 तक बैंकों का ऋण जमानुपात 48 प्रतिशत ही रहा। जिसके लिए इसे बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। कुछ बैंको ऋण जमानुपात अधिक कम होने के कारण ज़िलाधिकारी द्वारा नाराज़गी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी द्वारा तत्काल बढाएं जाने का निर्देश दिए। इसके लिए जिलाधिकारी ने सभी बैंक शाखाओ को कम से कम 10 उद्योगों एवं व्यवसायों को बैंक स्तर पर सरकारी योजनाओ में आच्छादित करते हुए योजनाओ का लाभ आम जन तक पहुचाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने बताया कि किसी भी परेशानी की दशा में आवेदक स्वयं महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र से संपर्क कर सकता है। यदि कोई आवेदक सरकारी योजनाओ में आच्छादित नहीं हो सकता है तो बैंक उसको अपनी सामान्य योजनाओ में ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने कृषि बीमा पर जोर देते हुए निर्देश दिये कि अधिकांश केसीसी खातो को योजना के तहत समाहित किया जाये और पूर्व में जिन बैंक शाखाओ ने प्रीमियम काट कर समय पर बीमा कंपनी को प्रीमियम नहीं भेजा है वे अविलम्ब इस राशि को केसीसी धारक के खाते में जमा करें। यदि ऐसे किसानो को कुछ नुकसान हुआ है तो उसकी भरपाई स्वयं शाखा प्रबंधक को करनी होगी। जिलाधिकारी ने इस नुकसान की राशि की वसूली के लिए शाखा प्रबंधको के विरुद्ध आरसी (वसूली प्रमाण पत्र) जारी करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि रबी फसल के लिए प्रीमियम काटने व जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2022 है। ऐसे में सभी पात्र खातो में नियमानुसार बीमा कराया जाए।

ज़िलाधिकारी द्वारा कड़े निर्देश दिए गए कि अभी तक केकेसी के प्रीमियम किसान जो कि किसान से तो लिए गए है, लेकिन बीमा कम्पनी को नही भेजे गए हैं। उसकी पूरी सूची उपलब्ध कराई जाए और अगले 10 दिनों के भीतर सभी शाखा प्रबंधक इस बात का प्रमाण पत्र देगे की उनके द्वारा जो भी प्रीमियम काटा गया वह समय पर बीमा कंपनी को भेजा दिया गया है, जो प्रीमियम बीमा कंपनी को नही भेजा जा सका। उसको ब्याज सहित किसान के खाते में वापस जमा कर दिया गया है। इस अवधि के बाद यदि किसी भी बैंक में केकेसी का पैसा किसी मिसलेनियस खाते में पाया गया तो उस बैंक के शाखा प्रबंधक के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा सरकारी योजनाओ में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बैंको को पुरुस्कृत किया गया जिसमें जिले में प्रथम स्थान यूनियन बैंक ऑफ़इंडिया, द्वितीय स्थान आर्यावर्त ग्रामीण बैंक एवं तृतीय स्थान के लिए बैंक ऑफ़इंडिया के उप आंचलिक प्रबंधक गौतम सिंह एवं बेहतर समन्वय के लिए अग्रणी जिला प्रबंधक मनीष पाठक को सम्मानित किया गया।

### घर के सामने खड़ी डाक्टर की कार में लगी आग

**लखनऊ।** राजधानी के हजरतगंज इलाके में एक डॉक्टर के घर की पार्किंग में खड़ी कार में सोमवार को अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकिए तब तक कार काफी हद तक जल चुकी थी। हजरतगंज के सपरु मार्ग बी 2 प्रेमनगर में डॉ पीएस मिश्रा का मकान है। सुबह करीब 11 बजे घर के पार्किंग में खड़ी आई.20 कार के बोनट से अचानक धुआं निकलने लगा। धुआं निकलता देख दूसरी मंजिल से भागकर परिवार के लोग नीचे आ गए। देखते ही देखते कार से आग की लपटें निकलने लगीं। लोगों ने पहले तो खुद पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग पास के कमरे तक पहुंच गई। लपटों को फैलता देख लोगों ने दमकल को सूचना दी। कुछ ही देर में हजरतगंज फायर स्टेशन से दमकलकर्मी दो गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। एफएसओ हजरतगंज राम कुमार रावत के मुताबिक एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया लेकिन तब तक कार काफी हद तक जल चुकी थी। थोड़ी सी चूक होती तो आग पूरे घर को अपनी चपेट में ले सकती थी।

### लाखों ऐंठने के बाद फ्लैट ने देने पर मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** 37 लाख रुपये लेने के बाद भी डीएस इन्फ्रा हाइट बिल्डर ने फ्लैट दूसरे को बेच दिया। यह आरोप लगाते हुए महिला ने विभूतिखंड थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। मेरठ के अंसल टाउन निवासी शशिप्रभा के मुताबिक वर्ष 2016 में उन्होंने डीएस इंफ्रा हाइट्स प्राइवेट लिमिटेड के सुशांत गोल्फसिटी स्थित प्रोजेक्ट.अर्बन वुड्स में 9-67 लाख रुपये एडवांस देकर एक फ्लैट बुक कराया था। वर्ष 2021 में बिल्डर ने उनके नाम आवंटन पत्र जारी किया था। बिल्डर बायर एग्रीमेंट में इस फ्लैट की कीमत 37 लाख 81 हजार दर्शायी गई। बचे हुए 28 लाख रुपये भी दे दिए। इसके बाद बीते जुलाई में अचानक कंपनी ने फ्लैट कैंसिल किए जाने का नोटिस भेजा। इसके बाद वह विभूतिखण्ड स्थित कंपनी के कार्यालय में पहुंची तो पता लगा कि बिल्डर ने फ्लैट किसी और को आवंटित कर दिया है। इंस्पेक्टर विभूतिखण्ड राम सिंह के मुताबिक पीड़िता की तहरीर पर बीते शनिवार को कंपनी के एमडी पंकज ठाकुर कृपाशंकर पाण्डेय अमित व शशांक गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लखनऊ।** राजधानी के मलिहाबाद इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। बताया जा रहा है कि मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है जिससे वजह से आत्महत्या की वजह का खुलासा नहीं हुआ है। ग्राम रहमतनगर मलिहाबाद निवासी राजारानी ने सूचना दिया कि उसके पुत्र प्रदीप कुमार 24 ने कमरे में लगे पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ततकाल शव को कब्जे में लिया और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मृतक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और वह काफी समय से बीमार चल रहा था मृतक अविवाहित था। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**लखनऊ।** विभूतिखंड इलाके से बाइक से फुटबाल मैच देखकर लौट रहे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने शहीद पथ पर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गये। पुलिस की मदद से घायलों को राममनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर डाक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया है। जबकि एक अन्य का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार मुन्नेलाल धर्मशाला चारबाग निवासी संतोष चतुर्वेदी ने बताया कि उनका भतीजा मनोज चतुर्वेदी 24 व अपने मित्र हित निवासी अज्ञात के साथ विभूतिखंड इलाके में स्थित सम्मिट बिडिग में बड़ी स्क्रीन पर प्रसारित होने वाले फुटबाल मैच को देखने के लिए गया था। जब वहां से बाइक द्वारा लौटने लगा तभी शहीद पथ पर अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस की मदद से उन्हें अस्पताल लेकर जाया गया जहां पर मनन चतुर्वेदी को इलाज के दौरान डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जबकि एक का इलाज चल रहा है।

### कार ने ऑटो में मारी टक्कर महिला की मौत एक घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**तालकटोरा** इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार महिला समेत दो लोग घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले जाया गया जहां महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि अन्य लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। दिगम्बरपुर मुबारकगंज तहसील अयोध्या निवासी आकाश चौहान परिवार संग रहते हैं। रविवार रात करीब 12 बजे वह अपनी 29 वर्षीय ममेरी बहन लक्ष्मी चौहान वीरसेन चौहान व मोहित चौहान के साथ ऑटो से चारबाग होते हुए आलमनगर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी बीच रास्ते में बाथम चौराहे के पास राजाजीपुरम पर एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने उनकी ऑटो में पीछे से टक्कर मार दी। आकाश के मुताबिक हादसे में उनके साथ जा रही ममेरी बहन समेत तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल में भर्ती कराया वहां से उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

# सोशल मीडिया पर निकली फर्जी भर्तियो का यूपीएमआरसी ने किया खंडन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मेट्रो** के नाम पर ठगी करने वाले जालसाजों द्वारा फर्जी भर्तियां निकालने पर आम जनता को आगाह किया है। जालसाजों द्वारा 142 पदों पर नई भर्तियां निकालकर आवेदन मांगने का फर्जी विज्ञापन के जरिए ठगी करने का प्रयास किया गया है। सोशल मीडिया में प्लेटफार्म लिंक्डइन पर फर्जी मानव संसाधन प्रबंधक बताकर बेरोजगारों से ठगी करने का खुलासा हुआ है। मेट्रो प्रशासन द्वारा लोगों को यूपीएमआरसी के आधिकारिक सोशल प्लेटफार्म पर ही भर्तियां साझा की जाती हैं। ऐसे में फर्जी नियुक्तियों से सावधान रहने की अपील की है।

सोमवार को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि (यूपीएमआरसीएल) में 142 पदों पर हाल ही में नई भर्तियां होने के दरम्यान कुछ जालसाजो की गतिविधियों की जानकारी सामने आई है, जो संस्था के नाम पर फर्जी भर्तियों के विज्ञापन के जरिये उम्मीदवारों से ठगी की कोशिश कर रहे हैं। पहले भी लोगों को नियुक्ति से जुड़े फ र्जी दस्तावेजों से ठगे जाने का मामला सामने आया था, जिसके बारे में यूपीएमआरसीएल ने लोगों को सावधान किया था। यह फर्जीवाड़ा सोशल मीडिया प्लेटफ ॉर्म.लिंक्डइन पर किया जा रहा है। विक्रम मौर्य नाम के व्यक्ति ने लिंक्डइन पर खुद को यूपीएमआरसीएल का मानव संसाधन प्रबंधक बताया है। लखनऊ, नोएडा, आगरा और कानपुर के लिए अनुभवी उम्मीदवारों को भर्ती करने के लिए एक अधिसूचना पोस्ट की है। विक्रम मौर्य ने इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवारों से 26 (कार्यकारी सहायक) पद के लिए आवेदन फर्जी पर मेल करने को कहा है। यूपीएमआरसीएल की ओर से फिर साफ किया जाता है कि कंपनी में कोई आधिकारिक भर्ती या परीक्षाओं के परिणाम की जानकारी कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर ज़रूर उपलब्ध कराई जाती है। यूपीएमआरसी ऐसे फर्ज़ीवाड़ों से बचने की अपील करता रहा है और बताता रहा है कि कॉर्पोरेशन में भर्ती आपकी मेरिट के आधार पर ही होगी। कंपनी अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफ ॉर्म्स पर भी भर्ती से जुड़ीं जानकारियां साझा करती है और साथ.साथ फर्जी नियुक्तियों से सावधान करती रहती है।

### मंदबुद्दि किशोर की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**लखनऊ।** राजधानी के गोसाईंगंज इलाके में मानसिक रूप से बीमार एक किशोर ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करवाने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम जौरास थाना लोनी कटरा जनपद बाराबंकी निवासी बसंत लाल परिवार संग रहते हैं। बसंत लाल के मुताबिक उनका एक 15 वर्षीय बेटा दिवाकर काफी समय से मानसिक रूप से बीमार है। बताया जा रहा है कि रविवार दोपहर दिवाकर घर पर बिना बताए कहीं चला गया था। परिजनों ने उसकी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। उधरए सोमवार सुबह उन्हें पता चला कि दिवाकर का शव गोसाईंगंज के ग्राम भदुवा के पास रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। लोगों का कहना था कि किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पीएफआई सदस्य की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ ( विधि संवाददाता )।** विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने भारत को इस्लामिक मुल्क बनाने की साजिश रचने व गैरकानूनी गतिविधियों आदि के मामले में निरुद्ध मुल्जिम मो दिलशाद की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। प्रथम दृष्ट्या इसके अपराध को गंभीर करार दिया है। 27 सितंबर 2022 को एसटीएफ ने इसे घर से गिरफ्तार किया था। एफ्आईआर एसटीएफ के निरीक्षक आदित्य कुमार सिंह ने थाना कृष्णानगर में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील ललित किशोर त्रिपाठी के मुताबिक मुल्जिम मो दिलशाद देश व सरकार विरोधी गतिविधियों में संलिप्त है। यह पीएफआई का सक्रिय सदस्य है। इस संगठन की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है। सदस्य मुस्लिमों को कट्टरवादी व जेहादी बनाते हुए हिन्दुस्तान को गजवा-ए-हिंद बनाने की दिशा में अग्रसर हैं।

### निकाय चुनावों में आरक्षण को लेकर सुनवाई आज

**लखनऊ ( विधि संवाददाता )।** सूबे में नगर निकाय चुनावों में आरक्षण के मसले पर दाखिल जनहित याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में अब मंगलवार को सुनवाई होगी क्योंकि 24 दिसंबर से हाईकोर्ट में शीतकालीन अवकाश शुरु हो रहा है। 12 दिसंबर को पीठ ने निकाय चुनावों की अधिसूचना जारी करने पर अंतरिम रोक लगा दी थी। जस्टिस देवेन्द्र कुमार उपाध्याय एवं जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव की पीठ ने यह आदेश वैभव पांडेय व अन्य की ओर से दाखिल याचिकाओं पर दिया है। पीठ के समक्ष आरक्षण के साथ ही निकायों में प्रशासक नियुक्त करने के मसले पर भी सुनवाई होगी।

**Notice for Cancellation of Tender**

The below mention Tender was published in daily newspapers (Development of Integrated Cargo Terminal at Chaudhary Charan Singh International Airport Lucknow" dated 28.07.2022) and also on e-tender portal ABC procure by Lucknow International Airport Limited (Airport Operator). Now the below mentioned tender is hereby cancelled, as per the relevant provisions of the Tender documents due to significant change in the required development works.

| Tender Title | E-Tender Portal Ref id |
|---|---|
| "Development of Integrated Cargo Terminal at Chaudhary Charan Singh International Airport Lucknow" | 53880 |

All the bidders may kindly note the above said tender stands cancelled.

SD/-
Chief Airport Officer
CCSI, Airport Lucknow

Date: 20.12.2022

# मशीन से कटे हाथ को केजीएमयू के डॉक्टरों ने जोड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**किंग जार्ज मेडिकल** यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने एक 14 वर्षीय बालक का कटा हाथ जोड़ कर उसे दैनिक दिनचर्या के लिए फिट कर दिया है। मरीज का दाहिना हाथ तेल निकालने वाली मशीन में फंस जाने की वजह से कट गया था। अमेठी निवासी 14 वर्षीय शिवांश यादव पुत्र मुटुन कुमार यादव का दाहिना हाथ 21 नवम्बर को शाम 5 बजे तेल निकालने की मशीन में फंस जाने के बाद कंधे के नीचे से पूरी तरह कट गया था। मरीज को उसके परिवार जन तुरन्त ही पास के मुशी गंज अस्पताल में ले गये। जहां पर डाक्टर ने तुरन्त केजीएमयू ले जाने का परामर्श दिया तथा कटे हुए हाथ को बर्फ में लपेट कर मरीज के परिवार के सुपुर्द कर दिया। मरीज को उसके माता पिता तुरन्त ही केजीएमयू के ट्रामा सेन्टर में लेकर रात्रि दस बजे के दौरान पहुँचे।



प्लास्टिक सर्जरी के डाक्टर की टीम ने तुरन्त ही मरीज को तथा उसके कटे हुए दाहिने हाथ की बारीकी से जांच की तथा आवश्यक जांचों के बाद तुरन्त ही आपरेशन थियेटर में शिफ्ट कर दिया। कटे हुए हाथ को तुरन्त ही आपरेशन थियेटर में लाकर सफाई करने के बाद रिइम्प्लांट की तैयारी की गयी। आपरेशन में प्लास्टिक सर्जरी डाक्टर बेहोशी के डाक्टर शमिल रहे। यह जटिल आपरेशन लगभग 7-8 घंटे में माइक्रोवस्कुलर तकनीकी के द्वारा पूर्ण किया गया। हाथ कटने के उपरान्त काफी मात्रा में खून बह जाने के कारण मरीज को 3 यूनिट ब्लड भी चढ़ाया गया।

कटे हुए हाथ की नियमित निगरानी की गयी तथा डेली ड्रेसिंग व अन्य जरूरी इन्जेशन दिये गये। आपरेशन प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रमुख प्रो विजय कुमार के नेतृत्व में हुआ। जबकि टीम में डा संध्या पाण्डेय, डा किरन सिलवाल, डा शैलेन्द्र सिंह आर्थोपेडिक सर्जरी एवं डा प्रेम राज एनेस्थीसिया विभाग, डा चिन्ता काव्या, डा नम्रता, डा, प्राची, डा मेहवश खान, डा रोहित, डा कार्तिकेय शामिल थे। कटे हुए हाथ में पूर्ण रूप से रक्त प्रवाह आने के बाद धीरे-धीरे फिजियोथेरेपी शुरू की गयी। मरीज को जरूरी निर्देशों के साथ डिस्चार्ज कर दिया गया।

### हाथ या उगंली कटने के बाद क्या करे

- सबसे पहले कटे हुए भाग को किसी साफ कपड़े में रख लें तथा तुरन्त ही बर्फीले पानी में रखें।
- कटे हुए भाग पर साफ कपड़ा बांध दे अथवा ड्रेसिंग कर दें।
- बिना किसी विलम्ब के पास के अस्पताल में जाएं जहां पर रिइम्प्लांट की सुविधा मौजूद हो।
- कटे हुए अंग को जोड़ने का गोल्डन पीरिएड 6-8 घंटे का होता है।

### दीपिका व शाहरुख के खिलाफ मुकदमे की अर्जी

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** सीजेएम रवि कुमार गुप्ता ने फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण व अभिनेता शाहरुख खान के खिलाफ दाखिल मुकदमे की अर्जी पर थाना विभूतिखंड से रिपोर्ट तलब करने का आदेश दिया है। यह अर्जी स्थानीय वकील प्रमोद पांडेय ने दाखिल की है। उन्होंने अर्जी में आरोप लगाया है कि फिल्म पठान में भगवा वस्त्र पहनकर अश्लील नृत्य फिल्माया गया है। इससे न सिर्फ हिन्दुओं की भावनाएं आहत हुई हैं बल्कि उन्हें भी मानसिक आघात पहुंचा है। उन्होंने अर्जी में इन दोनों के अलावा फिल्म के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद व सेंसर बोर्ड के चेयरमैन प्रसून जोशी को भी विपक्षी पक्षकार बनाया है। इस अर्जी में सभी विपक्षीगणों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश देने की मांग की है। मामले की सुनवाई 16 जनवरी को होगी।

**ARYAVART BANK आर्यावर्त बैंक**

(A Joint Undertaking of Govt. of India, U.P. Govt. & Bank of India) (भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार एवं बैंक ऑफ इण्डिया का संयुक्त उपक्रम)

क्षेत्रीय कार्यालय : लखनऊ, आर्यावर्त भवन, 569/20/के/1, स्नेह नगर, वी.आई.पी.रोड, अवध हॉस्पिटल के सामने, आलमबाग, लखनऊ

**कब्ज़ा नोटिस नियम-8(1) के तहत (अचल सम्पत्ति हेतु)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **आर्यावर्त बैंक** अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, के अन्तर्गत तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (प्रवर्तन) की धारा 13(12) के सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित खातों में उनके नाम के समूख लिखित तिथियों को मांग सूचना पत्र जारी किये थे जिनके द्वारा ऋणियों/ऋणी के विधिक उत्तराधिकारी से नोटिस मे लिखित राशियां ब्याज़ सहित उक्त नोटिस के 60 दिनों के अन्दर जमा करने हेतु कहा गया था। ऋणकर्ता/ऋणी के विधिक उत्तराधिकारी ने राशि का भुगतान नही किया। अतः ऋणकर्ता/ऋणी के विधिक उत्तराधिकारी को विशेष रूप से एवं आम जनता को सामान्य रूप से यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने सम्पत्तियों, जिनका विवरण निचे दिया गया है, का कब्जा उक्त एक्ट की धारा 13(4) की सहपठित रूल 8 के अन्तर्गत निहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों का अग्रलिखित तिथियों को कब्ज़ा प्राप्त कर लिया है। ऋणकर्ता/ऋणी के विधिक उत्तराधिकारी को विशेष रूप से तथा जनता को आम रूप से चेतावनी दी जाती है कि उक्त सम्पत्ति के साथ किसी भी प्रकार का संव्यवहार/खरीद फरोख्त न करें। सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार/खरीद फरोख्त **आर्यावर्त बैंक** के प्रभार के तहत बकाया राशि ब्याज़ सहित एवं अन्य व्यय आदि की अदायगी के अधीन होगा।

**उधारकर्ता/ज़मानतकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**
**जिन सम्पत्तियों का कब्ज़ा लिया गया है उनका विवरण निम्नुसार हैं:-**

| ऋणी/ज़मानतकर्ता/का नाम एवं पता/शाखा | सम्पत्तियों का विवरण | मांग नोटिस के अनुसार बकाया धनराशि / मांग सूचना की तिथि / कब्जे की तिथि |
|---|---|---|
| **ऋणी: मेसर्स शिवम इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्पनी (प्रोपराइटर- श्री शिवम मिश्रा पुत्र श्री एच.के. मिश्रा),** मकान सं. 551, क/349द, मधुवन नगर, चौड़ी सड़क, प्रकाश आइसक्रीम फैक्ट्री के पास, आलमबाग, लखनऊ -226005 **श्री शिवम मिश्रा पुत्र श्री एच. के. मिश्रा,** मकान सं. 551, क/349द, मधुवन नगर, चौड़ी सड़क, प्रकाश आइसक्रीम फैक्ट्री के पास, आलमबाग, लखनऊ -226005 **जमानतकर्ता: श्री शिवा मिश्रा पुत्र एच. के. मिश्रा,** मकान सं. 551, क/349द, मधुवन नगर, चौड़ी सड़क, प्रकाश आइसक्रीम फैक्ट्री के पास, आलमबाग, लखनऊ -2260055 **श्रीमती अनुपम मिश्रा पत्नी श्री एच. के. मिश्रा,** मकान सं. 551, क/349द, मधुवन नगर, चौड़ी सड़क, प्रकाश आइसक्रीम फैक्ट्री के पास, आलमबाग, लखनऊ -226005 **शाखा: विकास नगर** | **आवासीय सम्पत्तिः** मकान सं. 551क/349द, स्थित मधुवन नगर, वार्ड-जय प्रकाश नगर, आलमबाग, जिला-लखनऊ, सेल डीड के अनुसार, **मालिक**- श्री शिवम मिश्रा पुत्र श्री हरीश मिश्रा एवं श्री शिवा मिश्रा पुत्र श्री हरीश मिश्रा द्वारा माता श्रीमती अनुपम मिश्रा, **चौहद्दी: पूर्व**- मकान दीगर, **पश्चिम**- सड़क 25 फीट चौड़ी, **उत्तर**- मकान दीगर, **दक्षिण**- प्लॉट एस.एन. वर्मा **क्षेत्रफल: 89.219 वर्गमीटर** | रू.18,13,543.83 एवं उस पर ब्याज / **05.05.2022** / **17.12.2022** |

दिनांक: 20.12.2022 स्थान : लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी

# समाज के वंचित वर्ग के अनुरूप कार्यक्रम चलाएं उच्च शिक्षण संस्थानः राज्यपाल

● राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज का 17वां दीक्षांत समारोह संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश** की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल उच्च शिक्षण संस्थाओं से समाज के वंचित वर्ग के अनुरूप कार्यक्रम चलाने की अपील करते हुए कहा कि ग्रामीण महिलाओं और दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिए।

राज्यपाल सोमवार को राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के 17वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं और पदक विजेताओं को बधाई दी। विश्वविद्यालय को रजत जयंती वर्ष पर बधाई देते हुए राज्यपाल ने कहा कि दूरस्थ व मुक्त शिक्षा प्रणाली एक लचीली और लागत प्रभावी शैक्षिक प्रणाली होने की वजह से शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित रह जाने वाले जन समुदाय को शिक्षा के अवसर प्रदान करती है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा ट्रांसजेंडर और जेल के कैदियों को निशुल्क शिक्षा तथा गोद लिए गांवों की महिलाओं को पचास प्रतिशत शुल्क पर प्रवेश देने के निर्णय की सराहना की। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन में सक्रिय होने, विद्यार्थियों के लिए रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को बहुतायत से संचालित करने, नैक से ग्रेडिंग प्राप्त होने, अपनी शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विविध शैक्षिक संस्थानों और विश्वविद्यालयों से एमओयू करने की सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

उन्होंने जानकारी दी कि जल प्रदेश के चार शहरों आगरा, वाराणसी, लखनऊ और ग्रेटर नोएडा में जी-20 देशों की बैठकें पहली दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2022 तक आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय को इस इवेंट में उत्साह के साथ प्रतिभागिता के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विदेशी भाषा के जानकार छात्र इसमें प्रतिनिधियों से संवाद करके जानकारियों के प्रचार-प्रसार, विश्वविद्यालय के नवाचारों, स्टार्ट अप तथा अन्य गतिविधियों के डिजिटल प्रचार तथा प्रदर्शनी के आयोजन द्वारा हिस्सेदारी कर सकते हैं। दीक्षान्त कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल ने जलभरो कार्यक्रम से किया। मटकी में जलधारा डालकर जल संरक्षण का संदेश देते हुए राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय जितना जल वर्ष भर में उपयोग में लाते हैं, उतने जल संरक्षण हेतु प्रभावी प्रयास करें।

## पीएमईजीपी प्रदर्शनी का आयोजन आज से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**खादी** और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्य स्तरीय प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) प्रदर्शनी का आयोजन मंगलवार 20 से 26 दिसम्बर तक कन्वेंशन सेंटर इंदिरा नगर में किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन नागेन्द्र रघुवंशी सदस्य उत्तरी क्षेत्र खादी और ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार द्वारा कल सायं 4 बजे किया जायेगा। यह जानकारी राज्य निदेशक खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग डा. नितेश धवन ने दी उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश राज्य के अतिरिक्त अन्य राज्यों के खादी एवं ग्रामोद्योग खादी ग्रामोद्योग बोर्ड एवं जिला उद्योग केन्द्र के माध्यम से वित्तपोषित, प्रमाणित खादी ग्रामोद्योगी संस्थायें, इकाइयां, हस्तशिल्पियों, पीएमईजीपी इकाइयों तथा स्फूर्ति क्लस्टरों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

## ईएटीए को न्यायालय ने सही पायाः जेपीएस राठौर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सहकारिता** मंत्री जेपीएस राठौर ने बताया कि उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. में लागू इम्प्लाई अटेन्डेंस एण्ड ट्रैकिंग ऐप (ईएटीए) को उच्च न्यायालय ने सही ठहराया है। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग की शीर्ष संस्थाओं के क्रियाकलापों में पारदर्शिता लाने एवं गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से ईएटीए का सर्वप्रथम सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. द्वारा अपट्रान पावरट्रॉनिक्स लि. के माध्यम से तैयार किया गया।

उन्होंने बताया कि उक्त ऐप लागू करने के खिलाफ बैंक के कर्मचारी यूनियन उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. कर्मचारी परिषद द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ में रिट दायर की गयी। उच्च न्यायालय द्वारा याचिका पर सुनवाई करते हुए 14 दिसम्बर 2022 को पारित निर्णय में उक्त ऐप को लागू किए जाने को सही पाया तथा कहा कि ऐप में किसी प्रकार की विधिक बाधा नहीं है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता यूनियन के सदस्यों से यह अपेक्षा की कि वे अनुशासन में रहें तथा बैंक के उन्नति के लिए अपना अधिकतम योगदान दें। बैंक द्वारा तैयार कराया गया उक्त ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है तथा सुरक्षा आडिट में भी ऐप को पूर्णतया सुरक्षित पाया गया है।

सहकारिता मंत्री द्वारा अन्य सहकारी संस्थाओं में भी उनके व्यवसाय में उत्तरोत्तर वृद्धि एवं पारदर्शिता लाये जाने हेतु उक्त ऐप को लागू किए जाने की अपेक्षा की गई है, जिससे कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप सहकारिता के माध्यम से अधिक से अधिक जनमानस को लाभान्वित किया जा सके।

## हाईकोर्ट परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले गिरोह के सरगना सहित तीन गिरफ्तार

● वास्तविक अभ्यर्थी के स्थान पर बैठाते हैं साल्वर, भर्ती कराने के नाम पर करते हैं मोटी कमाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अभ्यर्थियों** से मोटी रकम वसूल कर हाईकोर्ट के जूनियर असिस्टेंट एंव पेड अप्रेन्टिस की परीक्षा में सॉल्वर बिठाकर कराकर भर्ती कराने वाले गिरोह के सरगना अरुण सहित 3 सदस्यों को एसटीएफ ने आगरा से गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से फ र्जी एडमिट कार्ड, ओएमआर शीट व परीक्षा का पेपर बरामद हुआ है।

एसटीएफ मुख्यालय के अनुसार सूचना मिली कि आगरा जिले के परीक्षा केन्द्र जिम कार्बेट पब्लिक स्कूल आरके पुरम गैलाना रोड, थाना न्यू आगरा, जनपद आगरा में आयोजित हाईकोर्ट जूनियर असिस्टेंट एंव पेड अप्रेन्टिस की परीक्षा में अभ्यर्थियों से मोटी रकम वसूल कर परीक्षा में सॉल्वर बैठाकर नकल कराई जा रही है। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम ने तत्काल परीक्षा केन्द्र जिम कर्बेट पब्लिक स्कूल पहुंचकर प्रधानाचार्य के साथ सूचना को साझा कर उन्हें अवगत कराया कि परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी विकास कुमार राठी पुत्र देवेन्द्र सिंह के स्थान पर अन्य कोई व्यक्ति परीक्षा दे रहा है। इस सूचना पर टीम की मदद से प्रधानाचार्य ने आब्जर्वर को साथ लेकर परीक्षा केन्द्र के कमरा नंबर-10 में चेक किया तो परीक्षार्थी विकास कुमार राठी के स्थान पर कुलदीप शर्मा निवासी पापरी नगर, थाना मंसुखपुरा, आगरा परीक्षा देता हुआ पाया गया। जिसके पास से विकास कुमार राठी का कूटरचित फर्जी तरीके से तैयार आधार कार्ड, जिस पर कुलदीप शर्मा का फ़ोटो लगा है व विकास कुमार राठी का फ र्जी कूट रचित एडमिट कार्ड व ओएमआर शीट व परीक्षा का पेपर मिला। परीक्षा दे रहे कुलदीप शर्मा ने पूछताछ पर बताया कि उसके बाकी साथी अरुण निवासी कनियान, थाना कॉधला, शामली, राजेश व बंटी निवासी नगला नागता, थाना एत्मादपुर, आगरा बाहर हैं, जिन्होंने मुझे विकास की जगह पेपर देने के लिए दो लाख रुपए देने को कहा है।

## 51 फाइलेरिया मरीजों को प्रदान की गयी एमएमडीपी किट

**लखनऊ।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में सोमवार को मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर फाइलेरिया मरीजों का रुग्णता प्रबंधन एवं दिव्यांगता प्रबंधन पर अभिमुखीकरण किया गया एवं एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। इस मौके पर 51 फाइलेरिया मरीजों को किट प्रदान की गयी। सीएचसी अधीक्षक डा अशोक कुमार ने कहा कि फाइलेरिया मरीज प्रभावित अंगों की समुचित देखभाल के साथ नियमित व्यायाम करें। सोते समय पैरों के नीचे तकिया रखें। पैरों को लटकाकर न रखें। उन्होंने कहा कि आगामी 10 फरवरी से फाइलेरिया की दवा खिलाने का अभियान चलाया जाएगा। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर तीन प्रकार की दवा खिलाएंगी। सहायक मलेरिया अधिकारी सुषमा ने कहा कि सही देखभाल न करने से फाइलेरिया रोगी दिव्यांग हो सकता है और व्यक्ति का जीवन पूरी तरह से प्रभावित हो जाता है। यह बीमारी ठीक तो नहीं हो सकती है, केवल प्रबंधन ही हो सकता है। इस मौके पर फाइलेरिया रोगी नेटवर्क सपोर्ट ग्रुप के 28 सदस्य उपस्थित रहे। इस मौके पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता आरके शुक्ला, हरिशंकर वर्मा, मलेरिया इंस्पेक्टर आश्रिता सिंह, सीएचसी के कर्मचारी, सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च की प्रतिनिधि और फाइलेरिया रोगी मौजूद रहे।

## सरकारी खेल सुविधाएं आसानी से हों उपलब्धः डा. नवनीत सहगल

● अब दिन में भी खुले रहेंगे स्टेडियम में संचालित जिम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अपर** मुख्य सचिव खेल विभाग डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही खेल सुविधाएं आमजनों को आसानी से सुलभ होनी चाहिए। प्रदेश भर में स्थापित स्टेडियम में संचालित जिम को दिन में भी खोला जाये। दिन में जिम का उपयोग करने वाले लोगों को जिम की नियमित सदस्यता दी जाये।

डॉ. सहगल ने यह निर्देश सोमवार को बापू भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में खेल विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि मेरठ के सरधना में प्रस्तावित मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के स्थापना कार्य में तीव्रता लाई जाये। इस प्रोजेक्ट का डीपीआर यथाशीघ्र कराया जाये। उन्होंने कहा कि लगभग 1000 करोड़ रुपये की लागत से 90 एकड़ भूमि पर इस उच्च स्तरीय अत्याधुनिक व मार्डन स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण किया जायेगा। इस विश्वविद्यालय में सभी तरह के ओलंपिक खेल से संबंधित अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। खिलाड़ियों को पीएचडी, एमफिल, मास्टर डिग्री, बैचलर डिग्री पीजी डिप्लोमा करने का अवसर मिलेगा। इसमें 500 महिला और 500 पुरुष खिलाड़ियों के लिए कुल 1000 सीटें होंगी।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि वर्ष 2023-24 में आयोजित होने वाले खेलो इण्डिया नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स उत्तर प्रदेश में होंगे। उड़ीसा और कर्नाटक के बाद उत्तर प्रदेश को नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी करने का मौका मिला है। नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन प्रदेश के चार जनपदों लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी तथा नोएडा में होगा। इसमें रोईंग, बास्केटबाल, जूडो, कबड्डी, कुश्ती, स्वीमिंग, बाक्सिंग सहित लगभग 20 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा और इन खेलों में पूरे देश से लगभग 150 यूनिवर्सिटी के करीब 4500 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि नोएडा में कबड्डी, जूडो, आर्चरी तथा फेंसिंग का आयोजन होगा। गोरखपुर में रोईंग तथा वाराणसी में रेसलिंग, मलखम तथा योगा से संबंधित खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जायेंगी। अन्य प्रतियोगिताएं लखनऊ में होंगी। उन्होंने यूनिवर्सिटी गेम्स की समस्त तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। डा. सहगल ने कहा कि 'एक जनपद एक खेल' के तहत प्रदेश के प्रत्येक जनपदों में कोच के नियुक्ति का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जायेगा। राज्य सरकार द्वारा 1.50 लाख रुपये मानदेय पर कोच नियुक्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके तहत 12 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को एक लाख 50 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय पर आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में उत्कृष्ट प्रशिक्षण के लिए आबद्ध किया गया है। प्रदेश में संचालित 16 खेलों यथा हॉकी, तैराकी, वालीबाल, जिम्नास्टिक, एथलेटिक्स, क्रिकेट, फुटबाल, बैडमिण्टन, टेबुल टेनिस, बास्केटबाल, कबड्डी, कुश्ती, बाक्सिंग, हैण्डबाल, जूडो तथा तीरंदाजी के लिए 44 आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रशिक्षण देने के लिए 50 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षक के रूप में रखा जायेगा।

## गन्ना किसानों को समर्पित किया आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कन्ट्रोल रूम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश** के अपर मुख्य सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास संजय आर. भूसरेड्डी ने प्रदेश के गन्ना किसानों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित टोल-फ्री कन्ट्रोल रूम समर्पित किया है। ज्ञातव्य है कि गन्ना किसानों की जिज्ञासाओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु गन्ना विकास विभाग के मुख्यालय पर कन्ट्रोल रूम (टोल-फ्री) की स्थापना की गयी है। टोल फ्री कॉल सेन्टर के कार्मिकों द्वारा किये जा रहे कार्यों में प्रगति लाने एवं जिज्ञासाओं एवं सुझावों का गुणवत्तापरक समाधान करने के दृष्टिगत कन्ट्रोल रूम को एन. कम्प्यूटिंग सिस्टम, इपीबीएक्स, इन्टरकॉम एवं वेब बेस्ड सॉफ्टवेयर जैसी आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा गया है। जिससे अब टोल फ्री नम्बर 18001213203 पर अनुभवी एवं दक्ष कार्मिकों द्वारा गन्ना किसानों को 24 घंटे अनवरत सहायता प्रदान की जायेगी। टोल फ्री कॉल सेन्टर की कार्य प्रणाली के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी देते हुए भूसरेड्डी ने बताया कि टोल फ्री कन्ट्रोल रूम के कार्मिकों की कार्यप्रणाली को और सुदृढ़ किये जाने के दृष्टिगत कन्ट्रोल रूम को उच्च तकनीकी सुविधाओं से जोड़ा गया है, जिसके फलस्वरूप कन्ट्रोल रूम कार्मिकों द्वारा पूरे सप्ताह चौबीस घंटे गन्ना किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जा सकेगा। कन्ट्रोल रूम मे टोल फ्री नम्बर पर कॉल करने वाले गन्ना किसानों को कोई असुविधा न होए इस हेतु कन्ट्रोल रूम कार्मिकों के अवकाश की अवधि में कार्य करने के लिए दक्ष एंव अनुभवी कार्मिकों की बैकअप टीम का गठन भी किया गया है। उन्होनें बताया कि कृषक गन्ने की खेती से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के लिए विभागीय टोल फ्री नंबर 18001213203 पर एवं सर्वे, सट्टा, कैलेंडर, पर्ची एवं गन्ने की खेती से जुड़ी नवीनतम जानकारियों आदि से सम्बन्धित जानकारी अथवा सुझावों हेतु कॉल कर समाधान पा सकेंगे।

## पीजीआई में गैर शैक्षणिक 2969 पद की मिली मंजूरी, होगी सीधी भर्ती

**लखनऊ।** एमसीआई और एनएमसी की तरफ से न्यूनतम मानक बनाये रखने के निर्देश के क्रम में सरकार के निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मानकों के अनुरूप पदों का सृजन कर, नियुक्ति करने के निर्देश सोमवार को जारी कर दिये हैं। प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने बताया कि पीजीआई में गैर शैक्षणिक संवर्ग में 35 सवंर्गो के नियमित श्रेणी के 2683 और आउटसोर्सिंग श्रेणी के 286 पदों का सृजन किया गया है। प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशानुरूपए चिकित्सा संस्थानों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा एवं चिकित्सा के लिएए एमसीआई व एनएमसी के मानकों को पूरा किया जा रहा है। सितम्बर 2022 के शासनादेश के अतंर्गत पीजीआई में गैर शैक्षिक पदों में स्थाई व आउटसोर्स के पद सृजित किये गये हैं। जारी आदेश में नर्सिंग संवर्ग में विभिन्न पदों के 1968 पद हास्पिटल अटेंडेंट के 114 पदए हॉस्पिटल एडमिनिशट्रेशन के दो पद स्वीकृत किये गये हैं। मेडिकल सोशल सर्विस में 9 और पब्लिक रिलेशन के 8 पद, सैनिटेशन में 5 पद और फिजियोथेरेपिस्ट में तीन पद, ऑक्युपेशनल थेरेपिस्ट के चारए फार्मासिस्ट के 38 और डायटीशियन के दो, लेबोरेट्री टेक्नीशियन के 10 समेत कुल 2683 पदों पर भर्ती करने के निर्देश जारी किये गये हैं।

## पीसैट परीक्षा में सीएमएस छात्रों ने रचा इतिहास



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के पाँच मेधावी छात्रों ने अमेरिका के कालेज बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित पीसैट परीक्षा में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में जहाँ एक ओर सीएमएस महानगर कैम्पस की छात्रा आद्या त्रिपाठी ने कुल 1440 में से 1260 अंक अर्थात 99 परसेन्टाइल अर्जित कर अपने ज्ञान-विज्ञान व मेधात्व का लोहा मनवाया है तो वहीं दूसरी ओर सीएमएस कानपुर रोड कैम्पस के छात्र कुंवर उत्कर्ष व प्रतीक राज, सीएमएस राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) की छात्रा शताक्षी राज एवं सीएमएस महानगर कैम्पस की छात्रा इबा शाहीन ने 98 परसेन्टाइल अर्जित कर विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही उत्कृष्ट शिक्षा पद्धति का परचम लहराया है। इस परीक्षा में विश्व भर के 25 लाख से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। विदित हो कि पीसैट परीक्षा वार्षिक आधार पर आयोजित की जाती है और सैट परीक्षा के माध्यम से विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। पीसैट परीक्षा के माध्यम से छात्र अपनी प्रतिभा का आकलन कर सैट परीक्षा की तैयारी करके विदेश में उच्चशिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। अमेरिका के प्रतिष्ठित कालेज बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित होने वाली पीसैट परीक्षा एक मानक परीक्षा है और अमेरिका के नेशनल मेरिट स्कॉलरशिप कार्पोरेशन द्वारा सह-प्रायोजित है। प्रतिवर्ष भारी संख्या में सीएमएस छात्र अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक), मैसाचुसेट्स इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी), स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कार्नेल यूनिवर्सिटी, मेलबर्न यूनिवर्सिटी एवं नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का गौरव बढ़ा रहे हैं। सिटी मोन्टेसरी स्कूल स्वयं भी सैट परीक्षा व एपी एडवान्स प्लेसमेन्ट (एपी) परीक्षा का सेन्टर है, जो सीएमएस के अलावा लखनऊ व पूरे प्रदेश के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद कर रहा है।

## मध्यांचल निगम ने उपभोक्ताओं से 2.96 करोड़ अधिक वसूले

**लखनऊ।** कॉस्ट डाटा बुक के विपरीत बिजली उपभोक्ताओं से अधिक वसूली के मामले में सोमवार को मध्यांचल निगम के एमडी भवानी सिंह खंगारोत विद्युत नियामक आयोग के समक्ष पेश हुए। इस दौरान एमडी ने शपथ पत्र सौंपा कि मध्यांचल डिस्कॉम ने अभी तक 2105 बिजली उपभोक्ताओं को चिन्हित किया है जिनसे लगभग 2.96 करोड़ रुपये अधिक वसूली की गई। जिसमें से 2 करोड़ 43 लाख रुपये उपभोक्ताओं को वापस कर दिया गया है। साथ ही लगभग 230 बिजली उपभोक्ता ऐसे मिले हैं जिनका एस्टीमेट गलत बना था और उन पर 86 लाख रुपये की अधिक रकम डाली गई थी जिसे बाद में संशोधित कर सही कर दिया गया था। एमडी ने बताया कि भविष्य में जो भी अधिक वसूली की रकम है। उसे दो सप्ताह में वापस करने के लिए समय मांगा। विद्युत नियामक आयोग ने 8 दिसम्बर की सुनवाई में मध्यांचल निगम के एमडी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि मध्यांचल डिस्कॉम में कई जिलों में करोड़ो रुपये अधिक वसूली का क्षेत्रीय अधिशासी अभियंताओं द्वारा छुपाया जा रहा है। ऐसे में आयोग को सख्त कदम उठाना होगा। नियामक आयोग के चेयरमैन आरपी सिंह ने कहा कि इस मामले पर डिस्कॉम एमडी स्तर से सख्त कार्यवाही करना होगा और अधिक वसूल की गई रकम की वापसी के बाद जब विद्युत नियामक आयोग इसकी जांच पड़ताल करेगा तो जो भी दोषी कार्मिक सामने आएगा। उसके खिलाफआयोग सख्त से सख्त कदम उठाएगा। चेयरमैन ने कहा कि अब पूरे मामले की अगली सुनवाई 30 जनवरी को होगी।

## यूपी के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में होंगे हेल्थ एटीएम

**लखनऊ।** प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए योगी सरकार ने 200 चिह्नित स्वास्थ्य यूनिट्स में एक्सपर्ट कर्मियों के साथ हेल्थ एटीएम को स्थापित कर दिया है। सरकार का लक्ष्य जल्द से जल्द प्रदेश के सभी 4600 वेलनेस सेंटर पर हेल्थ एटीएम स्थापित करने का है। प्रदेश के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला अस्पतालों में स्थापित हेल्थ एटीएम मशीनों को संचालित करने के लिए प्रदेशभर के 200 स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण बीते दिनों राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मुख्यालय में संपन्न हुआ है। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थसारथी सेन शर्मा के अनुसार आने वाले वक्त में स्वास्थ्य सुविधाओं को आम जन तक पहुंचाने के लिए तकनीक का बेहतर उपयोग किए जाने के लिए हेल्थ एटीएम बहुत कारगर सिद्ध होंगे। साथ ही प्रशिक्षण के बाद स्वास्थ्यकर्मी मरीजों के लिए बेहद मददगार साबित होंगे। उन्होंने बताया कि इन एक्सपर्ट स्वास्थ्य कर्मियों के जरिए 30 तरह की जांचों की रिपोर्ट बहुत कम समय में मरीजों को प्रिंटआउट, वाट्सऐप, ई-मेल और एसएमएस के जरिए उपलब्ध कराया जाएगा।

## संस्कृति सुरभि महोत्सव की प्रतियोगी फरहा को मिले सात मेडल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय में आयोजित 5 दिवसीय संस्कृति सुरभि महोत्सव में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। महोत्सव की एक प्रतियोगी फरहा रिजवी जो एलपीसीपीएस की छात्रा है,ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में 7 मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। जिसमे 5 स्वर्णपदक एवं 2 रजत पदक शामिल हैं। किसी प्रतियोगी द्वारा जीते जाने वाले मेडल्स में ये संख्या सर्वाधिक है। फरवा ने महिला 100 मीटर रेस में गोल्ड, महिला 200 मीटर रेस में गोल्ड, महिला 400 मीटर रेस में गोल्ड, लांग जम्प में गोल्ड 400 मीटर रिले रेस में गोल्ड बास्केटबॉल और कब्बडी प्रतियोगिताओं में रजत पदक झटके। लखनऊ विश्वविद्यालय खेल एवं संस्कृति समिति के अध्यक्ष डॉ उपेन वर्मा ने इस प्रतिभागी के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए कैश प्राईज देने की घोषणा की। समिति के डायरेक्टर प्रो सतीश चंद्र, विश्वविद्यालय परिसर के डायरेक्टर प्रो बीडी सिंह ने भी छात्रा को बधाई दी एवं भविष्य में आगे बढ़ने हेतु आशीर्वाद दिया।

**प्रो. पुनम टंडन बनी डीन एकेडमिकः** विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के निर्देश पर विवि की छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. पुनम टंडन को डीन एकेडमिक के पद पर नियुक्त किया है। वहीं प्रो. मधुरिमा लाल को निदेशक सांस्कृतिकी के पद पर मनोनीत किया गया है।

## पुलिस चौकी के कायाकल्प का डीसीपी ने किया लोकार्पण

**मोहनलालगंज।** हरिकंशगढ़ी पुलिस चौकी में कराए गए कायाकल्प कार्यों का सोमवार को एसीपी धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी और डीसीपी साउथ राहुल राज ने रिबन काटकर लोकार्पण किया। इस दौरान डीसीपी ने पुलिस चौकी में कराए गए कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। डीसीपी ने मातहतों को जनता में भरोसा जगाने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन की छोटी से छोटी शिकायत को भी गम्भीरता से लेकर गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर चौकी इंचार्ज दिलशाद चौधरी इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे और एसीपी गोशाईगंज स्वाती चौधरी समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



## पत्नी से अनबन के बाद दुकानदार ने की खुदकुशी

**मोहनलालगंज।** सिसेण्डी में पत्नी से अनबन के बाद कपड़ा दुकानदार ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। दुकानदार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहनलालगंज के सिसेण्डी निवासी शक्ति गुप्ता की बाजार में कपड़े की दुकान है। रविवार की रात उसकी पत्नी कोमल से कहासुनी हुई। जिसके बाद शक्ति नाराज होकर कहीं चला गया। सोमवार को शक्ति के घर लौटने से पूर्व पत्नी मासूम बच्ची श्री को लेकर मायके चली गई। घर लौटने के बाद शक्ति की फिर से मोबाइल फोन पर पत्नी से कहासुनी हुई। फिर घर के पहले तल पर उसने किचेन की छत में लगे हुक से रस्सी के फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। पुलिस को पास में ही शक्ति का मोबाइल भी टूटा मिला है। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया पत्नी से अनबन के बाद दुकानदार के खुदकुशी करने की बात सामने आई है। फ्लिहाल मामले की जांच की जा रही है।

## मोहनलालगंज में शिवपाल यादव का हुआ स्वागत



**मोहनलालगंज।** प्रसपा का सपा में विलय करने के बाद पहली बार रायबरेली हाईवे से प्रयागराज जा रहे वरिष्ठ सपा नेता और पूर्व मंत्री शिवपाल यादव का सोमवार को मोहनलालगंज में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की।

पूर्व मंत्री शिवपाल यादव सोमवार को प्रयागराज जा रहे थे इसकी भनक लगते ही मोहनलालगंज में तहसील गेट पर सपा नेता अमरपाल सिंह की अगुवाई में सपा कार्यकर्ताओं ने फूल.मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री रामलखन यादव और अध्यक्ष कौशलेन्द्र शुक्ल की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने भी जसवंतनगर के विधायक शिवपाल यादव का अभिनन्दन किया। वहीं गौरा कालोनी में पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर और सपा नेता श्रवण कुमार यादव की अगुवाई में भी पूर्व मंत्री शिवपाल यादव का जोरदार स्वागत किया गया। पूर्व विधायक ने उन्हें मैनपुरी में सपा की ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई भी दी।

## वार्डों में कम्बल न रैनबसेरा सीएचसी में ठिठुरन का डेरा

संवाददाता। मोहनलालगंज

**डिप्टी** सीएम बृजेश पाठक की सख्ती के बाद भी मोहनलालगंज सीएचसी में मरीजों और तीमारदारों को ठण्ड से राहत दिलाने के इंतजाम नदारद हैं। सीएचसी के वार्डों में मरीजों के लिए कम्बल तक नदारद हैं। जबकि तीमारदारों के लिए बनाए गए रैनबसेरे को एम्बुलेन्स ड्राइवरों ने ठिकाना बना रखा है। वहीं सीएचसी में आमजन के लिए अलाव तक का इंतजाम नहीं किया गया है। मोहनलालगंज की तकरीबन चार लाख की आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने का जिम्मा संभाल रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के इमरजेंसी वार्डों में मरीजों के लिए कम्बल तक उपलब्ध नहीं हैं। सीएचसी में तीमारदारों के लिए बनाए गए रैनबसेरे को 108 और 102 सेवा के एम्बुलेन्स ड्राइवरों ने ठिकाना बना रखा है। ऐसे में 24 घण्टे इमरजेन्सी सेवा दे रही सीएचसी में तीमारदारों के लिए ठण्ड से ठिकाने का ही इंतजाम नहीं है। सीएचसी आने वाले मरीजों और तीमारदारों को ठण्ड से राहत दिलाने के लिए अलाव तक नदारद हैं। लिहाजा सीएचसी में इलाज कराने पहुंच रहे मरीजों और तीमारदारों के लिए ठण्ड में ठिठुरने के सिवा कोई दूसरा रास्ता नहीं है। हालांकि सीएचसी प्रशासन का दावा है कि अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों को आवश्यकतानुसार कम्बल उपलब्ध कराए जाते हैं।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की भाभी का निधन मणिकर्णिकाघाट पर दाह संस्कार में हुए शामिल

- बड़े भाई काशीनाथ सिंह के छोटा बेटा राकेश सिंह ने दी मुखाग्नि

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी





**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह की भाभी का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार काशी के मणिकर्णिका घाट पर हुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भाभी के अंतिम संस्कार में सम्मिलित होने काशी पहुंचे हैं। रक्षामंत्री सुबह करीब 11 बजे वायुसेना के विशेष विमान से वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। एयरपोर्ट से सड़क मार्ग द्वारा सीधे मणिकर्णिका घाट पहुंचे। राजनाथ सिंह के भाई काशीनाथ सिंह के छोटे बेटे राकेश सिंह ने मुखाग्नि दी.इस दौरान घाट पर भारी भीड़ रही। वहीं एक तस्वीर में राजनाथ सिंह अपने भाई काशीनाथ के कंधे पर हाथ रखकर उन्हें सहारा देते नजर आए.घाट से आईं ये तस्वीरें वाकई में भावुक करने वाली हैं। घाट पर कमिश्नर, जिलाधिकारी समेत सभी आलाधिकारी भी मौजूद रहे। भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की भाभी (80 वर्षीय) नयनतारा सिंह का बीएचयू के हॉस्पिटल में इलाज कै दौरान निधन हो गया। नैनतारा चकिया तहसील क्षेत्र के भभौरा गांव निवासी भारत सरकार के रक्षा मंत्री के बड़े भाई काशीनाथ सिंह की पत्नी थी। परिजनों की मानें तो बीमार नयनतारा का इलाज कुछ दिनों से बीएचयू के हॉस्पिटल में चल रहा था।

# निजी से सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए मिलेगी एंबुलेंस सुविधा

संवाददाता। सोनभद्र

**स्वास्थ्य** विभाग की ओर से एंबुलेंस की सुविधा अब निजी चिकित्सालयों में भर्ती मरीजों को भी मिल सकेगी। यह सुविधा केवल सरकारी अस्पतालों पर जाने के लिए ही मिलेगी। अब निजी चिकित्सालयों में भर्ती मरीज यदि वहां से किसी सरकारी चिकित्सालय में जाना चाहता है तो 108 नंबर की एंबुलेंस की सुविधा ले सकेगा। इससे निजी अस्पतालों में उपचार कराने वाले मरीजों को काफी सहुलियत मिलेगी। पहले यह सुविधा नहीं थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आर एस ठाकुर ने बताया की शासन ने निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों का सरकारी अस्पताल में उपचार कराने के लिए नि:शुल्क एंबुलेंस उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इस समय विभाग में 102 नंबर की 24 एंबुलेंस व 108 नंबर की 22 एंबुलेंस है। इनका लाभ मरीजों को मिल रहा है। यदि स्वजन को मरीज को लेकर अन्य जनपद जाना हो तो निजी वाहन का ही सहारा लेना पड़ता था। इससे उन पर आर्थिक बोझ पड़ता था, लेकिन अब सरकार ने निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों की यह समस्या भी दूर कर दी है।

### पहले सिर्फ सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को मिलती थी सुविधा

**मुख्य चिकित्सा** अधिकारी डॉक्टर आर एस ठाकुर ने बताया की सरकारी एंबुलेंस की सुविधा पहले सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को ही मिलती थी। अब यह सुविधा प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती मरीजों को भी मिलेगी। इससे मरीजों को सीधे तौर पर फायदा होगा। विभाग यह जानकारी सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों व निजी चिकित्सालयों को देगा। विभाग की ओर एंबुलेंस को फोन करने के 10 मिनट के अंदर ही उपलब्ध कराया जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### मारपीट में घायल,एक ट्रामा सेंटर रेफर

**चहनियां/चन्दौली** । बलुआ थाना क्षेत्र के कैथी गांव में पुराने जमीनी विवाद को लेकर मारपीट में एक पक्ष के 45 वर्षीय मुकेश तिवारी व 26 वर्षीय सोनू तिवारी बुरी तरह से घायल हो गये । घायलों को चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया । जहाँ मुकेश की हालत गम्भीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया । कैथी गांव में शकलु तिवारी व मुकेश तिवारी के बीच वर्षो से जमीन का विवाद चला आ रहा था । इसे लेकर पहले भी जमकर मारपीट हो चुकी थी । सोमवार को पुनः मारपीट हो गयी । जिसमे एक पक्ष के मुकेश तिवारी व सोनू तिवारी बुरी तरह से घायल हो गये । घटना की सूचना पर पुलिस ने घायलों को चहनियां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा । जिसमे मुकेश की हालत गम्भीर देखकर उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया ।

### व्यापारी जल्द से जल्द लगवायें दुकानो में सीसीटीवी कैमरेः राहुल भदौरिया

**लालगंज रायबरेली।** सक्षम व्यापारी अपनी दुकानो में जल्द से जल्द सीसीटीवी कैमरे लगवाने का प्रयास करे। जिन दुकानो में पहले से कैमरे लगे है उन्हे व्यापारी 24 घंटे चलना सुनिश्चित करे। जिससे ठंड के समय होने वाली चोरी की घटनाओं को रोकने तथा उनके खुलासे में मदद मिल सके। उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने व्यापारियों से उक्त अपील करते हुए कहा कि ठंड के समय में पुलिस गस्त के बावजूद आयेदिन चोरी की घटनायें प्रकाश में आती है। ऐसे में उनसे बचने व घटना के खुलासे के लिये दुकानो में सीसीटीवी कैमरो की अहमियत बढ़ जाती है। श्री भदौरिया ने सक्षम व्यापारियों से अपील की है कि वे अपनी दुकानो के अंदर व बाहर गलियों की ओर कैमरो की व्यवस्था करे जिससे आसपास के छोटे दुकानदारो को भी राहत मिल सके। उन्होने कहा कि चोरी की घटनाओं को रोकने के लिये प्रसाशन के साथ व्यापारियों का सहयोग भी अति आवश्यक है। चौकी प्रभारी राजेश यादव ने भी व्यापारियों से सीसीटीवी कैमरो को लगवाने के साथ उनके संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने की बात कही। व्यापार मंडल के प्रभारी अनिल गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों से ठंड के समय रात्रि गस्त बढाये जाने की मांग करते हुए कहा कि जिस प्रकार व्यवस्तम करूणा बाजार चौराहे के निकट से बेकरी की दुकान में चोरी हुई है उससे व्यापरियों को अधिक सचेत रहने की आवश्यकता है। उन्होने व्यापारियें से कैमरे लगवाने के साथ खराब कैमरो को तत्काल ठीक कराये जाने की मांग की है।

### नशेड़ी चालक ने गांधी चौराहे में जमकर किया हंगामा

**लालगंज रायबरेली।** लखनऊ से फतेहपुर जा रही बस के नशेडी चालक ने गांधी चौराहे में जमकर हंगामा किया। पुलिस ने बस को कोतवाली पहुंचाकर सवारियों को दूसरी बस से भेजते हुए चालक का मेडिकल परीक्षण कराने के साथ आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रारम्भ कर दी है। जानकारी के अनुसार लखनऊ से सवाली लेकर फतेहपुर जा रही बस संख्या यूपी 34 टी 7601 के चालक व सवारी के बीच उतरने के लेकर हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई। जिसके चलते नाराज सवारी ने ड्राईवर की पिटाई कर दी जिससे नाराज होकर चालक ने बस को गांधी चौराहे के बीच में खडा कर हंगामा करना शुरू कर दी। जिसके बाद पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए तत्काल ड्राईवर को हिरासत में ले लिया और बस को कोतवाली पहुंचाया। बस सवार यात्रियों ने बताया कि चालक नशे में था जिसके चलते वह पीछे कई जगह दुर्घटनायें करके आया था। बहरहाल घटना के बाद बस की सवारियों को दूसरी बस में बैठाकर उनके गन्तव्यो तक भेजा गया।

### निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति करना ही हमारे निपुण भारत के निर्माण की नींव होगीः प्रियंका

**रायबरेली।** नगर संसाधन केंद्र पुलिस लाइन में खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र प्रियंका सिंह द्वारा शिक्षकों की मासिक समीक्षा बैठक की गयी जिसमे निपुण भारत, विद्यालयों के क्रिया कलापों, एमडीएम,कायाकल्प, शैक्षिक गुणवत्ता की समीक्षा हुई। प्रियंका सिंह ने कहा कि निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति करना ही हमारे निपुण भारत के निर्माण की नींव होगी। जिसके लिए सभी शिक्षकों को पूरे उत्साह व मनोयोग से कार्य करना होगा। बैठक में एमडीएम गुणवत्ता, विद्यालय की स्वच्छता, बच्चों की नियमित उपस्थित, शिक्षकों की समय से उपस्थित, अभिभावकों से संपर्क, डीबीटी, आउट ऑफस्कूल बच्चों के नामांकन में सुधार के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर क्षेत्र की कर्मठ एआरपी डॉ स्वेता सिंह को डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर सम्मानित किया गया। डॉ स्वेता सिंह ने डॉ बी पी सिंह विभागाध्यक्ष केएनआई सुल्तानपुर के निर्देशन में डॉक्टरेट की पढ़ाई को पूरा किया। प्रियंका सिंह ने बताया कि ऐसी उपलब्धियां हम सभी को गौरवान्वित करती हैं और प्रेरणा भी देती हैं। इस अवसर पर नगर के सभी शिक्षकों ने डॉ स्वेता सिंह को बधाई दी।

### अलाव ताप रही वृद्धा आग की चपेट मे आने से झुलसी,ट्रामा सेन्टर रेफर

**बछरावां रायबरेली।** सोमवार सुबह मदाखेड़ा गांव में सर्दी से बचने अलाव ताप रही पचासी वर्षीय वृद्धा कमला देवी की साड़ी आग की चपेट में आ गई । जिससे वह बुरी तरह से झुलस गई । पड़ोसियों ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद वृद्धा की हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है । कमला देवी अपने पुश्तैनी मकान में रहती हैं । उन्होंने अपनी देखरेख के लिए गांव की ही रहने वाली एक युवती बिट्टू को अपने घर में रखा हुआ है । घटना के वक्त बिट्टू खाना बना रहे थी । चीख पुकार पर जब तक आग पर काबू पाया जाता कमला देवी लगभग अस्सी प्रतिशत झुलस गई । पड़ोसियों ने उन्हें इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया । जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है अस्पताल अधीक्षक डॉ ए के जैसल ने बताया कि वृद्धा लगभग अस्सी प्रतिशत झुलस गई है । प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है ।

### पुलिस द्वारा 160 किग्रा गोमांस व गोवध करने के उपकरण के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा अभियान के क्रम में उ0नि0 मंजीत सिंह थाना फुरसतगंज जनपद मय हमराह द्वारा तालाश वांछित, देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर 04 अभियुक्तों हसन रजा पुत्र हमीद निवासी ग्राम मेडई का पुरवा मजरे तेदुआ थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी, मो0 वारिस उर्फ पप्पू पुत्र मो0 हनीफ निवासी ग्राम पूरे झींगुर मजरे तेदुआ थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी, मो0 रिजवान पुत्र मो0 इब्राहिम निवासी ग्राम पूरे झींगुर मजरे तेदुआ थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी एवं 4.राम नरेश पुत्र रामसुमेरे निवासी ग्राम बन्झोलिया मजरे बसौनी थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी को पूरे तुराब मजरे बसौनी से रेलवे लाइन के पास से गोवंश को काटकर पैकेट मे भरते समय, समय करीब 04:45 बजे प्रातः गिरफ्तार किया गया।

# इंडियन बैंक ने इंडशक्ति के माध्यम से किया रोड शो का आयोजन




पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**इंडियन** बैंक वाराणसी अंचल द्वारा सोमवार को बैंक की इंडशक्ति के प्रचार-प्रसार हेतु रोड शो का आयोजन किया गया। अंचल प्रबंधक राजेश की अगुवाई में यह रोड शो इंडियन बैंक की स्टेशन रोड शाखा से प्रारंभ हुआ तथा आसपास के क्षेत्र में बैंक कर्मियों ने स्थानीय नागरिकों एवं बैंक ग्राहकों को इस विशेष जमा योजना के लाभ से उन्हें अवगत कराया। रोड शो में शाखा के स्टाफ के साथ-साथ अंचल कार्यालय से मुख्य प्रबंधक राजीव तिवारी एवं वरिष्ठ प्रबंधक गौरव कुमार भी शामिल हुए। यह उल्लेखनीय है कि यह विशेष जमा योजना 19 दिसम्बर 2022 से प्रभावी हैं तथा सिर्फसीमित समय के लिए है। जमा योजना पर ब्याज दर में 7 से 7.15 प्रतिशत मिलेगा। इस योजना का लाभ अपने निकटतम शाखा पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# गोपालन हमारी संस्कृति का हिस्सा : मयंकेश्वर

- सिंहपुर में बृहद गो संरक्षण स्थल का लोकार्पण
- सवा करोड़ की लागत से पशुपालन विभाग ने कराया है निर्माण

संवाददाता। तिलोई,अमेठी



बृहद गो संरक्षण स्थल का लोकार्पण करते हुए राज्यमंत्री — पायनियर

**कभी समय** था जब गाय हमारी संस्कृति का हिस्सा हुआ करती थी। और हमारे जीवन की सहायक भी हुआ करती थी यह उद्गार उत्तर प्रदेश सरकार के संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने सिंहपुर विकास क्षेत्र के स्थानीय गांव पूरे फकीरे में पशुपालन विभाग द्वारा निर्मित कराए गए बृहद गो संरक्षण केंद्र के लोकार्पण के मौके पर व्यक्त किए। राज्य मंत्री ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में पहले समय था कि यदि किसी त्योहार के दिन हमारे घर में कोई मौत हो जाती थी तो वह त्योहार हड़ही माना जाता था।और वह त्योहार दुबारा तभी मनाया जाता था जब घर में कोई लड़का पैदा होता था या गाय बछड़ा देती थी।लेकिन आज बड़े दुर्भाग्य की बात है कि अपनी संकृति को भूलते हुए हम गो वंश को ही अपना लाभ उनसे निकालने के बाद आवारा छोड़ देते हैं।कुल मिलाकर हम लोग अपनी संस्कृति छोड़ पाश्चात्य संस्कृति की तरफ भाग रहें है जबकि यूरोप सहित सारी दुनिया के देशों के नागरिक भारत की सनातन संस्कृति की ओर आकर्षित हो रहे हैं। ब्लाक मुख्यालय की सिंहपुर ग्राम पंचायत के पूरे फकीरे में निर्मित इस बृहद गो संरक्षण स्थल के निर्माण की शुरुआत 9 सितंबर 2021को तत्कालीन विधायक और आज के संसदीय एवं चिकित्सा स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा कराई गई थी।हालांकि निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से चला जिसके चलते पंद्रह माह में इस बृहद गो आश्रय स्थल का निर्माण कार्य पूरा हो सका शिलान्यास के समय कहा गया था कि तीन माह में यह निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। सिंहपुर के इस बृहद गो आश्रय स्थल की क्षमता 350 पशुओं की है। एक करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले इस वृहद गो आश्रय स्थल में चार पक्के शेडों का निर्माण,एक भूसा गोदाम,कार्यालय, तीन बड़ी चरहियां और सोलर पैनल बैकप के साथ दस हजार लीटर पानी की क्षमता वाले पीवीसी टैंक का निर्माण हुआ है। इस गो आश्रय स्थल को निर्माण कराने वाली संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड अयोध्या द्वितीय है। कार्यक्रम की शुरुवात गो पूजा के साथ ही फीता काटकर मुख्य अतिथि ने गो संरक्षण केंद्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, उपजिलाधिकारी तिलोई फाल्गुनी सिंह, तिलोई के पूर्व प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना सिंह, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी,प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा जे पी सिंह, डा राजनरायन, कौशलेंद्र सिंह,मिंटू सिंह,लल्लन सिंह आदि बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि वह स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## नगर निकाय चुनाव को लेकर सपा ने लिया प्रत्याशियों का फीडबैक

**मीरजापुर।** आगामी नगर निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर समाजवादी पार्टी ने अहरौरा व चुनार नगर क्षेत्र में बैठक कर चेयरमैन व सभासद प्रत्याशियो ंका फीडबैक लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष और वार्ड सभासद चुनाव जीताने का संकल्प लिया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने चेयरमैन व सभासद प्रत्याशियों का फीडबैक लेते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी नगर निकाय चुनाव को पूरी ताकत के साथ लड़ेगी। सपा कार्यकर्ता पार्टी के प्रत्याशियों को विजय दिलाने के लिए नगरों के सभी मौहल्लो में जाकर डोर-टू-डोर सम्पर्क करने का काम करेंगे। उन्होने कहा कि सपा के सभी कार्यकर्ता एक जुट होकर नगर निकाय चुनाव के लिए जुट जाएं। जिससे नगर निकाय पर समाजवादी पार्टी का परचम फहराये। उन्होंने लगे हाथ भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण जनता परेशान है।

# एसजी पब्लिक स्कूल का पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

संवाददाता। मुगलसराय/चन्दौली



**रविनगर** स्थित एसजी पब्लिक स्कूल में पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शनिवार की शाम हुआ। इसमें प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। समापन सत्र का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रशांत कुमार तिवारी ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने मैथ रेस, फ्रॉग रेस, फर्राटा दौड़, सुई धागा दौड़, लंबी कूद, कबड्डी आदि प्रतियोगिताओं में अपने दमखम का परिचय दिया। विभिन्न वर्गों में सम्पन्न हुई प्रतियोगिताओं के गणित दौड़ में श्यामानुज विश्वकर्मा, यलमाज अंसारी, अक्सानाजीम, अराध्या सिंह व सौम्या गुप्ता ने प्रथम स्थान हासिल किया। वही फ्रॉग रेस में गोपीनाथ यादव, अनुज यादव, शिवांश मिश्रा व अराध्या पाल अव्वल रहे। सुई धागा दौड़ में इंशा नाज, श्रेया तिवारी व अजरा अंसारी ने पहला स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में अरीब खान, आदर्श कुमार, नेहा कुमार व अखिलेश यादव प्रथम रहे। वही बालक वर्ग के 100 मीटर दौड़ में अंश चंदेल, मोहम्मद नायब, आदर्श कुमार, प्रशांत यादव व अखिलेश यादव प्रथम रहे। वही बालिका वर्ग में शिफा सिद्दीकी, प्रिया यादव, सगुन त्रिपाठी, प्रीति कुमारी, अर्चना कुमारी व अंजली पांडेय अव्वल रही। जबकि कबड्डी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में टैगोर हाउस व बालक वर्ग में रमन हाउस की टीम चैंपियन रही। इस दौरान प्रबंध निदेशक अरुण कुमार अग्रवाल ने कहा कि प्रतियोगिता से बच्चों में सामाजिक सहभागिता व आत्मानुशासन का विकास होता है। वही प्रधानाचार्य प्रशांत तिवारी ने कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य हैं। इसलिए उनका बौद्धिक व शारीरिक विकास जरूरी है। जिसके लिए खेलकूद आवश्यक है। इस मौके पर अविनाश सेठ, देवाशीष गोस्वामी, प्रकाश शर्मा, अरुणिमा, पुष्पा, समन आदि मौजूद रहे।

# अग्रसेन सेवा संस्थान के तत्वाधान में दिव्यांगों को वितरित किया गया कंबल

- डीसीपी (काशी जोन)आर एस गौतम को अग्रसेन संस्थान ने किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**बढ़ती ठंड** एवं गलन को देखते हुए श्री अग्रसेन सेवा संस्थान द्वारा मैदागिन गोलघर स्थित श्री अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज में वाराणसी बधिर सोसाइटी के 80 दिव्यांग लोगों को कंबल वितरित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि आर एस गौतम (डीसीपी, काशी जोन) ने कहा कि संस्थान द्वारा किया जा रहा है यह कार्य स्तुतनीय हैं। बाबा श्री काशी विश्वनाथ से यह प्रार्थना है कि वह संस्थान को इतना निर्भर बनाएं कि वह हर जरूरतमंद का सहयोग कर सकें। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद राजेश अग्रवाल (अपर नगर आयुक्त) ने कहा कि आज का यह सेवा कार्य दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का एक सफल प्रयास है। जिन्होंने समाज के उत्साहवर्धन से स्त्री स्पर्धा में प्रतिनिधित्व किया है। विशिष्ट अतिथि अशोक जी सर्राफ (निवर्तमान उपसभापति श्री काशी अग्रवाल समाज एवं समाजसेवी) ने कहा कि संस्था द्वारा संचालित नेत्र शिविर संस्थान की पहचान है। जिस के सफल आयोजन के लिए वह सदैव तत्पर रहेंगे। संस्थान के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल (आढत वाले) ने धन्यवाद ज्ञापन एवं संचालन सचिन अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संस्थान के प्रधानमंत्री संजय कुमार अग्रवाल गिरिराज, अनिल कुमार जैन, हरीश अग्रवाल, विष्णु जैन, अनिल बंसल, वल्लभदास चंपालाल, संतोष अग्रवाल 'कर्णघंटा' राजकिशोर चंद्र अग्रवाल, राजेश जैन 'जौहरी' प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# डीएम नें हथवानी में प्राथमिक विद्यालय आवास व शौचालय का किया निरीक्षण

संवाददाता। सोनभद्र



**जिलाधिकारी** चंद्र विजय सिंह ने विकास खण्ड दूद्धी के दुरूह ग्राम पंचायत हथवानी के प्राथमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल में बच्चों को दी जा रही शिक्षा की स्थिति का मौके पर जायजा लिया और बच्चों को दिये जा रहे मध्यान भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने स्मार्ट क्लास व लाइब्रेरी का निरीक्षण कर, बच्चों को दी जा रही शिक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी अध्यापकों से की, जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित प्रधानाचार्य व ग्राम सचिव को निर्देशित करते हुए कहा की आपसी समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालय में जो भी कार्य अधूरे हैं, उनका प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत किया जाये, बजट प्राप्त होते ही कार्य को पूरा कर लिया जाए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बारती जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा की विद्यालय में इंटरलाकिंग, चहारदिवारी का कार्य कराने के साथ ही परिसर में साफसफाई के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने हथवानी ग्राम पंचायत के सरिता देवी पत्नी शिव कुमार के मुख्यमंत्री आवास के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया, आवास के निर्माण कार्य में प्रयोग की जा रहे हैं ईट को देखा और ईट को तोड़ कर देखा तो ईट थर्ड क्वालिटी का मिला, जिस पर मौके पर उपस्थित ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान को निर्देशित करते हुए कहा कि ईट को तत्काल हटाकर अच्छे क्वालिटी का ईट का प्रयोग किया जाए, और विशेष ध्यान दिया जाए कि आवास के निर्माण कार्य में अच्छे किस्म के ईट का प्रयोग कर निर्माण कार्य पूरा कराया जाए। इसी प्रकार से पास में स्थित शौचालय का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया, तो शौचालय में काफी गंदगी पड़ा मिला, जिस पर मौके पर उपस्थित जिला पंचायत राज अधिकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि गांव में बने शौचालयों को विशेष ध्यान दिया जाए, और सभी शौचालय को संचालित कराकर उपयोग में लाया जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता न बरती जाये।

# सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव का परिणाम घोषित

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

- अध्यक्ष प्रभुनारायण पांडेय व महामंत्री शशिकांत दूबे निर्वाचित
- कचहरी में ढोल-नगाड़ो की थाप पर हर-हर महादेव का लगा उद्घोष




**पूर्वांचल** के सबसे बड़े बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव का परिणाम गहमागहमी के बीच रविवार देर शाम को घोषित किया गया। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष राधेलाल श्रीवास्तव के अनुसार दी सेंट्रल बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर प्रभुनारायण पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर गिरिजेश सिंह व महामंत्री पद पर शशिकांत दूबे ने भारी मतों से जीत दर्ज की है। चुनाव परिणाम की घोषणा होते ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सर्मथक अधिवक्ताओं ने फूल-मालाओं से लादकर ढोल-नगाड़ों की थाप पर हर-हर महादेव का उद्घोष किया। इसी के साथ पखवारे भर से कचहरी परिषद का चुनाव माहौल सामान्य हो गया। सेंट्रल बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव-2023 के लिए शनिवार को मतदान हुआ था। इसमें लगभग 71 फीसदी वोट पड़े थे। कुल 6255 मतदाताओं में से 4438 अधिवक्ताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया था। रविवार को सुबह आठ बजे से कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना प्रारंभ हुई। अध्यक्ष पद पर शुरु से ही प्रभुनारायण पाण्डेय अपनी बढ़त बनाए हुए थे। जबकि प्रतिष्ठापरक महामंत्री पद पर भी शशिकांत दूबे ने भी शुरुआत से ही भारी बढ़त बनाए रखा। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पर काटे की टक्कर दिखी। इसी तरह अन्य सभी पदों पर जो भी प्रत्याशी बढ़ाए हुए थे वो सब गिनती के अंत तक विजय हासिल किए है। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अंजनी श्रीवास्तव मत 16 मतों से निर्वाचित हुए है। संयुक्त मंत्री प्रशासन पद रतनदीप सिंह 'रतन' तथा संयुक्त मंत्री प्रकाशन व पुस्तकालय महेश कुमार तिवारी भी कांटे के मुकाबले में जीता। इस पद पर महिला सुनंदा सहाय को मात्र 26 मत से हार गई।कोषाध्यक्ष के पद पर लाल बहादुर लाल और आय-व्यय निरीक्षक पद पर मनोज कुमार शुक्ला निर्वाचित हुए। प्रबंध समिति के 15 र्वष से कम अनुभव पद पर अनूप कुमार, प्रेमचंद मिश्र, सुशील कुमार श्रीवास्तव, चन्द भान मौर्य, आशीष कुमार चौहान और राहुल सिंह प्रबंध समिति सदस्य 15 र्वष से ऊपर अनुभव पद पर शलेश कुमार पाण्डेय, आशीष कुमार सिंह, मनोज कुमार शर्मा, उमेश कुमार सिंह, गुरु प्रसाद यादव, सूर्यभान सिंह निर्वाचित घोषित किए गए। सेंट्रल बार के वरिष्ठ समिति के अध्यक्ष के अलावा एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन राधेलाल श्रीवास्तव के अलावा समिति के सदस्यों राधेमोहन त्रिपाठी, केशर रॉय, जेपी सिंह,महफूज आलम और अजय श्रीवास्तव व सन्तोष कुमार सिंह, सेंट्रल बार के अध्यक्ष मोहन यादव महामंत्री अश्वनी राय, बनारस बार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह, अशोक राय आदि सहायक चुनाव अधिकारियों के सहयोग से सकुशल मतगणना सम्पन्न कराया। अन्य अधिवक्ताओं ने मतगणना में सहयोग दिया। साथ ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

## मासूम बालक को युवक ने चाकुओं से गोदा

**अमेठी।** देर शाम खेत में पानी लगाये मासूम बालक की युवक ने चाकुओं से गोद डाला, जिसका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा हैं। कोतवाली अमेठी क्षेत्र के धमरावा जंगल राम नगर वासी सरोजा पत्नी राकेश कुमार यादव रविवार को लगभग पांच बजे आलू के खेत में पानी लगाई थी, उस समय उनके साथ उनका इकलौता पुत्र अंश उम्र 10 वर्ष भी था। खेत में पानी से भीग जाने के कारण उसकी मां ने घर जाकर कपड़ा बदलने के लिए भेज दिया। इस बीच गांव का रूपेश कुमार पुत्र रंजीत 15 वर्ष उसे घर से बुलाकर खेत ले गया। जहां सूनसान जगह ले जाकर चाकुओं से ताबड़तोड़ कई बार कर दिया। हल्ला गुहार हो जाने पर ग्रामीणों के आ जाने पर रूपेश वहां से भाग गया। परिजन आनन फानन में जिला अस्पताल ले गए। जिसके बाद परिजन जिला मुख्यालय के निजी अस्पताल पर इलाज कराने के ले गए। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बारे में कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पीड़ित परिजन ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी हैं।

## खाद्य सुरक्षा
### अनाज खरीद की सीमा

**भारत** में अनाजों की सरकारी खरीद में कमी आई है जिससे कुछ लोगों की राय में खाद्य सुरक्षा पर खतरा पैदा हो सकता है। हालांकि, सरकार ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा है कि देश में समुचित मात्रा में खाद्यान्नों का आरक्षित भंडार है और देश में खाद्य असुरक्षा जैसी कोई स्थिति पैदा होने की आशंका नहीं है। आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार भारत सरकार के पास केन्द्रीय भंडार में अनाजों का काफी भंडार है। इससे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए व अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए अतिरिक्त आबंटन को पूरा किया जा सकता है। खाद्यान्न वितरण की अन्य कल्याणकारी योजनाओं में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-पीएमजीकेवाई का सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान है। हाल में जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, 15 दिसंबर तक केन्द्रीय भंडारों में लगभग 180 लाख टन गेंहू तथा 111 लाख टन चावल था। सरकार द्वारा जारी अनाजों की खरीद तथा खपत की दर को देखते हुए 1 जनवरी, 2023 को लगभग 159 लाख टन गेंहू व 104 लाख टन चावल उपलब्ध होंगे। लेकिन विपक्ष के अनुसार इस रिपोर्ट तथा कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा संसद में दिए बयान में कुछ विरोधाभास नजर आते हैं। विपक्ष ने इस बारे में सवाल उठाए हैं। कृषि मंत्री ने सदन में बयान दिया था कि भारत में वर्तमान समय में गेंहू का भंडार अनिवार्य सीमा से कुछ कम हो गया है। पिछले एक दशक में पहली बार निर्धारित संरक्षित भंडार के मानकों के अनुसार इसमें थोड़ी कमी आई है। केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा था कि देश के पास केन्द्रीय चावल व गेंहू का संयुक्त रूप से अन्न भंडार 1 दिसंबर को 30.5 मिलियन टन था। कृषि मंत्री ने बताया कि 'इसमें गेंहू का भंडार 19 मिलियन टन व चावल का भंडार 11.5 मिलियन टन था।' कृषि मंत्री के संसद में दिए बयान तथा सरकार के आधिकारिक बयान के बीच विसंगति पर गौर करना चाहिए। इसे दूर करना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इससे भ्रम की स्थिति पैदा होती है तथा विपक्ष को देश में भूख व कुपोषण से निपटने की सरकार की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाने का मौका मिल जाता है।



संयुक्त राष्ट्रसंघ के अनुसार, भारत में लगभग 195 मिलियन कुपोषित लोग हैं। इसके साथ ही भारत में बच्चों का लगभग 43 प्रतिशत कुपोषित है।

हालांकि, भारत सरकार तथा अनेक अर्थशास्त्रियों ने भूख व कुपोषण के इन आंकड़ों पर सवाल उठाए हैं और उनको संतोषजनक नहीं माना है। उनका कहना है कि भारत में स्थिति तुलनात्मक रूप से बहुत अच्छी है और ये आंकड़े वास्तविकता का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। वैसे वैश्विक आंकड़ों के अनुसार भारत खाद्य सुरक्षा सूचकांक, 2022 में शामिल 113 प्रमुख देशों में 68वें स्थान पर है। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि आधिकारिक दावों के उलट पिछले साल कम उत्पादन के कारण गेंहू की खरीद लक्ष्य से कम रही। इसके साथ ही किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी से अधिक कीमतें मिलने पर अनाज खुले बाजार में बेचा। इस कारण भी सरकारी गोदामों में पहले की तुलना में कम अनाज आया। संभवत: इस लिए केन्द्रीय भंडार में गेंहू के उपयुक्त भंडार की गारंटी के लिए एनएफएसए व पीएमजीकेवाई में चावल आबंटन पर ज्यादा जोर दिया गया। आंकड़ों के अनुसार देश में अत्यधिक खाद्य असुरक्षा का सामना करने वाले लोगों की संख्या 2018-20 में 20.3 प्रतिशत से बढ़ कर 2019-21 में 22.3 प्रतिशत हो गई है। इसका कारण कोरानावायरस वैश्विक महामारी और उसके कारण रोजगारों व नौकरियों पर पड़ने वाला प्रभाव हो सकता है। जनता की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-पीएमजीकेवाई का समय कई बार बढ़ाया गया है, जबकि अनेक धुर-दक्षिणपंथी अर्थशास्त्री इस योजना के विस्तार के पक्ष में नहीं हैं। वर्तमान समय में सरकार को आंकड़ों में दिखी संभावित विसंगतियां दूर कर जनता के सामने स्पष्ट तस्वीर रखनी चाहिए।

# चीन से आयात घटाने का रास्ता

**यदि भारत आयात कर बढ़ा कर चीन से आयातों पर नियंत्रण करे तो इससे व्यापार घाटा कम होगा तथा विदेशी मुद्रा भंडार पर बोझ घटेगा।**



**अश्विनी महाजन**
(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)



वर्ष 2022 के पहले नौ महीनों में चीन से आयात बढ़ कर 89.66 बिलियन डालर हो गया। 2021 के इसी कालखंड में आयात केवल 68.46 बिलियन डालर था। चीन से आयात पूरे वर्ष 2021 में 97.5 बिलियन डालर थे और यदि यही गति बनी रही तो चीन से आयात 2022 में 120 बिलियन डालर का आंकड़ा पार कर सकते हैं। चीन से आयात बढ़ना गंभीर चिन्ता का विषय है क्योंकि इससे व्यापार घाटा बढ़ता है तथा इसके परिणामस्वरूप देश पर विदेशी मुद्रा का दायित्व भी बढ़ता है। यदि हम इस साल के पहले नौ महीनों पर गौर करें तो चीन को भारत से कुल निर्यात केवल 13.97 बिलियन डालर था जिसका अर्थ 75.69 बिलियन डालर का व्यापार घाटा है। विश्वास किया जाता है कि इस वर्ष के अंत तक चीन के साथ व्यापार घाटा 100 बिलियन डालर तक पहुंच सकता है जो एक रिकार्ड होगा।

महत्वपूर्ण है कि चीन से बढ़ते आयात व भारत की चीन पर बढ़ती निर्भरता को देखते हुए सरकार ने 'आत्मनिर्भर भारत' योजना के अंतर्गत अनेक कदम उठाए हैं। सबसे पहले 14 उद्योगों की पहचान की गई जिनमें एलेक्ट्रानिक्स, चिकित्सा उपकरण, एक्टिव फार्मास्यूटिकल इन्ग्रीडिएंट्स-एपीआई, दूरसंचार उत्पाद, खाद्य उत्पाद, एसी, एलईडी, उच्च क्षमता वाले सोलर पीवी माड्यूल, आटोमोबाइल व आटो एससरीज़, टेक्सटाइल उत्पाद, स्पेशल स्टील, ड्रोन, आदि शामिल हैं। चीन से बढ़ते आयातों से पैदा प्रतियोगिता के कारण ये उद्योग या तो बंद हो गए थे या बंदी की कगार पर थे। चीन द्वारा अत्यधिक सस्ती कीमतों पर 'डंपिंग', चीन सरकार द्वारा दी जाने वाली निर्यात सब्सिडी, तत्कालीन सरकार की संवेदनहीन नीतियों तथा आयात करों में लगातार कमी के कारण चीन को भारतीय बाजारों पर कब्जे का मौका मिल गया। सवाल है कि चीन से आयात क्यों बढ़ रहे हैं? आज जब भारत सरकार बंद या बंदी की कगार पर पहुंच चुके उद्योगों में पीएलआई योजना, तकनीकी सहायता तथा 'आत्मनिर्भर भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक कदम उठा रही है तब चीनी आयात बेलगाम तरीके से क्यों बढ़ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि चीनी एलेक्ट्रानिक व एलेक्ट्रिकल मशीनरी तथा उसके हिस्सों, एक्टिव फार्मास्यूटिकल इन्ग्रीडिएंट-एपीआई व अन्य वस्तुओं का आयात तेजी से बढ़ रहा है। सरकार का तर्क है कि चूंकि चीन से सहायक वस्तुओं का आयात बढ़ रहा है, इसका अर्थ है कि यह अच्छा संकेत है क्योंकि भारत में विनिर्माण बढ़ रहा है। यह भी कहा जाता है कि चीन से सहायक वस्तुएं सस्ती कीमतों पर मिलती हैं, इसलिए उत्पादन की लागत घटती है जिससे भारतीय उद्योग ज्यादा प्रतियोगी बनते हैं। इस तर्क के आधार पर वैश्वीकरण-समर्थक अर्थशास्त्री आयातों की ज्यादा चिन्ता करने के बजाय आयात करों में और ज्यादा कटौती की मांग करते हैं। महत्वपूर्ण है कि देश में चीनी वस्तुओं के भारी विरोध के बावजूद चीनी आयात तेजी से लगातार बढ़ रहे हैं। इसका कारण यह है कि चीन से आयात होने वाली ज्यादातर चीजें तैयार उत्पाद नहीं हैं, बल्कि वे पूंजी तथा सहायक वस्तुए हैं जिनमें मशीनरी व रसायन शामिल हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या भारत में इन सहायक वस्तुओं को तैयार करने की क्षमता नहीं है? शायद यह कहना सही नहीं है। यह समझ के बाहर है कि जो देश अंतरिक्ष, साफ्टवेयर, आटोमोबाइल, मिसाइलों, आदि अनेक क्षेत्रों में सुपरपावर है वह शून्य तकनीक वाली सहायक वस्तुएं नहीं बना सकता है। यह समझने की जरूरत है कि चीन ने सस्ती चीजें बेच कर तथा अनेक अनुचित व्यापार व्यवहार अपना कर भारत की निर्माण क्षमता में बाधा डाली है और यह षडयंत्र समाप्त होने वाला नहीं है। कहा जाता है कि बिजनेस एक प्रकार का युद्ध है और उसे इसी प्रकार लड़ा जाना चाहिए।

इस संबंध में एक्टिव फार्मास्यूटिकल इन्ग्रीडिएंट-एपीआई एक उत्कृष्ट उदाहरण है। बीस साल पहले भारत अपनी एपीआई आवश्यकताओं का 90 प्रतिशत तैयार करता था, जबकि चीन व अन्य देशों से डंपिंग के कारण हमारा एपीआई उद्योग डूब गया और आज एपीआई की 90 प्रतिशत जरूरतें आयात से पूरी होती हैं। हमारे दवा उद्योग की इतनी अधिक निर्भरता न केवल अर्थव्यवस्था, बल्कि स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए भी खतरनाक है। न केवल पीएलआई, बल्कि सरकार ने अनेक सहायक कदम उठाए हैं ताकि भविष्य में चीनी आयात से उभरते भारतीय उद्योगों को कोई खतरा न पैदा हो। यहां सवाल केवल चीन से सीधे आयातों का नहीं है। देश में चीनी आयातों की बड़ी मात्रा विभिन्न एशियान देशों के माध्यम से आती है। महत्वपूर्ण रूप से भारत का एशियान देशों से मुक्त व्यापार समझौता है जिसके अंतर्गत विभिन्न एशियान देशों से आयात शून्य आयात ड्यूटी पर आते हैं। जब भारतीय अधिकारियों ने मूल उत्पादक देश की शर्त लागू कर चीनी आयातों पर लगाम लगाने की कोशिश की ता चीनी कंपनियों ने अपनी फैक्ट्रियां केवल एशियान देशों में लगाना शुरू कर दीं। इसके कारण अब चीनी उत्पादों को 'चीनी' मुहर के कारण आने से रोकना संभव नहीं है। इसके लिए भारत-एशियान मुक्त व्यापार समझौते-एफटीए की समीक्षा की जरूरत है। इसके अतिरिक्त अनेक विदेशी आटोमोबाइल व अन्य कंपनियां भारत में काम कर रही हैं जो विदेशों में बने स्पेयर पार्ट प्रयोग करती हैं। जब भारत ने मोबाइल फोनों पर आयात कर बढ़ा दिया तो अनेक विदेशी कंपनियों ने भारत में विनिर्माण शुरू कर दिया। लेकिन आज भी उनके हिस्से-पुर्जे बड़ी संख्या में चीन समेत अन्य देशों से आयात होते हैं। भारत में टेक्सटाइल व वस्त्र उद्योग के क्षेत्र में कच्चे माल व सहायक उत्पादों की काफी क्षमता है। लेकिन विदेशों से भारी आयात के कारण इस क्षेत्र में क्षमता का बहुत कम उपयोग हो पा रहा है। उदाहरण के लिए, 2020-21 की तुलना में चीन से 2021-22 में टेक्सटाइल आयात में 46.2 प्रतिशत वृद्धि हुई जिसके कारण टेक्सटाइल क्षेत्र में क्षमता का बहुत कम उपयोग हो पा रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले एक साल में चीन से होने वाला अधिकांश आयात पहले की तुलना में काफी बढ़ा है, फिर चाहे वह टेक्सटाइल हो या रसायन, प्लास्टिक वस्तुएं व मशीनरी। एक ओर सरकार पीएलआई योजना पर भारी खर्च के माध्यम से उन उद्योगों को जीवित करने का प्रयास कर रही है जो चीन से प्रतियोगिता के कारण नष्ट हो गए हैं या अत्यधिक प्रभावित हैं। हालांकि, पीएलआई योजना व अन्य उपायों के नतीजे सामने आना अभी बाकी हैं, पर सके अतिरिक्त कुछ अन्य कदम उठाने की आवश्यकता है। इस संबंध में हम अमेरिका से काफी सीख सकते हैं।

2018 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अनेक क्षेत्रों में आयात कर बढ़ा दिए। कुल मिला कर चीन से 250 बिलियन डालर आयात पर 25 प्रतिशत कर बढ़ाया गया। इसका स्पष्ट परिणाम चीन से आयातों में भारी कमी के रूप में सामने आया। 2017 में चीन से इन वस्तुओं का कुल आयात 231.7 बिलियन डालर था, जो 2021 में 147.5 बिलियन डालर रह गया। यदि इसी रास्ते पर चलते हुए भारत भी चीन से आयातों पर आयात कर बढ़ा दे तो उसे दो लाभ होंगे। इससे देश का व्यापार घाटा कम होगा तथा विदेशी मुद्रा पर बोझ भी कम हो जाएगा। दूसरा, इन उद्योगों के प्रोत्साहन से विनिर्माण में जीडीपी तथा रोजगार बढ़ेगा। यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि आज भी हमारा औसतन आयात कर 10 प्रतिशत है। अत: भारत आयात कर में काफी वृद्धि कर सकता है क्योंकि विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ नियमों के आधार पर भी वह इसे 40 प्रतिशत तक बढ़ा सकता है।

# तालिबान के बढ़ते अत्याचार

**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



अफगानिस्तान में कोड़े मारने की घटनाएं दर्शाती हैं कि तालिबान नहीं बदला है। यह उतना ही निर्मम है जितना दो दशक पहले था। जिन लोगों ने इंकार किया था कि तालिबान जंगली थे या उन्होंने दावा किया था कि उन्होंने उस जंगलीपन को त्याग दिया है जो 1996 से 2001 तक अफगानिस्तान में उनकी सत्ता में पिछले कार्यकाल की विशेषता थी, अब उन्हें भारी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में पुरुषों, यहां तक कि महिलाओं की निर्मम पिटाई से एक बार फिर संकेत मिलता है कि वे मध्यकालीन बर्बर हैं, बगैर पुरुष-संरक्षण के खरीदारी करने के लिए गई एक महिला की पिटाई से पता चलता है कि वे भी भयानक दुराचारी थे।

देश के लोगों पर भयानक जीवन थोपने के अलावा, तालिबान द्वारा अफगानिस्तान में सत्ता पर जबरन कब्जा करना, दुनिया पर होने वाले उनके हमलों का भारी हवाला देते हुए, दुनिया भर में कट्टरपंथी इस्लामिक आतंकवादियों का भयावह संदेश देता है। 8 दिसंबर, 2022 को द टेलीग्राफ (यूके) में जो वालेन की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामिक स्टेट - खुरासान प्रांत (आईएस-केपी), जो इस्लामिक स्टेट ऑफ सीरिया एंड लेवेंट (आईएसआईएल) से संबद्ध है, ने अपराध किया है अफगानिस्तान में (अगस्त 2021 में) तालिबान के सत्ता में आने के बाद से कम से कम 220 हमले हुए हैं और पेंटागन ने चेतावनी दी है कि वह 2023 तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमले शुरू करने के लिए तैयार हो जाएगा। तालिबान, जो दीर्घकालिक और खूनी अभियान के बावजूद अफगानिस्तान में आईएस-केपी के प्रभाव के त्वरित विस्तार को रोकने में पूर्णतया विफल रहा है, अगले कुछ वर्षों के दौरान तैयार हो जाने पर अपना वैश्विक जिहाद शुरू करेगा। ऐसा कोई भी तर्क कि उनका ऐसा करने का कोई इरादा नहीं है, उतना ही हास्यास्पद होगा, जितना कि यह, कि वह जंगली नहीं है, या अब जंगली नहीं रह गया है।



तालिबान वैश्विक जिहाद की सैद्धांतिक और रणनीतिक अनिवार्यता में विश्वास करता है, लेकिन दावा करता है कि इसके संचालन को परिस्थितियों के अनुसार सक्षम किया जाना चाहिए, और इस्लामी न्यायशास्त्र के हनफी और शफी दोनों केन्द्र व्यापक रणनीतिक जिहादी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए काफिरों के साथ युद्धविराम को वैधता प्रदान करते हैं। हालांकि, आईएस-केपी ने उन पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ 29 फरवरी, 2020 के दोहा समझौते पर हस्ताक्षर कर जिहाद छोड़ने का आरोप लगाया है। इसने तालिबान को धर्म छोड़ने वाला करार दिया है, जो बाद में हुई हत्याओं को सही ठहराता है। जैसे जैसे आईएस-केपी के साथ संघर्ष बढ़ता जाता है, तालिबान पर बढ़ती कट्टर नीतियों को आगे बढ़ाने और यह साबित करने का कि वे अमेरिका के हाथों बिक नहीं गए हैं , अपने वैश्विक जिहाद को तेज करने का दबाव होगा। यह उन अन्य जिहादी समूहों की कार्रवाइयों के अलावा होगा, जो उनके सत्ता में आने के संदेश से भड़के हुए हैं। यह हवाई समर्थन के बिना हल्के हथियारों से लैस मिलिशिया के लिए संभव था मगर संयुक्त राज्य अमेरिका जैसी शक्तिशाली महाशक्ति को हराने के लिए एक जिहादी उत्साह और विचारधारा से लैस था। निस्संदेह, तालिबान की जीत में पाकिस्तान का समर्थन एक निर्णायक कारक था। हालांकि, यह गुप्त था क्योंकि इस्लामाबाद को वाशिंगटन के तालिबान पर होने वाले युद्ध में सहयोगी चेहरे के बतौर साथ रहना था। वैसे भी, पाकिस्तान अमेरिका और उसके नाटो सहयोगियों द्वारा हामिद करजई व अशरफगनी सरकारों को प्रदान की जाने वाली सहायता और युद्ध समर्थन की बराबरी करने तक की स्थिति में नहीं था। तालिबान द्वारा शरिया कानून के तहत क्रूर दंड का प्रवर्तन करने की दुनिया के बहुसंख्यक देशों द्वारा तीखी आलोचना के बावजूद, दुनिया भर में कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवादियों को दिखाकर तालिबान वैश्विक जिहाद को और बढ़ावा देगा कि वे भी अपने देश में, और अंतत: पूरी दुनिया में, एक इस्लामी अमीरात स्थापित करके इस्लामी न्यायशास्त्र को लागू कर सकते हैं।

वैश्विक जिहाद की प्रगति के लिए एक तर्कसंगत अनुक्रम बनाने के लिए, इसकी शुरुआत पाकिस्तान, भारत और बांग्लादेश के अलावा मध्य एशिया के पड़ोसी देशों से होने की संभावना है। प्रारंभ में, अफगानिस्तान में घटनाओं से प्रभावित स्थानीय पांचवें स्तंभों की मदद से फैलाया गया आतंकवाद मुख्य हथियार होगा। जिहादियों की अपेक्षा में , अफगानिस्तान में तालिबानी ढंग से आगे बढ़ने की प्रक्रिया उसी तरह की बदनामी के लिए प्रसिद्ध होगी, जो अफगानिस्तान में देखी गई थी। जबरदस्त शक्तिशाली अमेरिका और उसके सहयोगी निश्चित रूप से जिहादी उभार को कुचल सकते हैं।

दुनिया, जो पहले से ही कोविड-19 महामारी और यूक्रेन युद्ध के कारण पस्त है, को हालांकि, इस प्रक्रिया में खामियाजा भुगतना होगा। उदारवादी एंग्लो-सैक्सन न्यायशास्त्र की तोपों से चिपके रहकर आतंकवाद को कुचला नहीं जा सकता। जैसा कि अनुभव बताता है, बदले की कार्रवाई का डर कई गवाहों को आतंकवादियों के खिलाफ गवाही देने से, वकीलों को उनके खिलाफ खड़ा होने से, और कुछ न्यायाधीशों को उन्हें दोषी ठहराने से रोकती है। हिंसा का खतरा अदालतों को बंद करा सकता है। कठोर आतंकवाद विरोधी कानून, जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अधिकारों को गंभीर रूप से प्रतिबंधित करते हैं, पहले से ही भारत सहित कई देशों की कानून की किताबों में हैं। अधिक कठोर कानून लागू हो सकते हैं, जो यथास्थिति वादी, हालांकि खतरनाक अधिनायकवादी लोकतंत्र की ओ ले जा सकते हैं, जिनके पास उन किताबों के अनुसार चलने का एक तरीका होता है, भले ही जिनकी अब आवश्यकता न रह गयी हो।

आशा है कि सहायता और मित्रता उदार हो सकती है और तालिबान पर विजय प्राप्त कर सकती है, जो रेत को स्थानांतरित करने पर टिकी होती है। पाकिस्तान से अधिक, किसी भी देश ने तालिबान की मदद नहीं की है, जो अब अफगानिस्तान के साथ सीमा संघर्ष का सामना करता है और काबुल के तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) क्षा समर्थन प्राप्त है, जो इस्लामाबाद के खिलाफ एक हिंसक अभियान छेड़ा हुआ है। दुनिया को इसके संकट से बचाने के लिए तालिबान को सत्ता से बेदखल करना होगा। नई दिल्ली को इसे ध्यान में रखने की जरूरत है। तालिबान ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद को शरण देना जारी रखा है, दोनों शातिर आतंकी समूह मुख्य रूप से भारत को निशाना बनाए हुए हैं।

## आप की बात

### चीन से खतरा

**चीन** की विस्तारवादी नीति हमारे लिए ही नहीं बल्कि पड़ोसी देशों के साथ-साथ चीन के लिए भी घातक हो चुकी है। हाल ही में तवांग में की गई हरकत का भारत ने पूर्व की भांति मुंहतोड़ जवाब चीन को दे दिया है और चीन इसका आदि हो चुका है, किंतु हरकतों से भी बाज नहीं आता है। सीमा कानून का उल्लंघन और सैनिकों से मुठभेड़ आदि आए दिन भारत के साथ शरारतें करना और प्रस्तावों पर बाधक बनना अब असहनीय हो चुका है। चीनी राष्ट्रपति की नीति तुलना जर्मनी के हिटलर से चीन की जनता भी कर रही है। संपादकीय 'चीन पर चर्चा' में उल्लेख है कि चीन से विवाद पर विपक्ष खुल कर सरकार के साथ नहीं है, जकि राष्ट्रीय हित के मद्देनजर सभी को एकमत और एकजुट होना होगा, क्योंकि अब तक की वार्ताएं किसी खास निष्कर्ष पर नहीं पहुंचने से चीन के प्रति 'जैसे के साथ तैसा' या चीन की नीति और नीयत के अनुसार ही निपटने की नीति बना कर चीन की अक्ल ठिकाने लगानी होगी। दुनिया में भारत व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बढ़ते सम्मान को देखते हुए चीन को यह गलतफहमी नहीं पालनी चाहिए कि यह 1962 वाला भारत है जिसे दबाया जा सकता है। आज भारत चीन को उसकी भाषा में जवाब देने में पूर्णत: सक्षम है।

**बी एल शर्मा,** उज्जैन

### शराबबंदी पर सवाल

**बिहार** में शराबबंदी के बावजूद शराब पीने से बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु इस बात का संकेत है कि बिहार में शराबबंदी कामयाब नहीं हो पाई है। हाल के घटनाक्रम में बिहार में शराब पीने से 40 लोगों की मृत्यु पर विपक्ष हमलावर है। लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री कड़ा रुख अपनाते हुए कोई मुआवजा ना देने के साथ ही शराबबंदी की वकालत करते हैं। मेरा मानना है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सर्वदलीय बैठक बुलाकर चर्चा करनी चाहिए ताकि शराबबंदी की नीति पर पुनर्विचार करते हुए शराब की बिक्री लागू कर केवल सरकारी ठेकों के माध्यम से किया जाए जैसा कि दिल्ली में होता है ताकि जहरीली शराब पीने पर रोक लगाई जा सके। बिहार में शराबबंदी के कारण बहुत बड़ा राजस्व का घाटा भी हो रहा है यदि बिहार में शराब की बिक्री लागू करती है और यह संभव है कि बिहार सरकार की जन कल्याण योजना पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा होगा। मेरा यह भी मानना है कि यदि केंद्र सरकार पहल करके शराब बिक्री की एक राष्ट्रव्यापी नीति घोषित करें और पूरे देश में एक ही एमआरपी पर शराब की बिक्री उपलब्ध कराए तो देश में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाई जा सेकेगी।

**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### विदेश गमन

**कोई** भी इंसान आसानी से अपनी जन्म भूमि, अपना देश नहीं छोड़ता है। आज़ादी के बाद से, पिछले आठ वर्षों में नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या बढ़ी है। पिछले पांच वर्षों में नागरिकता त्यागने वालों की संख्या में 36 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान सरकार सबसे तेज़ गति से विकास के दावे कर रही है। आर्थिक मंदी के कोई आसार नहीं है। औद्योगिक एवं व्यापारिक वातावरण काफी दोस्ताना तरीके से फल-फूल रहा है। व्यापारी जीएसटी से काफी खुश हैं। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, उत्तर भारत से लेकर उत्तर पूर्व तक शान्ति व्याप्त हो चुकी है, फिर भी लोग जा रहे हैं। इसका मतलब ये है कि विचारधारा एवं राजनीति के क्षेत्र में देश बुरी तरह विभाजित है। इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि रोजी-रोटी की तलाश के साथ ही बहुत से मध्यवर्गीय व उच्च मध्यवर्गीय लोग विदेशों में ज्यादा पैसा कमाने के लिए जा रहे हैं। ऐसे लोग विदेशों से देश में बड़ी मात्रा में पैसा भेजते हैं और भारत अनिवासी नागरिकों से सर्वाधिक पैसा पाने वाला देश भी है। इस पर भी गौर होना चाहिए।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



200 से अधिक लोग मरे, सच दबाया जा रहा है, अंतिम संस्कार बिना पोस्टमार्टम हुए और सरकार पीड़ितों को डरा रही है।
– **चिराग पासवान**
लोक जनशक्ति पार्टी नेता

**चीन** असुरक्षित अनुभव कर रहा है। वह आंतरिक समस्याओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए भारत को उकसा रहा है।
– **पेनपा शीरिंग**
निर्वासित तिब्बती राष्ट्रपति





**नीतीश कुमार** तेजस्वी को मुख्यमंत्री बना दें। जदयू नीतीश के चेहरे पर चुनाव नहीं जीत सकती है।
– **प्रशांत किशोर**
राजनीतिक रणनीतिकार

# फर्जीवाड़े में दो अध्यापिका बर्खास्त, वसूली और एफआईआर के आदेश

संवाददाता। बस्ती

- पहला पीएस महुआडाबर की प्रेमलता सिंह दूसरी पूर्व मा.वि. दसिया की अनीता सिंह
- दोनों पैन कार्ड बदल कर सालों से अध्यापिका बनी हुई थी

**...उन दो** विवाहित टीचरों के परिवार पर क्या बीतेगी जब उनके घर की दो महिलाओं को फर्जीवाड़े के आरोप में जेल की हवा खानी पड़ेगी। इसके महिलाओं को कम उनके परिवार के लोगों को अधिक गुनाहगार माना जा रहा है। यह माना जाता है, कि अगर किसी की पत्नी पैन कार्ड बदल कर नौकरी हासिल करती है, तो उनके पतियों या फिर परिवार को जानकारी नहीं होगी। इन दोनों परिवार का तो मान-सम्मान गया ही साथ ही जेल की हवा भी खानी पड़ेगी, और जो अब तक वेतन मिला होगा उसकी अदायगी अलग से करनी पड़ेगी। काफी छानबीन के बाद बीएसए डा. इंद्रजीत प्रजापति की ओर से आदेष जारी किए गए।

पहला मामला प्रेमलता सिंह प्रधानाध्यापिका प्राथमिक विद्यालय महुआ डाबर विकासखंड गौर का है। इनकी सेवाएं समाप्त करते हुए इनके विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने और वसूली करने के आदेश निर्गत किए गए है। इनके विरुद्ध जनपद गोरखपुर में कार्यरत प्रेमलता सिंह सहायक अध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय भीतहा विकासखंड कौड़ीराम जनपद गोरखपुर के द्वारा शिकायत किया गया था, कि इनके अभिलेखों एवं पैन कार्ड का दुरुपयोग करते हुए जनपद बस्ती में कोई महिला फर्जी तरीके से नियुक्ति प्राप्त की है। शिकायत को संज्ञान लेते हुए प्रकरण की जांच की गई। जांच उपरांत जनपद बस्ती में कार्य प्रेमलता सिंह प्रधानाध्यापिका के द्वारा जनपद गोरखपुर में कार्य प्रेमलता सिंह सहायक अध्यापिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय भीतहा विकासखंड कौड़ीराम जनपद गोरखपुर के अभिलेखों का दुरुपयोग कर कूट रचना करते हुए नियुक्ति प्राप्त करने की पुष्टि पाई गई। जिसके चलते इनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई। श्रीमती प्रेमलता सिंह प्रेमलता सिंह जनपद बस्ती की नियुक्ति तीन दिसंबर 1997 में हुई थी। दूसरी बर्खास्तगी अनीता सिंह सहायक अध्यापिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय दसिया विकासखंड सल्टौवा की हुई। खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया था की पैरोल माड्यूल पर इनका डाटा अपलोड करते समय यह पाया गया कि इसी पैन नंबर पर जनपद मऊ में अनीता सिंह के नाम की एक अध्यापिका ख्वाजा जहांपुरनगर क्षेत्र जनपद मऊ में कार्यरत है। प्रकरण में जांच उपरांत हाई स्कूल के अंकपत्र के सत्यापन में अंकित पते पर सत्यापन करने के बाद यह प्रकाश में आया की वास्तविक अनीता सिंह जनपद मऊ में कार्यरत हैं। प्रकरण में जांच प्रक्रिया पूर्ण करते हुए जनपद बस्ती में कार्यरत अनीता सिंह सहायक अध्यापिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय दसिया विकासखंड सलटौवा की सेवाएं समाप्त कर दी गई। इनके विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने एवं वसूली करने के आदेश निर्गत कर दिए गए हैं। इनकी नियुक्ति 13 नवंबर 1994 में हुई थी।

## एसओजी एवं छावनी पुलिस को मिली कामयाबी, बड़ी मात्रा को लहन नष्ट किया

**विक्रमजोत/बस्ती।** छावनी पुलिस एवं एसओजी टीम ने थाना क्षेत्र के छतौना और संदलपुर माझा क्षेत्र में कच्ची शराब के खिलाफ संयुक्त कार्यवाही कर छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें बड़ी मात्रा में कच्ची शराब और लहन को नष्ट किया गया। एक अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है। सोमवार की सुबह छतौना के पीपा पुल पार कर माझा क्षेत्र में पहुंची पुलिस टीम ने क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने की कई भट्ठियों पर धावा बोल दिया। एक दर्जन से अधिक भट्ठियों को नष्ट किया। पुलिस टीम को देखकर कारोबारी माझा क्षेत्र में भाग निकले। जबकि एक अभियुक्त राहुल पुत्र बुद्धू निवासी-संदलपुर गिरफ्तार किया गया थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडे ने बताया कि अपमिश्रित अबैध शराब बनाने वाले एक अभियुक्त मय अवैध शराब साथ गिरफ्तार किया गया जबकि छापेमारी में एक लोहे का ड्रम, एक लोहे की भट्टी, 10 डिब्बा प्लास्टिक का, 4 अल्युमिनियम का पतीला, अवैध अपमिश्रित शराब करीब 300 लीटर तथा अर्ध निर्मित शराब करीब 200 लीटर, करीब 2500 लीटर लहन व एक प्लास्टिक के झोले में करीब 2 किलो सफेद पदार्थ यूरिया तथा 4 प्लास्टिक का पाईप बरामद किया गया है एक अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है जबकि 2 अभियुक्त मौके से बचकर भाग निकले थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त राहुल पुत्र बुद्धू निवासी संदलपुर तथा दो फरार अभियुक्त रिंकू पुत्र बाबूलाल निवासी छतौना, संजय निषाद पुत्र भुल्लूर निषाद निवासी-संदलपुर के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय हिरासत में रवाना किया गया है कच्ची शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान में थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडे, एसओजी प्रभारी रोहित कुमार उपाध्याय, उप निरीक्षक वीरेंद्र यादव, कांस्टेबल करमचंद, अभिषेक सिंह, गजेंद्र प्रताप सिंह, पंकज यादव, शिवम सिंह, वशिष्ट यादव, नीलेश पांडे प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## क्रिसमस कार्निवाल के आयोजन में दिखा उत्साह

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज


क्रिसमस कार्निवाल का उद्घाटन करते न्यायमूर्ति गौतम चौधरी एवम अन्य

**बॉयज हाईस्कूल** बीएचएस एंड कॉलेज परिसर के मैदान में रविवार को क्रिसमस कार्निवल का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें क्रिसमस का जबरदस्त उत्साह देखा गया। बीएचएस के मैदान में तमाम स्टालों ने क्रिसमस के रंगों के साथ उत्सव का रूप धारण कर रखा था। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के पुरा छात्र इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ गौतम चौधरी उपस्थित थे। अपने पूर्व के स्कूल में आगमन पर न्यायाधीश गौतम चौधरी का बीएचएस के प्रधानाचार्य डी ए ल्यूक और अकादमिक पर्यवेक्षक सी बी ल्यूक ने गर्मजोशी से स्वागत किया। एनसीसी कैडेट्स ने गार्ड आफआनर दिया। स्कूल के पूर्व छात्र न्यायमूर्ति गौतम चौधरी उनकी पत्नी के साथ ही प्रधानाचार्य डीए ल्यूक और शैक्षणिक पर्यवेक्षक सी बी ल्यूक ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर क्रिसमस कार्निवल का उद्घाटन किया। न्यायमूर्ति गौतम चौधरी ने जैसे ही क्रिसमस कार्निवाल के खुलने की घोषणा की। छात्र और अभिभावक मैदान में उमड़ पड़े। प्ले वे से 12वीं कक्षा तक के बच्चों और उनके माता पिता परिवार के सदस्यों और शुभचिंतकों के लिए मस्ती भरा दिन रहा। सभी के लिए कुछ न कुछ था और यह सभी के लिए क्रिसमस का बहुत ही सुखद उत्सव था। उत्सव में बीएचएस बीएचएस के एनेक्सी होली ट्रिनिटी स्कूल के छात्रों और उनके माता पिता रिश्तेदारों शुभचिंतकों पूर्व छात्रों और शहर की प्रमुख हस्तियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। मुंह में पानी लाने वाले व्यंजनों से लेकर मॉकटेल कोल्ड ड्रिंक्स आइसक्रीम कैंडी फ्लॉस चाट भेल पुरी चुरमुरा दही जलेबी चिकन कबाब बिरयानी पास्ता चाउमीन मोमोज पाव भाजी छोला भटूरा चीला कटलेट केक और पेस्ट्री स्प्रिंग रोल और कॉफी जैसे विभिन्न प्रकार के लगभग साठ स्टालों की एक श्रृंखला रखी गई थी। युवाओं ने विभिन्न खेल स्टालों जैसे फुटबॉल मेनिया नेट द बॉल बर्निंग द कैंडल्स कंगारू गुडीज टेलिंग द एलिफेंट हूपला कोकोनट शाय फिशिंग द बॉटल फीड द जोकर शूटिंग द बैलून आदि के आकर्षण का आनंद लिया। वहीं कसीनो रोयाल फेरारी कार रेस डाट्र्स नाइन पिन्स ने दस से अठारह वर्ष की आयु के युवाओं को आकर्षित किया। अन्य आकर्षण जो बच्चों को आकर्षित किए। वे थे फॉर्च्यून व्हील लैंड बाउंसी ऊंट और घोड़े की सवारी थी। एक इंटरैक्टिव लकी ड्रा भी निकाला गया और विजेताओं को हीरो होंडा एक्टिवा मोबाइक प्लेस्टेशन लैपटॉप मोबाइल फोन और हैंपर बास्केट दिए गए।

# अमर शहीदों के इतिहास से विद्यार्थियों को दी जाय जानकारी: जिलाधिकारी

- काकोरी काण्ड विषयक प्रदर्शनी का डीएम ने किया अवलोकन

संवाददाता। संतकबीरनगर


अवलोकन करते जिलाधिकारी

**जिलाधिकारी प्रेम** रंजन सिंह ने मंगलवार को राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज खलीलाबाद में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत काकोरी के शहीद विषयक प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र उपस्थित रहें। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र ने प्रदर्शनी की सराहना की गयी तथा काकोरी के शहीद पर अपने विचार से विद्यालय की बालिकाओ को अवगत कराया गया। ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत काकोरी के शहीद विषयक प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय कन्या इ.का. खलीलाबाद में जिला विद्यालय निरीक्षक मनमोहन शर्मा की देख-रेख में किया गया। प्रदर्शनी मे विद्यालय की बालिकाओं द्वारा काकोरी के अमर शहीदों यथा राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी, अस्फाक उल्ला खाँ रामप्रसाद बिस्मिल, चन्द्रशेखर आजाद, शचीन्द्रनाथ सान्याल, जोगेश चन्द्र चटर्जी, मन्मथनाथ, रामकृष्ण खत्री, भूपेन्द्र नाथ सान्याल, गोविन्द चरन, राम नाथ पाण्डेय, राजगुरु एवं रोशन सिंह आदि के पोस्टर लगाये गये और उनके विचारों को रखा गया। प्रदर्शनी के आयोजन में विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा यादव, प्रवक्ता डॉ. नीतू यादव, स.अ. सोनिया, उषा वर्मा, सिम्मी साहू, कहकशा बानो, शिक्षक अभिभावक संघ के शिक्षक/शिक्षिका वीरेन्द्र विश्वकर्मा, सत्येन्द्र यादव, रुद्रनाथ मिश्र, एकता राय, मधू मिश्रा, आस्था यादव, पूजा, शशि, उमरावती यादव, जिला युवा अधिकारी रीना केसरिया, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं एव छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# नैनी जेल पहुंचे कारागार मंत्री, युवा कैदियों की संख्या पर जताई चिंता

- कहा, जेल में बन्द प्रदेश के 40 वर्ष से कम उम्र के 80 फीसदी युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संवाद जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। नैनी, प्रयागराज



**सेंट्रल जेल** नैनी का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे प्रदेश के कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने जेल में युवा कैदियों की अधिक संख्या होने पर चिंता व्यक्त की है। कारागार मंत्री ने कहा कि निरीक्षण के दौरान यह बातें समझ में आई कि आज प्रदेश का 70 से 80 फ़ीसदी युवा जो 40 से कम उम्र का है। वह जेल में है। जो एक चिंता का विषय है। क्योंकि यह युवा हमारे प्रदेश और देश का भविष्य हैं। जो कहीं न कहीं भटक गए हैं। इनको मुख्यधारा से जोड़ना ही हमारा और सरकार का मकसद है। इसके लिए हम उनसे संवाद स्थापित कर रहे हैं और उन्हें उनकी गलती का एहसास कराते हुए इस बात का भरोसा दिला रहे हैं कि अगर वह गलत कामों से दूर होकर अच्छाई के रास्ते पर चलेंगे तो कम से कम अपने परिवार मां बाप एवं अन्य रिश्ते नाते की जिम्मेदारियों का निर्वहन कर पाएंगे। कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि वह अब तक प्रदेश की 40 जेलों का दौरा कर चुके हैं। जिसमें उन्हें यहां अनुभव मिला कि आज 40 वर्ष से उम्र के करीब 70 से 80 फ़ीसदी युवा जेल में जो कहीं न कहीं भटक कर अपराध के दायरे में आ गए। इस दौरान उन्होंने नैनी सेंट्रल जेल के बंदियों से संवाद स्थापित कर वहां मिल रही सुविधाओं और आ रही दिक्कतों के बारे में जानकारी ली। कारागार मंत्री ने बताया कि बंदियों को जिम्मेदार नागरिक बनने में शासन अपनी भूमिका निभा रहा है। कारागार मंत्री ने बंदियों से उनके सम्मुख आ रही दिक्कतों के बारे में जानकारी ली और उन्हें शासन की नीतियों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि शासन की पहल पर प्रदेश की जेलों का दौरा कर बंदियों से संवाद स्थापित किया जा रहा है। शासन कि मंशा सजा पूरी करने के बाद बंदियों को परिवार समाज और देश से जोड़ने की है। इसके तहत जेल में कई रोजगारपरक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस दौरान उन्होंने महिला और पुरुष बंदियों से मिल कर दी जा रही सुविधाओं के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर शासन द्वारा जेलकर्मियों के भोजन भत्ते काफी समय से लंबित होने पर विचार करने का आश्वासन दिया।

### निर्माणाधीन जिला कारागार के कार्य में देरी पर मंत्री ने जताई नाराजगी

- निर्माण करने वाली कंपनी के एमडी को किया तलब

**प्रयागराज।** कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने निर्माणाधीन प्रयागराज जिला कारागार का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सर्किल बैरक महिला बैरक अस्पताल आदि जगहों निरीक्षण कर अधिकारियों से जानकारी ली और समस्त कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। नई जेल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन सर्किल बैरक अस्पताल आदि के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। जेल का काम अधूरा देखकर कारागार मंत्री ने नाराजगी जताई और निर्माण कार्य करने वाली कंपनी के एमडी को तलब किया। वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह ने बताया कि जिला कारागार का अधिकांश कार्य पूरा हो गया है। सड़क बिजली पानी की वायरिंग आदि का काम बाकी है जो दो से ढाई महीने पूरा हो जाएगा जिला कारागार का निर्माण करने वाली कंपनी के एमडी के वायदे के मुताबिक ढाई महीने के अंदर सेंट्रल जेल में बंद जिला कारागार के कैदियों को नवनिर्मित जिला कारागार में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

## अबोध बच्ची के साथ घिनौनी हरकत, गिरफ्तार

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** 15 माह की अबोध बच्ची को खेलाने के बहाने ले जाकर बच्ची के साथ घिनौनी हरकत करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आनन फानन में अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया हैं। घटना की जानकारी मिलते ही रात्रि में मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय भी पहुँच कर मामले की जानकारी लिया। मामला थाना अलीगंज क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर कनोढा का है। घटना क्रम के अनुसार थाना क्षेत्र के एक दूसरे ग्राम की महिला अपनी 15 माह की अबोध बच्ची के साथ फत्तेपुर में सरबजीत के घर तेरही में पूड़ी बेलने हेतु बीते शनिवार की शाम लगभग 5:30 बजे गयी थी कि कार्य करते समय ही सरबजीत का 19 वर्षीय पुत्र अंकित उक्त बच्ची को खेलाने के बहाने ले कर अपने छत पर गया जहां से बच्ची की रोने की तेज आवाज सुनकर बच्ची की मां छत पर पहुंची तो देखा कि अंकित उसके साथ घिनौनी हरकत कर रहा था।

## भाजपा की खजुरी मंडल में लोस चुनाव की दृष्टिगत विभिन्न संभाग की बैठक संपन्न

संवाददाता। भीटी, अंबेडकर नगर



**भाजपा प्रदेश** नेतृत्व के निर्देशानुसार खजुरी मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार तिवारी के नेतृत्व में खजुरी मंडल में लोकसभा चुनाव की दृष्टि से विभिन्न संभाग की बैठक हुई संपन्न इसी क्रम में रामपुर गिरन्टए एवं राम बाबा संभाग की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष खजुरी दिलीप कुमार तिवारी ने की तथा मुख्य अतिथि कटेहरी विधानसभा संयोजक विजय नारायण शुक्ला रहे। जिसमें सभी शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष रहे शामिल। विधानसभा संयोजक ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताई वही मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार तिवारी ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में जिक्र करते हुए बताया 12 जनवरी को एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती सभी बूथों पर मनाई जाएगी एवं 25 दिसंबर को भारत रत्न श्रद्धेय पंडित अटल बिहारी बाजपेई जी की जयंती सभी बूथों पर भी मनाई जाएगी तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा प्रसारित मन की बात कार्यक्रम सभी बूथों पर बूथ अध्यक्ष एवं बूथ समितियों के साथ सुना जाए। दोनों संभागों में उपस्थित कार्यकर्ता शक्ति केंद्र संयोजक विनोद दुबे, रमन दुबे, अवधेश पांडे, मंडल मंत्री कुलदीप अग्रहरि, संभाग संयोजक संतोष दुबे, सुधांशु पांडे, बूथ अध्यक्ष संतोष दुबे,बाबूराम निषाद, कुलदीप तिवारी, चंद्रभान दुबे, गया प्रसाद पांडे, राजेंद्र निषाद, राजेंद्र प्रसाद सिंह, अशोक गुप्ता, भीम जयसवाल, मनीष जयसवाल, आदित्य कुमार सिंह, रामबचन गुप्ता सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सीडीओ की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन के निर्देशन पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 19 से 25 दिसंबर 2022 के मध्य सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर आयोजित किए जाने के संबंध में बैठक आहूत किया गया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सुशासन सप्ताह दिनांक 19 दिसम्बर 2022 से 25 दिसम्बर 2022 के मध्य गांव गांव में सुशासन सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम आयोजित किया जाए तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी जाए एवं उनके बताए गए समस्याओं का निस्तारण त्वरित व गुणवत्तापूर्ण की जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अशोक कुमार कनौजिया, डीएफओ, जिला विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह, डीसीएनआर एल एम आर बी यादव, डी सी मनरेगा, डीपीआरओ, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## अवध विवि में महिला आत्मसुरक्षा के गुर सीखाएं गए

संवाददाता। अयोध्या



**डॉ. राममनोहर** लोहिया अवध विश्वविद्यालय के महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ तथा महिला अध्ययन केंद्र द्वारा सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओ के लिए आत्म सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला कराटे संघ के सचिव हरिओम मिश्रा ने छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीक सीखाएं। इनकी सहयोगी प्रशिक्षक याशिनी दीक्षित रहीं। दोनों ने अपर ब्लाक, मीडिल ब्लाक, लोअर ब्लाक चेस्ट पंच कराटे की अलग-अलग सुरक्षात्मक तकनीक के गुर सीखाएं। उन्होंने कहा कि असली लड़ाई हम अपने मस्तिष्क से जीत सकते है यदि इन तकनीकों का प्रयोग करें। तो 90 प्रतिशत हम वही जीत जाते है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के खिलाफ बलात्कार, छेड़छाड़, अपहरण और हत्या के मामले आये दिन देखने को मिलते है। इसलिए महिलाओं को आत्मरक्षा तकनीक का गुर सीखना बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने कहा कि सेल्फ डिफेंस तकनीक से अवगत कराया। जिसका उपयोग करके बालिकाएं विषम परिस्थिति से अपने आप को निकाल सकती हैं। महिला अध्ययन केंद्र तथा महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ की समन्वयक प्रो. तुहिना वर्मा ने कहा कि सेल्फ डिफेंस से बालिकाओं में शारीरिक बौद्धिक तथा मानसिक शक्तियों का विकास होता है। जिसका उपयोग करके बालिकाएं समाज में हो रहे अपराधों से मुक्ति पा सकती हैं। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सेल की सह समन्वयक डॉ. मनीषा यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ. महिमा चैरसियाए डॉ. स्नेहा पटेल, डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी, इंजीनियर निधी, शालिनी पाण्डेय, श्रेया, विनीता पटेल, सरिता पाठक, गायत्री वर्मा, सरिता भास्कर, निहारिका श्रीवास्तव, सरिता भास्कर, निहारिका श्रीवास्तव तथा बड़ी संख्या में छात्राओं ने आत्मरक्षा के गुर सीखें।

## क्विक न्यूज

### डीएम ने दिव्यागं कबंल भेंट किया



**बस्ती।** प्रियंका निरंजन ने कार्यालय पर आये भानपुर तहसील के थुम्हवा पांडे ग्राम निवासी दिव्यांग राज कुमार को रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से कम्बल भेंट किया। उन्होंने आश्वस्त किया है कि मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उसे आवास भी दिलवाया जाएगा। इस अवसर पर एडीएम कमलेश चंद, सचिव रेडक्रॉस सोसाइटी कुलविंदर सिंह मजहबी भी उपस्थित रहे।

### पुरस्कृत हुए लक्ष्य सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता



**बस्ती।** मां अखिलेश्वरी कल्याण समिति पिपरा गौतम के अध्यक्ष दीनदयाल सिंह के संयोजन में आयोजित लक्ष्य सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को समारोह पूर्वक पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय प्रताप सिंह रहे। कहा कि यह युग प्रतिस्पर्धा का है और ऐसी प्रतियोगितायें आवश्यक है। जिससे छात्र भविष्य में परीक्षाओं में बेहतर अर्जित कर सके। कहा कि जो छात्र सफल रहे वे और अधिक परिश्रम करें और जिन्हें सफलता नहीं मिल पायी वे प्रेरणा लेकर आगे बढे। समिति के अध्यक्ष दीन दयाल सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 170 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया जिनमें 30 सफल छात्रों में साईकिल, मिक्सर, बैग, घडी आदि का वितरण कर पुरस्कृत किया गया। कक्षा 6 की साक्षी यादव प्रथम, नीलाक्षी पाण्डेय द्वितीय और खुशी यादव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त 27 अन्य को सात्वनां पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य अखिलेन्द्र बहादुर सिंह, रोहित सिंह, विनोद सिंह, वैभव सिंह, सतीश सिंह के साथ ही अनेक शिक्षक, अभिभावक, क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

### डीएम ने की जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा बैठक



**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट कक्ष में जल जीवन मिशन ;हर घर नल से जलद्ध योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जन.जन को स्वस्थ्य रखने के लिए शुद्ध पेयजल अनिवार्य है लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया होगा तो निश्चित ही वे स्वस्थ्य रहेंगे। इसके लिए कार्यदायी संस्था मेसर्स लारसेन एण्ड टूर्बो को सूचीबद्ध किया गया है। बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि फेज.2 में कार्यदायी संस्था को आवंटित 218 ग्रामों के सापेक्ष समस्त ग्रामों का प्राक्कलन प्रेषित जा चुका है। जिसमें 213 ग्रामों का प्राक्कलन राज्य स्तरीय स्वीकृत समिति द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 65 परियोजनाओं का कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त फेज.5 के अन्तर्गत 201 ग्राम पंचायतों हेतु कार्यदायी संस्था को आवंटित किया गया है। जिनके द्वारा 22 प्राक्कलन प्रस्तुत किये गये है। जिस पर जिलाधिकारी ने दिसम्बर में 70 प्राक्कलन प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कार्य की धीमी गति पाये जाने पर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक का संचालन अधिशासी अभियन्ता जल निगम एस0एम0 असजद ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंहए कार्यदायी संस्था लार्सेन एण्ड टर्बो के परियोजना प्रबन्धक सहित सहायक अभियंताए अवर अभियंता गण उपस्थित रहे।

### चाइल्ड लाइन ने 3 नेपाली बच्चों को उनके माता-पिता को सौंपा




**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी ने चाइल्ड लाइन में रह रहे पड़ोसी देश नेपाल के 3 बच्चों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना और ठंड को देखते हुए तीनों बच्चों को स्वेटर पहनाकर उनके माता पिता को सुपुर्द कर दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चे बहुत प्यारे होते हैं इन्हें प्यार व बेहतर परवरिश की जरूरत होती है। उनके भविष्य को संवार कर बेहतर मार्गदर्शन कर अच्छा बनाना हम सभी का दायित्व है। उन्होने कहा कि ये तीनो बच्चे पड़ोसी देश नेपाल के रहने वाले हैं नेपाल से हमारे देश के मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध हैं। बच्चो को कोई दिक्कत न होने पावेए इसके लिए जिलाधिकारी ने गम्भीरता से लेते हुए लगातार चाइल्ड लाइन में रह रहे तीनो बच्चों को उनके माता पिता के पास भिजवाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देती रही जिसके परिणाम स्वरूप 18 दिसम्बर को सायंकाल बाल कल्याण समिति भिनगा द्वारा बच्चों को उनके माता.पिता के सुपुर्द किया गया। बच्चे अपने माता.पिता को पाकर बहुत खुश हुए। जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी व बाल कल्याण समिति को निर्देश दिया कि चाइल्ड लाइन में आने वाले बच्चों की समुचित देखभाल तथा खान पान की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### एमबीए के छात्रों ने आईएटीओ के सदस्यों का किया जोरदार स्वागत

**अयोध्या।** डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबन्ध एवं उद्यमिता विभाग के एमबीए टूरिज्म एवं एमबीए हास्पिटालिटी के छात्रों द्वारा अयोध्या स्थित होटल रामिला कुटीर में इण्डियन एसोसिएशन आफटूअर आपरेटर आईएटीओ के सदस्यों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। सोमवार को लखनऊ से आईएटीओ के अयोध्या भ्रमण दौरान एमबीए टूरिज्म एवं हास्पिटालिटी के छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा पुष्प भेटकर स्वागत किया गया। एमबीए विभाग द्वारा आई0ए0टी0ओ0 से पहले अनुबंध किया गया है। जिसमें छात्रों को प्लेसमेंट एवं ट्रेनिंग प्रदान की जा रही है। इस अवसर एमबीए विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने सदस्यों को बताया कि पौराणिक नगरी अयोध्या प्रभु श्रीराम के नाम से जानी जाती है। इसकी महत्ता विश्वपटल पर स्थापित है। उन्होंने आईएटीओ के सदस्यों से कहा कि अयोध्या के पौराणिक स्थलों एवं संस्कृति का बारीकी से अवलोकन करते हुए विश्वपटल पर प्रचारित करेंए जिससे अयोध्या में टूरिस्ट आकर्षित होकर अयोध्या की प्राचीनतम संस्कृति से रूबरू हो सके।

### कलेक्ट्रेट सभागार में सैनिक बंधु की बैठक संपन्न

**अयोध्या।** जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 23 दिसम्बर 2022 को अपरान्ह 4:00 बजे जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित की गयी है। उक्त बैठक में समस्त नामित सरकारीध्गैर सरकारी सदस्य प्रतिभाग करेंगे तथा सेवारतध्भूतपूर्व सैनिकों वीरनारियों व उनके आश्रितों की समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान व निस्तारण की व्यवस्था की जायेगी। उक्त जानकारी ले. कर्नल संजीव कुमार जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने दी है। उन्होंने जनपद के पूर्व सैनिकों व उनके परिजनों से आग्रह किया है कि वे अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु प्रार्थना.पत्र के साथ बैठक में प्रतिभाग करें।

### डीएम-एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी समस्याएं



**गोंडा।** जनपद के समस्त तहसीलों में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील करनैलगंज में डीएम डा. उज्जवल कुमार व एसपी आकाश तोमर ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उसके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। यहां कुल 78 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें 02 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही हुआ निस्तारण कर शेष को निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया। डीएम ने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। तालाब, जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। साथ ही शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करें। वहीं एसपी आकाश तोमर ने पुलिस को निर्देश दिया कि राजस्व कर्मियों से सामंजस्य स्थापित कर मामलों का निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाये। इसमे हीला-हवाली करने पर कार्यवाही अवश्य की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा, उप जिलाधिकारी करनैलगंज हीरालाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी करनैलगंज, तहसीलदार करनैलगंज नरसिंह नारायण, नायब तहसीलदार अनीस सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्रशेखर, उपनिदेशक कृषि, एसडीओ वन विभाग, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र गौतम आदि उपस्थित रहे।

# 19 ब्लाकों के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में किया प्रतिभाग

संवाददाता। सीतापुर





**जनपद स्तरीय** बेसिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जीआईसी में किया गया। राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर के क्रीड़ांगन आयोजित प्रतियोगिता तीन दिवसीय होगी। जिसमें जनपद के सभी 19 विकास खंडों व नगर क्षेत्र की टीमों ने प्राथमिक स्तर बालक बालिका व जूनियर स्तर बालक बालिका की एथलेटिक्स में दौड़ कूद और भाला फेंक की प्रतियोगिताओं में तथा योग व्यायाम व विशेष प्रदर्शन की प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी अनुज सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर वह गुब्बारे छोड़कर किया। उन्होंने विकास खंडों से आई टीमों के खिलाड़ियों द्वारा किए गए मार्च पास्ट की सलामी ली। विजय खिलाड़ियों को मेडल वह सर्टिफिक्रेट प्रदान का बच्चों का उत्साहवर्धन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार द्वारा जिलाधिकारी का स्वागत बुके देकर व कैप लगाकर किया गया। आज आयोजित किए गए खेलों का परिणाम की सूची संलग्न है।

# ई-रिक्शा लूट की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

संवाददाता। सीतापुर

- **अभियुक्त के पास से बैट्री सहित दो मोटर साइकिल, तंमचा, कारतूस हुई बरामद**
- **स्वाट/सर्विलांस टीम के साथ इमलिया सुल्तानपुर पुलिस को मिली सफलता**
- **एएसपी दक्षिणी एनपी सिंह ने किया खुलासा, दी जानकारी**

**सीतापुर में** पुलिस ने एक नया खुलासा किया है, कुछ दिन पहले इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हथिया के निकट ई-रिक्षा चालक से लूट की घटना हुई थी जिसका सोमवार को पुलिस ने खुलासा करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एसपी आफिस में खुलासा करते हुए एएसपी दक्षिणी एनपी सिंह ने बताया कि यह खुलासा क्राइम ब्रांच की टीम के साथ इमलिया पुलिस ने किया है। जिसमें अभियुक्त धीरू निवासी चंदनपारा, रोहित निवासी हरिकिषुनपुर, वीर बहादुर निवासी चंदनपारा, हर्षित उर्फ आयुष चंदनपारा थाना इमलिया के रहने वाले है, इन अभियुक्तों के पास से एक ई-रिक्षा, 2 बैट्री, दो हीरो स्पेलेंडर मोटर साइकिल व 2 तंमचा सहित 2 जिंदा कारतूस, 12 व 315 बोर बरामद हुआ है। अभियुक्तों को पकड़ने वाली टीम में स्वाट संर्विलास से सत्येन्द्र विक्रम सिंह, उमेष मिश्रा, अनुराग पांडेय, आनंद कुमार, रवि वर्मा, सोहनलाल, सुमित राघव, राहुल कुमार, दानवीर, डाली रानी के अलावा पुलिस टीम इमलिया सुल्तानपुर के प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह, निरीक्षक रामअवध चौहान, उप निरीक्षक फैयाज अली, मुकेष कुमार, श्रवण कुमार, कास्टेबल राजू सरोज, षिवषंकर, राहुल कुमार, अतुल कुमार, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

## बिसवां ब्लॉक की किस ग्राम पंचायत में प्रधान पद पर होगी पुर्नमतगणना

**सीतापुर।** सीतापुर में पंचायत चुनाव की मतगणना की निष्पक्षता पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। फिर एक बार एक ग्राम पंचायत के प्रधान पद पर पुर्नमतगणना करायी जायेगी। इससे पहले न्यायालय के आदेष पर कई ग्राम पंचायतो में प्रधान पदों पर पुर्नमतगणना कराये जाने के बाद नतीजे बदल गए। अब सीतापुर के बिसवां ब्लॉक की ग्राम पंचायत परसेहरा में प्रधान पद की पुर्नमतगणना कराये जाने के आदेष हाईकोर्ट ने दिए हैं जिसके अनुपालन में उप जिलाधिकारी बिसवां पीएल मौर्य ने 22 दिसम्बर को तहसीलदार न्यायालय में बीडीओ की उपस्थिति में पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच पुर्नमतगणना कराए जाने की तिथि मुकर्रर की है। दरअसल परसेहरा में हुई मतगणना में कामिल खां प्रधान निर्वाचित घोषित किए गए थे। कामिल खान को 713 मत मिले थे जबकि उनकी निकटम प्रतिद्वंदी यासमीन पत्नी वसीब को 709 मत मिलना बताए गए थे। मतगणना में धांधली का आरोप लगाते हुए इसके विरोध में यासमीन ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया जहां से पुर्नमतगणना कराए जाने का आदेष जारी होते ही उप जिलाधिकारी बिसवां ने 22 दिसम्बर को पुर्नमतगणना कराए जाने की तिथि मुकर्रर कर दी।

## सीडीओ के आवास के गेट के पास बकीलो ने बनाये नए चैम्बर सीडीओ ने डीएम से की शिकायत , हटाने पहुची टीम

**बरेली ।** जनपद न्यायालय रोड पर बने बकीलो के चौम्बर है उसी लाइन में बकीक चौम्बर बनाते हुए ऑफिसर्स कॉलोनी होते हुए सीडीओ के आवास के गेट तक पहुंच गए। इस बात को लेकर सीडीओ जगमोहन ने देखा तो सीडीओ ने नाराजगी जताते हुए सीडीओ ने बकीलो के चौम्बर हटाने के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखा ।जिलाधिकारी ने सिटी मजिस्ट्रेट को चौम्बर हटाने के लिए निर्देश दिए। सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार ने नगर निगम के अधिकारियों की टीम बुलाकर चौम्बर हटाने के लिए आदेश दिए। सोमवार की सुबह नगर निगम की टीम चौम्बर हटाने पहुच गई। उसी दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव ने आकर सिटी मजिस्ट्रेट और जिलाधिकारी से मिलकर चेंबर नही हटाने की मांग की ।बार एसोसिएशन के सचिव ध्यानी जी ने बताया की वकीलों की संख्या बढ़ती जा रही है, वकील कहां बैठेंगे उन्होंने अपने चेंबर बना लिए है उनके चौम्बर हटाये गए तो नए बकील आ रहे है कहा बैठेंगे।

## ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर बच्ची की मौत

**बरेली ।** घर के बाहर खेल रही मासूम बच्ची को तेजी से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव नौगवा गोटिया निवासी 3 वर्षीय नेहा शर्मा पुत्र महेश पाल शर्मा कि कल शाम ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर मौत हो गई है। पोस्टमार्टम हाउस पर मृतका के घरवालों ने बताया कि नेहा शर्मा कल शाम को अपने घर के बाहर सड़क किनारे खेल रही थी। उसके माता-पिता खेत पर काम करने गए हुए थे ।इसी दौरान तेजी से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर-ट्राली को रोकने की कोशिश की तब उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर नेहा के माता-पिता मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी ।घटना की जानकारी पुलिस को दी गई ।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत हत्या का लगाया आरोप

**बरेली।** प्रसव के बाद एक महिला की अचानक तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई ।मायके वालों ने पति और ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। सुभाष नगर थाने के गांव बंसी नगला निवासी 21 वर्षीय चांदनी पत्नी करण सिंह की बीती रात घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के पिता हाफिजगंज थाने के गांव रिठौरा निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि उसने चांदनी का हुआ सन् 2019 में करण सिंह से किया था जो शराब पीने का आदी और अक्सर मारपीट करता था । 4 दिन पूर्व चांदनी ने अस्पताल में एक बेटे को जन्म दिया। कल दिन में चांदनी को उसका पति घर वापस ले आया है जहां रात में संदिग्ध परिस्थितियों में घर में ही उसकी मौत हो गई। लेकिन मायके वालों को घटना की जानकारी नहीं दी गई। पास में रहने वाले रिश्तेदारों ने उन्हें घटना की जानकारी दी । मायके वाले जब मौके पर पहुंचे तो पति और घर के सभी लोग मौके से फरार हो चुके थे । मायके वालों को चांदनी की लाश घर में मिली उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत कर दी । जिसमें शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज और जांच शुरू कर दी।

# छह साल बाद भी बहाल नहीं हो सकी ट्रामा सेंटर में बेहतर सुविधाएं

संवाददाता। सीतापुर

- **सीतापुर ट्रामा सेंटर गेट पर पहना दी माला और सरकार को लगे कोसने**
- **योगी सरकार ने दो साल पहले जारी किया था 3 करोड़ का बजट**
- **बजट जारी होने के दो साल बाद भी ट्रामा सेंटर में सेवाओं का बुरा हाल**

**सीतापुर के** बंद पड़े ट्रामा सेंटर के गेट पर सोमवार को माल्यापर्ण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। लोक निर्माण संघ के अध्यक्ष हरिओम मिश्रा ने ट्रामा सेंटर गेट पर पहुंचकर पुष्प माला अर्पित करने के बाद पुष्पाजंलि दी। बकौल हरिओम मिश्रा उर्फ राजेन्द्र कि यदि ट्रामा सेंटर चालू हो गया होता तो इस अवधि में न जाने कितने लोगों को समय पर इलाज मिलने से जीवनदान मिल चुका होता। हरिओम का कहना है कि उन्होंने बंद पडे ट्रामा सेंटर को 6 वर्ष पूर्ण होने पर इसके अभाव में मृतक व्यक्तियों को भावपूर्ण विनम्र श्रद्धाजंलि अर्पित की है। हरिओम के मुताबिक आज ही के दिन 19 दिसंबर 2016 को तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सीतापुर के जमैयतपुर में बने ट्रामा सेंटर का लोकापर्ण किया था। लेकिन लोकापर्ण के बाद से अब तक ट्रामा में स्वास्थ्य सेवाएं बहाल नहीं हो सकी। हरिओम मिश्रा का कहना है कि 2 वर्ष पहले 30 दिसंबर को योगी सरकार ने तीन करोड़ एक लाख 88 हजार रूपए का बजट ट्रामा सेंटर के चालू होने के लिए पास किया। उस समय उम्मीद जगी थी कि अब सीतापुर के ट्रामा सेंटर में जरूरतमंदों को इलाज की सुविधा मिलने लगेगी। लेकिन बजट पास होने के बाद भी हालात जस के तस बने हुए है। हरिओम मिश्रा ने आई इंडिया को बताया कि बंद पड़े ट्रामा सेंटर को मानकविहीन घोषित करने का षड़यंत्र रचा जा रहा है, जबकि यहां वाहन खड़े करने और पानी निकास की समुचित व्यवस्था है। कर्मचारी आवास के लिए भी ट्रामा सेंटर से बीस कदम की दूरी पर सरकारी जमीन उपलब्ध है। हरिओम का कहना है कि यदि वह मानकविहीन है तो उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में लोकार्पित कर देना चाहिए और किसी दूसरी जगह ट्रामा सेंटर का निर्माण करा दिया जाए। बताते चलें कि लोक निर्माण संघ प्रमुख हरिओम मिश्रा ट्रामा सेंटर संचालन के लिए पूर्व में दो साल पहले धरना दे चुके है। तीन दिनों तक चले धरने को तत्कालीन एसडीएम सदर ने यह कहकर समाप्त कर दिया था कि वह अपने स्तर से पूरा प्रयास करेंगे। हरिओम मिश्रा ने बताया कि उनके इस धरने के बाद ही योगी सरकार ने तीन करोड़ एक लाख 88 हजार का बजट स्वीकृत किया। हरिओम मिश्रा का कहना है कि उन्होंने कोरोना काल में भी भारत बंद के समय काली पट्टी बांधकर घर पर धरना दिया था, जिसका समर्थन अन्य लोगों ने भी किया था। बहरहाल जिले के गंभीर रोगियों को तत्काल बेहतर इलाज मिलने का सपना हकीकत में तब्दील नहीं हो सका है। तकरीबन 6 वर्ष पहले जिस ट्रामा सेंटर का भवन बनकर तैयार हो गया था, फ्लिहाल वहां से सुविधाएं गंभीर रोगियों को नहीं मिल पा रही है, यह तब है जब योगी सरकार के प्रथम कार्यकाल में जिले की प्रभारी मंत्री रही रीता बहुगुणा जोशी कई बार ट्रामा सेंटर को शुरू कराने का आश्वासन देती रहीं। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री से लेकर अन्य कई मंत्रियों और सीतापुर सांसद राजेश वर्मा आदि कई मौके पर ट्रामा सेंटर के संचालन की बात कह चुके है। बताया जाता है कि ट्रामा सेंटर के लिए न तो पद सृजित हो सके और न ही पर्याप्त उपकरणों की खरीद हुई। जबकि इस ट्रामा सेंटर के अस्तित्व में आने से सीतापुर ही नहीं लखीमपुर व हरदोई आदि जनपदों के वाशिंदों को सुविधा मिलने लगेगी। ट्रामा सेंटर न चलने से जिले की करीब 55 लाख आबादी की उम्मीदों पर पानी फिरा हुआ है।

**मुख्य चिकित्साधिकारी** सीतापुर डा. मधु गेरौला ने आई इंडिया को फोन पर बताया कि ट्रामा सेंटर में नियमित तौर पर 5 डाक्टर अपनी सेवाएं दे रहे है, इनमें एक हड्डी रोग और एक बेहोशी का डाक्टर शामिल है, ओपीडी के समय में सेवाएं मरीजों को मिल रहीं है।

## नाले में गिर कर बच्ची की मौत

**बरेली ।** ननिहाल से कुछ ही दूरी पर सड़क किनारे खेल रही एक बच्ची गहरे नाले में गिर पड़ी घर वालों ने उसे नाले से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराने की कोशिश की लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। कस्बा व थाना फरीदपुर निवासी हरप्रसाद की 3 वर्षीय बेटी कोमल की कल शाम मीरगंज थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर स्थित अपने ननिहाल से कुछ ही दूरी पर ब्लॉक कार्यालय के पास पहले नाले में गिरने से मौत हो गई मृतका के परिजनों ने बताया कि कोमल डेढ़ माह पूर्व अपनी मां पूजा के साथ राजेंद्र नगर स्थित अपनी ननिहाल आई थी जहां पर शाम के समय वह ब्लॉक कार्यालय के पास स्थित नाले में पास खेल रही थी इसी दौरान अचानक नाले में गिर पड़ी लेकिन पास में ही है रविवार की बाजार लगा होने के कारण किसी को भी इसकी जानकारी नहीं हुई कुछ देर बाद जब मां पूजा ने उसे तलाशने की कोशिश की तो उसका कुछ पता नहीं चला तब गंभीरता से तलाश में कोशिश की गई इसी दौरान लोगों ने उसको नाले में देखा और किसी तरह निकाल कर उसे स्थानीय अस्पताल ले गए लेकिन अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतका के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया ।

# डाक्टर संजय चौहान बनाए गये राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं प्रभारी



**मैलानी-खीरी।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह जी द्वारा मैलानी निवासी डॉ संजय चौहान को भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवम प्रभारी (लखीमपुर) खीरी मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिह जी द्वारा मनोनय प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर वहा मौजूद पदाधिकारियों ने डा संजय को माला पहना कर बधाई दी साथ भव्य स्वागत भी किया गया इस मौके पर डॉ संजय चौहान ने सबका धन्यवाद करते हुए कहा मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसे मै मेहनत ईमानदारी व लगन से जनता की सेवा मे तत्पर रहते हुए जिम्मेदारी निर्वाहन करूंगा। संगठन से लोगों को जोड़ कर संगठन को और भी मजबूत करके किसानो की समस्याओं को सरकार तक लाने का भरसक प्रयास करूगा जिससे जनपद लखीमपुर खीरी की जनता को इसका लाभ मिल सके।

# बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है शैक्षिक भ्रमण

रतीराम लोधी। निघासन-खीरी।



राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विकास क्षेत्र रमियाबेहड के लगभग दर्जन भर स्कूलों के बच्चों को राजधानी लखनऊ में आंचलिक विज्ञान केन्द्र और चिड़ियाघर का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद के निर्देशानुसार संचालित ज्ञानोपयोगी कार्यक्रम बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु पूरी तल्लीनता के साथ जुटे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय के मार्गदर्शन और खंड शिक्षा अधिकारी रमियाबेहड हृदय शंकर लाल श्रीवास्तव की देखरेख में उच्च प्राथमिक विद्यालय दुलही, कफरा, रायपुर दुलही, ढखेरवा, लखाही, मल्लबेहड, हौकना, लखाही, पचासा तथा गौरिया सहित लगभग दर्जन भर स्कूलों के बच्चों ने लखनऊ स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्र तथा चिड़ियाघर का अवलोकन किया।

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित इस ज्ञानवर्धक और अनूठी मुहिम से प्रफुल्लित बच्चों को इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश तथा विज्ञान शिक्षक राकेश प्रताप ने न्यूटन के नियम, दोलन गति, गुरुत्वाकर्षण, लेंस, द्रव तथा विभिन्न औषधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। सहायक अध्यापक शशिकांत वर्मा उमेश चौरसिया नीरज कुमार ने चिड़ियाघर में विभिन्न जानवरों व पक्षियों के विषय में विस्तार पूर्वक अवगत कराया। बच्चों ने चिड़ियाघर में सफेद शेर, बंगाल टाइगर, जिराफ, शुतुरमुर्ग के साथ साथ पक्षियों में मकाउ, लव बर्ड, पीजेंस के अलावा संग्रहालय में रखा हवाई जहाज भी देखा।बच्चों के साथ पूरी मुस्तैदी के साथ मौजूद रहने वाले खंड शिक्षा अधिकारी रमिया बेहड हृदय शंकर लाल श्रीवास्तव अभिभावक और गुरु दोनों की भूमिका में दिखाई दिए उन्होंने बच्चों को समय पर भोजन और नाश्ता कराया। उक्त भ्रमण कार्यक्रम में एआरपी गणित अजय कुमार वर्मा, एआरपी विज्ञान आशीष श्रीवास्तव, नवल किशोर, गीता, संगीता कनौजिया, शिक्षक और बस प्रभारी सखाराम, मुनव्वर, ममता, डीके राम तथा रसोईया कमला देवी ने अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया। भ्रमण कार्यक्रम में सम्मिलित बच्चों ने सरकार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मीकांत पांडे तथा खंड शिक्षा अधिकारी हृदय शंकर लाल श्रीवास्तव की मुक्त कंठ से सराहना की।

# एक दिवसीय योग शिविर उच्च प्राथमिक विद्यालय मुड़ियाखेड़ा में आयोजित



**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसायटी के मिशन निदेशक सुखलाल भारती जी के निर्देशन, व क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी लखीमपुर डॉ.विजय प्रकाश के संयोजन में उच्च प्राथमिक विद्यालय मुड़ियाखेड़ा जनपद खीरी में आयुष योग वेलनेस सेंटर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर लखीमपुर के योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा द्वारा योग शिविर में बच्चों को स्वास्थ्य संवर्धन के उपाय एवं योग का महत्व बताते हुए योगासन, भ्रामरी प्राणायाम श्वषन के साथ सूक्ष्म व्यायाम, वज्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, योग मुद्रा, अर्ध ताड़ासन, उत्तानमंडूकासन, सिंहासन, हसासन, लसीपियासन, के साथ ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती मीना त्रिवेदी अपने समस्त स्टॉफ के साथ उपस्थित रहीं।।

# सुशासन सप्ताह का हुआ आगाज, प्रशासन ने दी गांव-गांव दस्तक

- **25 दिसम्बर तक चलेगा सुशासन सप्ताह, होंगी गतिविधियां**
- **छाऊछ ग्राम चौपाल में पहुंचे डीएम-सीडीओ, सुनी समस्याएं, निस्तारण के निर्देश**
- **सुशासन सप्ताह रू आजादी का अमृत महोत्सव, जी-20 लोगो हुआ प्रदर्शन**

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी।



खीरी में सुशासन सप्ताह;प्रशासन गांव की ओरष् कार्यक्रम का डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में भव्य आगाज हुआ। डीएम ने छाउछ ग्राम पंचायत सचिवालय से सुशासन सप्ताह का शुभारंभ किया।

खीरी जिले में सुशासन सप्ताह पर डेढ़ सौ ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय में चौपाल लगी। ब्लॉक लखीमपुर की ग्राम पंचायत छाऊछ के ग्राम सचिवालय में आयोजित ग्राम चौपाल में जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह एवं जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह के संग पहुंचे, जहां उन्होंने न केवल ग्रामीणों की समस्याए सुनी बल्कि उसके त्वरित निस्तारण के दिशा निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के लिए जागरूक करते हुए उन्हें योजनाओं हेतु सूचीबद्ध किया गया।डीएम ने कहा कि मुख्य सचिव, उप्र शासन लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। इसी के तहत आज चौपाल आयोजित करते हुए योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने सुशासन सप्ताह की आवश्यकता व प्रासंगिकता बताइ। ग्राम सचिवालय परिसर में बने लाइब्रेरी का अवलोकन किया, निर्देश दिए कि ग्राम वासियों के लिए से और उपयोगी बनाते हुए सक्रिय रखा जाए। इस दौरान ग्राम प्रधान अमन चंद्रा, सचिव ग्राम पंचायत अधिकारी प्रेम प्रकाश भार्गव, पंचायत सहायक गौरव वर्मा, उचित दर विक्रेता प्रेम कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। वही सभी तहसीलों में एसडीएम, तहसीलदार एवं खंड विकास अधिकारियों ने भ्रमण सील रहकर सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित चौपालों का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण किया। सुशासन सप्ताह के नोडल अधिकारी/डीपीआरओ सौम्यशील ने बताया कि प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार द्वारा सुशासन सप्ताहदूप्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत 19 से 25 दिसम्बर के मध्य विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।सुशासन सप्ताह के तहत जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर जिलेभर में भारत सरकार की केन्द्रीय लोक शिकायत निवारण प्रणाली में लम्बित लोक शिकायतों का निराकरण, स्टेट पोर्टल (आईजीआरएस) में प्राप्त लोक शिकायतों का निराकरण, आनलाइन सर्विस डिलीवरी की सेवाओं में वृद्धि करने, सर्विस डिलीवरी आवेदनों का निस्तारण पर बल दिया। सुशासन सप्ताह पर आयोजित कार्यक्रम में आजादी का अमृत महोत्सव का लोगों, जी-20 का लोगो अनिवार्य रूप से प्रदर्शन हुआ।

# एक दिवसीय डे नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील मोहम्मदी की चौकी रेहरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम करौंदा में एक दिवसीय डे नाइट वालीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि चौकी इंचार्ज रेहरिया पवन प्रताप सिंह तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य व समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया टूर्नामेंट में लगभग 18 टीमों ने भाग लिया। इसमें पहला सेमीफाइनल करौंदा बनाम गनेशपुर के बीच खेला गया जिसमें करौंदा की टीम विजय हुई और फाइनल में पहुंच गई। इसके बाद दूसरा बरबर बनाम भगतपुर के बीच हुआ जिसमें बरबर की टीम विजय हुई और फाइनल मैच करौंदा बनाम बरबर के बीच तीन सेट में खेला गया। जिसमें करौंदा 2 सीट जीत के फाइनल पर अपना कब्जा कर लिया। इस तरीके से करौंदा फाइनल में विजय रही। इस मौके मोहम्मद एहसान खान उर्फ चांदमियां एडवोकेट जावेद खान पत्रकार, शमशाद खान पत्रकार व कमेटी के मुस्तफा खान, फैसल खान, तशरीफ खान, फिरोज खान, जमाल खान, बिलाल खान आदि कमेटी के मेंबर एवं बड़ी तादाद में खेल प्रेमी मौके पर मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री से मिला भाकियू (अराजनैतिक) का प्रतिनिधिमंडल

● पांच वर्ष के लिये सिंचाई को बिजली हो निशुल्क

● चौदह दिन में हो गन्ना किसानों का बकाया भुगतान

**संवाददाता।** फतेहपुर

**भारतीय** किसान यूनियन (अराजनैतिक) का एक प्रतिनिधिमण्डल राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान के नेतृत्व में रविवार को राज्य मुख्यालय में मुख्यमन्त्री योगी आदित्य नाथ से मिला और कृषि एवं किसानों आदि से सम्बंधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मुख्यमन्त्री ने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। मुख्यमन्त्री से किसान नेताओ ने जनपद में चीनी मिल स्थापना हथगाँव ब्लॉक के गंगा घाट समापुर में सेतु निर्माण, इसी ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनवाये जाने के साथ-साथ किसानों की विभिन्न समस्याओं के त्वरित निस्तारित कराने की माँग की।

इस दौरान मुख्यमन्त्री से गन्ना पेराई के मौजूदा सत्र का राज्य परामर्शी मूल्य चार सौ रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने, गन्ना किसानों का बकाया भुगतान चौदह दिन के अन्दर कराने, पाँच वर्ष के लिये सिचाईं हेतु बिजली नि:शुल्क देने। किसानों से बिजली का बिल फिक्स चार्जके आधार पर लेने, किसानों के निजी नलकूप के स्वीकृत कनेक्शनों का सामान अविलम्ब उपलब्ध कराने, सूबे के सब्जी किसानों को सुरक्षित करने के लियेभाव स्थिरता कोष बनाया बनाने, कोल्ड स्टोरेज यूनिट एवं खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को स्थापित करवाने, कृषि विपणन तन्त्र में संशोधन कर सहायता राशि वर्तमान महगाईं दर के आधार पर तय करने, सूबे में किसान की फसलों को जंगली जानवरो एवं आवारा पशुओं ने काफी नुकसान पहुँचाया है, कई किसानों की जान भी जा चुकी है, इसलिये अन्ना प्रथा पर रोक लगाते हुए वृहद कार्ययोजना बनाकर इस बड़ी समस्या से निजात दिलाईं जाये। यूनियन द्वारा ज्ञापन में सरकारी पुरानी चीनी मिलों की क्षमता में वृद्धि, जीर्णोद्धार एवं कुछ जनपदों में नई चीनी मिलों की स्थापना कराने, राष्ट्रीय रेल प्राधिकरण द्वारा भूमि अधिग्रहण में मुजफ्फरनगर, बागपत, शामली, गौतमबुद्ध नगर में चल रहे विवादों का समाधान कराने व प्राधिकरण द्वारा गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़, आगरा, मथुरा के किसानों की समस्या का समाधान राज्य स्तर पर बैठक कराकर करवाने, प्रदेश में कृषि विस्तार के कार्यों में तेजी लाई जाये और प्रदेश भर में नकली खाद, बीज, दवाई के खिलाफ विशेष अभियान चलाने एवं सभी जनपदों में खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की जोरदारी से माँग की गईं। इसके अतिरिक्त सूबे में चकबंदी के कार्यों में तेजी लाने व चकबंदी विभाग को तहसील कर्मियों के साथ मर्ज करने, पशुपालन विभाग द्वारा लगवाये जा रहे तार-बाड़ पर पाबंदी लगाईं जाये, जिस तार-बाड़ के द्वारा पशुओं को नुकसान नहीं होता उसे स्वीकृति प्रदान की जाये। यूनियन ने सूबे में पशुओं की नस्ल सुधार पर प्रभावी ढंग से कार्य करने और पशुओं के फीमेल सीमन पर अस्सी फीसदी सब्सिडी दिये जाने की माँग की है। सीएम ने उपरोक्त माँगो के निस्तारण की दिशा में उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमण्डल में संरक्षक/चेयरमैन चौधरी राजेंद्र सिंह मलिक, उत्तराखंड प्रभारी/तराई क्षेत्र अध्यक्ष बापू सरदार अजीत सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक, राष्ट्रीय महासचिव अनिल तालान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगेराम त्यागी, युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी राजवीर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी हरिनाम सिंह वर्मा मौजूद रहे।


सीएम से मुलाकात करता भाकियू अराजनैतिक का प्रतिनिधि मंडल

# पूर्व सैनिक ने पत्नी व समधन को मौत के घाट उतारा, बहू की हालत गंभीर

● बहू काजल नें ससुरालजनो पर दहेज उत्पीड़न का कर दिया था मुकदमा

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**दहेज** उत्पीड़न के मुकदमें से त्रस्त आकर वृद्ध पूर्व सैनिक नें अपनी पत्नी व घर आयीं समधन को मौत के घाट उतार दिया। जबकि बहू की हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई है। हालत नाजुक होनें पर उसे डा. राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके सिर में गंभीर चोट आयी है। बताते है कि कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला शिवाजी कालोनी निवासी पूर्व सैनिक विजय शंकर का पुत्र माधव सेना में नौकरी करता है। उसका 4 फरवरी 2022 को मोहल्ला नगला नयन निवासी राजेश श्रीवास्तव की 22 वर्षीय पुत्री काजल से हुआ था। विवाह के कुछ दिन बाद ही काजल नें दहेज उत्पीड़न का मुकदमा ससुरालजनो पर कर दिया था। तब से काजल अपने मायके में ही रह रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को काजल अपनी 53 वर्षीय माँ सरिता के साथ अपनी ससुराल कुछ सामान लेनें आयी थी। काजल और उसकी माँ के आनें पर उसके ससुर विजय शंकर से विवाद हो गया। उसी दौरान विजय शंकर नें अपनी 12 बोर की बंदूक उठाकर चला दी। समधन को बचाने के चक्कर में गोली विजय शंकर की 60 वर्षीय पत्नी सत्यवती के लग गयी और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पत्नी की मौत के होनें के बाद विजय शंकर अपना मानसकि सन्तुलन खो बैठे और उन्होने नें समधन को भी मौत के घाट उतार दिया। उसके बाद बहू के ऊपर हथौडे से हमला कर दिया। बहू काजल के भी सिर में गंभीर चोट आयी है। उसे इसाज के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप, सीओ सिटी प्रदीप कुमार, फिल्ड यूनिट टीम आदि मौके पर आ गयी। पुलिस को मौके पर दो कारतूस के खोखे भी मिले। पुलिस नें मौके से ही विजय शंकर को गिरफ्तार कर लिया।

# गड्ढे में पलटा ट्रक, दो की मौत दो गंभीर

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर गांव के चार नाबालिग लड़के घर के पास खड़े ट्रक को सोम ढाबा खाना खाने लिए जा रहे थे अचानक ट्रक पटेल चौक पुखरायां के पास गड्ढे में पलट गया इसमें चारों बुरी तरह दब गए दो कि घटनास्थल पर मौत हो गई। 2 को जिला अस्पताल से रेफर किया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। भोगनीपुर निवासी मंगल सिंह का लड़का कुलदीप अमरौधा निवासी मोहम्मद इरशाद का ट्रक चलाता है ट्रक में सीमेंट बनाने वाला मसाला लात कर भोगनीपुर आया था। और अपने घर के पास भट्टे मैं भरा हुआ ट्रक खड़ा कर दिया और घर में खाना खाने चला गया। चुपचाप मंगल सिंह के लड़के विवेक ग के लड़का आलोक और दिनेश सिंह का लड़का प्रांशु प्रदीप और टिंकू का लड़का सोनू और आकाश चारों ने मिलकर कुलदीप सिंह के ट्रक की चाबी चुरा ली और चारों ने मिलकर स्टार्ट कर भोगनीपुर से 3 किलोमीटर आगे सोम ढाबा खाना खाने के लिए जा रहे थे। तभी पटेल चौक पुखराया के पास दूसरे ट्रक ने ओवरटेक किया और ट्रक चला रहे विवेक से ट्रक संभल नहीं पाया। और ट्रक पेड़ों को तोड़ता हुआ बिजली के खंभों से टकराते हुए गड्ढे में गिर गया। जिसमें विवेक पुत्र मंगल सिंह आलोक उर्फ तनु पुत्र जीत सिंह प्रांशु पुत्र दिनेश आकाश उर्फ सोनू पुत्र प्रदीप चारों बुरी तरह में दब गए चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने पुलिस को सूचित किया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चारों घायलों को बाहर निकाला जहां से सरकारी अस्पताल पुखरायां ले जाया गया। हालत चिंताजनक होने के कारण अकबरपुर लिए जा रहे थे तभी रास्ते में विवेक पुत्र मंगल सिंह 17 वर्ष आलोक उर्फ तनु पुत्र जीत सिंह संखवार 16 वर्ष की मौत हो गई। प्रांशु पुत्र दिनेश आकाश उर्फ सोनू पुत्र प्रदीप टिंकू चिंताजनक हालत में जिला अस्पताल से रेफर किया।

# कक्षा आठ की छात्रा का पेड़ से शव लटकता मिला, पुलिस ने शुरु की जांच

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम सिजनौडा के समीप खेतों में सोमवार को नीम के पेड़ पर कक्षा आठ की एक छात्रा का शव फांसी पर लटकता देश ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। गाव के रामपाल निषाद उर्फ बुधवा रविवार को अपनी एक रिश्तेदारी में परिवार समेत विवाह समारोह में गया था तभी उसकी 14 वर्षीय पुत्री काजल गांव में जूनियर हाईस्कूल में कक्षा आठ की छात्रा थी, रविवार की शाम अचानक अपने घर से गायब हो गई। घर में मौजूद काजल के छोटे भाई करण ने उसे आसपास तलाश इसकी सूचना अपने पिता को दी। सोमवार को खेतों की ओर निकले ग्रामीणों की नजर गांव के बाहर खेत में लगे नीम के पेड़ पर संदिग्ध हालत में फांसी पर लटकते काजल के शव को देख हड़कंप मच गया। इसकी खबर फैलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी होते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतका के शव को फांसी से उतार उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# सर्राफा दुकान में हुई लाखों की चोरी

**संवाददाता।** चित्रकूट



**कर्वी** कोतवाली से आधा किमी दूर मुख्य पोस्ट आफिस के सामने हाईवे में स्थित सर्राफा दुकान के बगल के घर से चढकर चोरों ने लाखों रुपये का माल लेकर चम्पत हो गये। दुकान मालिक सवेरे दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि काउंटर व अलमारियों में रखे सोने-चांदी के जेवर गायब थे। सभी सामान अस्त-व्यस्त पडा था। दुकान के कई दरवाजे टूटे मिले। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने डाग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम के साथ पडताल शुरु कर दी है। एसपी वृंदा शुक्ला ने घटना स्थल का मुआयना कर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ हर्ष पांडेय को जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी कर घटना का खुलासा करने के निर्देश दिये। लाखों की चोरी की जिला मुख्यालय में ये घटना रविवार की रात हुई। बताया गया कि डाकघर के पास रामविशाल सोनी की सर्राफा दुकान है। छोटे भाई विनोद सोनी व अमन सोनी दुकान में बैठते हैं। रविवार रात दुकान बन्द करने के बाद वह बस स्टैण्ड स्थित घर में चले आये। दुकान में कोई नहीं था। रात में अज्ञात चोरों ने बगल के एक मंजिला घर के सहारे ऊपर चढ गये। सर्राफा दुकान की ऊपरी मंजिल में पहुंचकर कई दरवाजे तोड डाले। इसके बाद दुकान के नीचे पहुंचे। दुकान में काउंटर व अलमारियों में रखे सोने-चांदी के जेवरात ले गये। चोरों ने लोहे की सरिया से तिजोरी को भी तोडने के प्रयास किये। तिजोरी में लगे ऊपरी ताले तो टूट गये, लेकिन लाकर न तोड पाने से उसमें रखे जेवरात बच गये। सोमवार को सवेरे दुकानदार जब दुकान पहुंचे तो काउंटर से नकद 35 हजार रुपये व सोने-चांदी के जेवर गायब मिले। दुकान का पीछे का दरवाजा टूटा हुआ था। ऊपर मंजिल में कई दरवाजे टूटे मिले। घटना की सूचना मिलने पर कर्वी कोतवाल एके मिश्रा व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय तथा कुछ देर बाद एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ हर्ष पांडेय ने घटना स्थल का मुआयना किया। डाग स्क्वायड के साथ पहुंची फोरेंसिक टीम ने दुकान के भीतर कुछ नमूने लिए। दुकानदार के मुताबिक चोर दस किलो चांदी के अलावा सोने के काफी जेवरात ले गये हैं। चोरी गये जेवरात की पूरी जानकारी नहीं दे पाये। दुकान में बैठने वाले विनोद सोनी अभी बाहर है। उनके आने पर पूरी सामग्री का पता चलेगा।

# कैमरायुक्त चेक गेट से ओवरलोडिंग व बिना रायल्टी वाहनों की होगी जांच

● दस लाख कंपनी को दिये गये एडवांस

● शासन ने ओवरलोड ट्रकों व एनआर वाहनों पर रोक लगाने के लिये उठाया कदम

**संवाददाता।** हमीरपुर


मौरंग लेकर जाते ओवरलोड ट्रक — पायनियर

**जिले में** मौरंग खदान से ओवरलोडिंग व बिना रायल्टी के वाहनों को रोकने के लिये स्थानीय यमुना पुल में खनिज विभाग 47 लाख कीमत का कैमरायुक्त एक चेक गेट का निर्माण करायेगा। जिसमें इस प्रकार के वाहनों के खिलाफ अपने आप कैमरे के माध्यम से कार्रवाई होगी। जिला खनिज अधिकारी सुभाष सिंह ने आज बताया कि जनपद में ओवरलोडिंग व बिना रायल्टी के गाड़ियों की लगातार टॉस्क फोर्स द्वारा जांच की जा रही है। इस पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के लिए शासन के निर्देशानुसार एक दो दिन में यमुना पुल के पास चेक गेट बनाकर उसमें भारी कैमरा लगाए जाएंगे। कैमरे के पास से मौरंग व गिट्टी लेकर कानपुर व लखनऊ जानेवाले ओवरलोडिंग वाहनों की आपने आप चालान हो जाएगा। जो ट्रक विना रायल्टी के निकलेगा उस ट्रक के नंबर से मिलान आन लाइन काटी जाने वाली रायल्टी से अपने आप हो जायेगा यदि संबंधित ट्रक की रायल्टी नही कटी है तो उसका आन लाइन चालान कर अपने आप हो जायेगा। इस काम की जिम्मेंदारी शासन ने यूपी टेस्को लखनऊ को दी है। इसकी कीमत करीब 47 लाख रुपये बताई गई है। जिसमें खनिज विभाग ने कंपनी को दस लाख रुपये एडवांस में दे दिया है। कंपनी ने कहा है कि एक दो दिन में इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा। खनिज अधिकारी ने बताया कि चेकगेट बुंदेलखंड के ज्यादातर जनपदों में लगा दिए गए है। जनपद में इसकी स्थापना नहीं की गई थी। जिस पर यहां भी बहुत ही शीघ्र इसे लगाया जाएगा। जिले में जांच के दौरान कई वाहन बिना रायल्टी व ओवरलोडिंग के पकड़े जा रहे है। अब ऐसे वाहनों की खैर नहीं होगी। इससे न केवल ओवरलोडिंग पर लगाम लगेगा। बल्कि शासन को अच्छा खासा राजस्व भी प्राप्त होगा। इस फैसले से वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया है। तरह तरह की चर्चाएं की जा रही है।

# तहसील का रैन बसेरा बैनर तक सीमित ताले के सुरक्षा में सरकारी कंबल




**संवाददाता।** घाटमपुर

**सर्दी का** कहर दिनों-दिन तेज होता जा रहा है पर अभी तक बेशहारा और फुटपाथ में कड़ाके की ठंन्ड में गुजर-बसर करने वाले गरीबों को शासन द्वारा दिये जाने वाले कंम्बल अभी तक सरकारी अमले ने नही बांटे हैं। जिसके चलते पात्र लोग ठंन्ड से बेहाल हैं। शासन के निर्देष पर जिला प्रशासन हर साल आपदा राहत से ठन्ड से बचाव के लिये अलावा जलवाने के साथ गरीब और बेसहारा लोगों को कंम्बल देती है, नायब नाजिर ने बताया कि जिले स्तर से साढ़ 12 सौ कंम्बल तहसील को मिले हैं। सुबह शांम ठिठुरन भरी सदी होने के बावजूद कस्बे में न तो अलावा जलवाये गये हैं और न ही ठन्ड से बचाव के लिये अन्य कोई ब्यवस्था। उधर रात में भूले भटके राहगीरों व अन्य के लिये रात में ठहरने के लिये कस्बे में दो रैन बसेरा बनाये गये हैं इनमें एक कानपुर रोड पर कुष्मॉण्डा देवी मंन्दिर स्थित मिलन केंन्द्र में और दूसरा तहसील में, लेकिन तहसील में रैन बसेरा का बैनर तहसील कंन्टीन में लगा भर दिया गया है।

## क्विक न्यूज

### रिटायर्ड शिक्षक को झांसा देकर लाखों ठगे, सीओ से की शिकायत

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के एक सेवानिवृत्त शिक्षक को मार्केटिंग कंपनी में फायदा होने का झांसा देकर एक युवक ने लाखों रुपए का चूना लगा दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस के चक्कर लगाने के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाही की मांग की है। पुलिस के मुताबिक मौदहा कस्वा निवासी कैलाश नाथ गुप्ता सेवानिवृत्त शिक्षक है उसने सोमवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी घनश्याम सिंह को बताया कि नगर के सिचोलीपुरवा निवासी अजय प्रजापति ने उसे टोगो रिटेल मार्केटिंग लिमिटेड में अच्छा खासा फायदा होने का झांसा देकर उससे हजारों रुपए की प्रतिमाह आरडी के अलावा फिक्स डिपॉजिट में भी रुपया जमा करवा दिया। अवधि पूरी होने के बाद अब अजय उसका रुपया देने में आनाकानी कर रहा है। पीड़ित ने एक माह पूर्व इस मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को सौंप आरोपी के खिलाफकार्रवाही की मांग की थी लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाही न होता देख पीड़ित सेवानिवृत्त शिक्षक ने सोमवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी घनश्याम सिंह की चौखट पर न्याय की गुहार लगा आरोपी के खिलाफकार्रवाही कर अपना रुपया दिलवाने की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि अजय के ऊपर उसका तीन लाख से अधिक बाकी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने पीड़ित को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

### दूध डेयरी संचालक की कार से ढ़ाई लाख रुपयों भरा बैग गायब

**घाटमपुर।** कोतवाली स्तर का थाना और एसीपा कार्यालय की मौजूदगी के बाद भी घाटमपुर में टप्पेबाजी की घटनाओं के साथ ही लूट और चोरियों की घटनाओं में लगाम नही लग पा रही है। सोमवार दोपहर बाद कोतवाली से मात्र 5सौ मी0 दूर मूसानगर रोड पर टप्पेबाज एक दूध डेरी संचालक की कार में रखा रुपयों का बैग पार कर दिया, डेरी संचालक के मुताविक बैग में ढ़ाई लाख रुपये थे। फतेहपुर जनपद के गांव अजयपुर गढ़वा थाना चॉदपुर निवासी रमेश पुत्र अमौरी लाल ने कोतवाली में तहरीर दी है कि उसकी कार का पहिया पंचर हो गया था जिसे ठीक कराने के लिये वो मूसानगर रोड पर जनता महा विद्यालय के पास पंचर बनवाने लगी कि इसी बीच कार में शीशे से हाथ डाल कर रुपयों वाला बैग निकाल ले गया। इस संवन्ध कोतवाली प्रभारी रामबाबू सिंह ने बताया कि घटना संदिग्द लगती है।

### संजय सिंह बने जिलाध्यक्ष

**फतेहपुर।** राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर देवेंद्र सिंह राणा ने शहर के आवास-विकास कालोनी निवासी संजय सिंह सेंगर को संगठन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होने तीस दिनों के अंदर अपनी कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिये हैं। नवमनोनीत जिलाध्यक्ष संजय सिंह सेंगर ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ उन्हें संगठन का जिलाध्यक्ष बनाया गया है उस पर वह खरा उतरने का काम करेंगे। समाज के लोगों को संगठन से जोड़ा जायेगा और उनकी समस्याओं का निराकरण कराने का प्रयास होगा। जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर देर शाम तक उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

### कच्ची शराब ले जाते युवक गिरफ्तार

**जालौन (उरई)।** कोतवाली पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया जिसके पास से 15 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफमामला मामला दर्ज कर लिया है। उपनिरीक्षक रजत कुमार ने दीन दयाल उपाध्याय चौराहे के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे मुरलीमनोहर निवासी बबलू को पकड़ लिया तथा उससे पूछताछ की तो उसके पास से प्लास्टिक की बोतल में 15 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। पुलिस पकड़े गये युवकों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

### माज अल्लाह गौरी बने महासचिव

**कोंच(जालौन)।** हिंदुस्तान उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक जौनपुर सदर मोहम्मद अरशद खान ने संगठन को विस्तार देते हुए कोंच नगर के निवासी माज अल्लाह गौरी को जिला महासचिव जनपद जालौन नियुक्त करते हुए उनसे संगठन से व्यापारियों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने और संगठन की गतिविधियों को आगे ले जाने की अपेक्षा जताई। वहीं जिला महासचिव बनने पर नगर के व्यापारियों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जताते हुए माज अल्लाह गौरी को बधाई दी।

### दो वर्ष से फरार चल रहे दुर्दांत डकैत ददुआ के पूर्व विधायक बेटे वीर सिंह पटेल को एससी/एसटी कोर्ट ने भेजा जेल

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में आतंक का पर्याय रहे बुंदेलखंड के दुर्दांत डकैत शिवकुमार पटेल उर्फ़ददुआ के बेटे पूर्व सपा विधायक वीर सिंह पटेल को विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी की अदालत ने सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पूर्व विधायक धोखाधड़ी के एक मामले में वारंट जारी होने के बाद फरार चल रहे थे। पेशी के लिए न्यायालय पहुंचने पर उनको हिरासत में ले लिया गया। आपको बता दे कि दस्यु ददुआ के पूर्व विधायक पुत्र वीर सिंह पटेल के खिलाफ2017 में कर्वी कोतवाली में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। यह मुकदमा सेवानिवृत गल्लामंडी कर्मचारी कर्वी नगर के शत्रुघनपुरी निवासी मोतीलाल बौरिया ने उनके खिलाफधारा 420, 406, 504, 506 व अनुसूचित जाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम के तहत रिपार्ट दर्ज कराया था। पूर्व विधायक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने वाले मोतीलाल बौरिया का आरोप है कि वह 14 मार्च 2013 को पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल के पास गया था। उस समय वह सदर सीट से सपा से विधायक थे। उन्होंने बेटे को नौकरी दिलाने के नाम पर उससे दो लाख रुपए लिए थे।बताया कि चार साल बाद न तो नौकरी दिलवाई और न ही पैसा लौटाया। बल्कि पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी देकर भगाया दिया। इस मामले में वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी जगतपाल ने बताया कि न्यायालय से पूर्व विधायक को दो वर्ष पहले वारंट जारी हुआ था। लेकिन पूर्व विधायक न्यायालय में हाजिर नहीं हुए। सोमवार को वह न्यायालय में हाजिर होने आए, तभी न्यायालय ने हिरासत में लेने के बाद जेल भेज दिया।

### आवास विकास कालौनी में मौरम, गिट्टी डाल रास्ता किया अवरुद्ध

जालौन (उरई)। आम रास्ते में पड़ी गिट्टी बालू आसपास के निवासियों व राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई। ठेकेदार द्वारा रास्ता में डाली गयी बालू गिट्टी को हटवाने के लिए मोहल्ले के लोगों ने एस डी एम को प्रत्यावेदन दिया था। डेढ़ माह बीतने के बाद आम रास्ता नहीं हटाया गया बिल्डिंग मैटेरियल। उरई मार्ग पर आवास विकास कालोनी स्थित है। कालोनी के प्रवेश द्वार पर एलआईसी के बगल में सड़क पर गिट्टी व बालू डाल रखी है। आम रास्ते में गिट्टी व बालू के कारण कालौनी के लोग परेशान हैं तथा राहगीर परेशान हैं। गिट्टी बालू के कारण दो पहिया वाहन चालक आये दिन फिसल कर गिर कर घायल हो रहे हैं। मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम को प्रत्यावेदन देकर बताया कि उन्होंने ठेकेदार से भी बालू गिट्टी हटाने के लिए कहा किन्तु इसके बाद गिट्टी बालू नहीं हटाया गया है। मोहल्ला भवानीराम आवास विकास कालोनी निवासी लक्ष्मीकांत शाक्य, राज कुमार मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, मंजू सेंगर, भूपेंद्र पटेल, रामकुमार , कमलाकांत, पंकज, प्रशांत, दीपक समेत 26 लोगों ने अपने हस्ताक्षर युक्त प्रत्यावेदन एस डी एम को दिया था।

# सुशासन सप्ताह, प्रशासन गांव की ओर का दीप प्रज्वलित कर डीएम ने किया शुभारंभ

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**शासन** के निर्देशों के तहत सुशासन सप्ताह, प्रशासन गांव की ओर 19 दिसंबर से 25 दिसंबर 2022 तक के कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुभारंभ किया, इस मौके पर जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण है, यह कार्यक्रम पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी जी के जन्मदिवस के रूप में मनाया जा रहा है, इस कार्यक्रम के दौरान राजस्व एवं विकास कार्यों का अधिकारीगण ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और उसका निस्तारण करेंगे। उन्होंने कहा कि आइजीआरएस में प्राप्त होने वाले शिकायतों का अधिकारीगण गुणवत्ता के साथ समय से निस्तारण सुनिश्चि करेंगे, उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनपद कानपुर देहात में रहे एक पूर्व जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी, इसमें सभी अधिकारीगण लगकर इस कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराएं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडे ने भी संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम सुशासन सप्ताह, प्रशासन गांव की ओर, जो 19 दिसंबर से 25 दिसंबर 2022 तक चलाया जाएगा, इसमें समस्त तहसील स्तर एवं विकास खंड स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, इसमें लोगों की समस्याओं का चौपाल के माध्यम से निस्तारण किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना होने पाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता, जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, परियोजना अधिकारी दिनेश कुमार यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद कुमार द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ देवकीनंदन लवानियां आदि उपस्थित रहे।

# सुशासन सप्ताह: प्रशासन चला डोर टू डोर का उद्देश्य बताया कालपी एसडीएम ने

**संवाददाता।** कालपी (जालौन)

**कालपी** उप जिला अधिकारी अभिषेक कुमार आईएएस की अध्यक्षता में तहसील सभागार में एक बैठक का आयोजन हुआ बैठक में प्रमुख रूप से तहसीलदार सुशील कुमार सिंह मौजूद रहे! उन्होंने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन सप्ताह के उद्देश्य की जानकारी दी और अधीनस्थों का उत्साहवर्धन भी किया। उनकी वाक्य पटुता के कायल अधीनस्थ कर्मचारियों ने उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने बताया कि सुशासन सप्ताह जिस दिन समाप्त हो रहा है उस दिन देश के पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी बाजपेई का जन्म दिन है और वे एक विलक्षण प्रतिभा के धनी थे वे बहुत ही कर्मठ और देश की प्रगति में आस्था रखने वाले व्यक्ति थे। आपको शायद याद होना चाहिए कि 1994 में जब वे विपक्ष में थे और पाकिस्तान ने देश पर टिप्पणी की श्री बाजपेई को जब बोलना पड़ा तो उन्होंने बजाय सरकार का विरोध करने के देश हित में ही बोला जिसे पाकिस्तान तक सुनकर हैरान हो गया था और जब 1996 के चुनाव में वे एक वोट से हारे तो उन्होंने कहा नेता आते जाते रहेंगे सरकारे आती जाती रहेंगी पर देश चलता रहे देश चलता रहे ये पंक्तियाँ केवल इसलिए कह रहा हूँ कि आज हम हैं कल कोई और होगा लेकिन हम सभी का सफलतम प्रयास होना चाहिए कि किसी का काम न रोके लोगों को वेवजह परेशान न करें किसी भी सफलता के पीछे किसी एक का योगदान नहीं हर संबंधित व्यक्ति का अपना अपना योगदान रहता है इस लिए हम सभी को 19 से 25 तक चलाए जा रहे सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन के डोर टू डोर का मतलब सभी लोग जुट जायें और हर समस्या का निस्तारण करें एक भी शिकायत पेंडिंग न बचे इस पर जोर देना है चाहे वह पारीवारिक लाभ योजना हो या फिर दुर्घटना बीमा लाभ हो और चाहे आय, जाति, निवास या फिर और भी कोई आवेदन हो सभी शिकायतों का शत प्रतिशत निदान करना है इस मौके पर तहसील कालपी से संबंधित अधिकांश लेखपाल मौजूद रहे।



सुशासन सप्ताह में जानकारी देते एसडीएम कालपी अभिषेक कुमार — पायनियर

# बुंदेली सेना ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर कृषि मंत्री को दिया ज्ञापन

**उरई (जालौन)।** बुंदेली सेना ने 7 सूत्रीय मांगों को लेकर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप सही को ज्ञापन दिया। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष शिवम चौहान उर्फ सोनू ने कहा कि जनपद जालौन हरी मटर के उत्पादन में प्रदेश में अव्वल नंबर पर है इसके बावजूद जनपद जालौन में हरी मटर का एक भी सरकारी क्रय केंद्र नही है जिस कारण जनपद का किसान अन्य जनपद में जाकर साहूकारों को हरी मटर बेंचने को मजबूर होते है।

जनपद जालौन में दलहन व तिलहन की बिकवाली के लिये कोई भी सरकारी क्रय केंद्र नही है। जनपद जालौन में इस वर्ष धान का क्रय केंद्र खोला नही गया। इसे शीघ्र खुलवाया जाये। जिले में रासायनिक खादों की बिकवाली में व्यापक अनियमितता है जिस कारण किसान को ब्लैक में खाद मजबूरन खरीदनी पड़ रही है। खाद आपूर्ति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये जाएं। कृषक फसल बीमा योजना का ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार प्रसार किया जाए ताकि किसानों को इसकी सही जानकारी हो सके व किसान इसका लाभ ले पाएं।

# शिखर सम्मेलन में जैव विविधता पर हुआ ऐतिहासिक समझौता

## सीओपी15



भाषा। मॉन्ट्रियल

**चार साल** तक चली जटिल वार्ता के बाद भारत सहित लगभग 200 देशों ने सोमवार को कनाडा के मॉन्ट्रियल में जैव विविधता के संरक्षण के लिए संयुक्त राष्ट्र सीओपी 15 शिखर सम्मेलन में पेरिस शैली के एक ऐतिहासिक समझौते को मंजूरी दे दी।इस समझौते को सम्मेलन के अंतिम सत्र में गहन चर्चा के बाद स्वीकृति दी गई। यह समझौता दुनिया में भूमि व जल के संरक्षण और विकासशील देशों को जैव विविधता को बचाने के लिए धन मुहैया कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

एकत्रित प्रतिनिधियों की ज़ोरदार तालियों के बीच, सीओपी15 जैव विविधता शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष एवं चीनी पर्यावरण मंत्री हुआंग रुनकिउ ने कुनमिंग-मॉन्ट्रियल समझौते को अपनाने की घोषणा की। यह सम्मेलन सात दिसंबर को शुरू हुआ था। अध्यक्ष ने कांगो के अंतिम मिनट के कदम को नज़रअंदाज़ करने के लिए तरकीब से काम किया, जिसने मसौदा पाठ का समर्थन करने से इनकार कर दिया था और समझौते के हिस्से के रूप में विकासशील देशों के लिए अधिक धन की मांग की थी।इस समझौते का उद्देश्य भूमि, महासागरों और प्रजातियों को प्रदूषण, क्षरण तथा जलवायु परिवर्तन से बचाना है। वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट (एलपीआर) 2022 के अनुसार, निगरानी वाली वन्यजीव आबादी- स्तनधारियों, पक्षियों, उभयचरों, सरीसृप और मछलियों की संख्या में 1970 के बाद से औसतन 69 प्रतिशत की विनाशकारी गिरावट देखी गई है। वार्ताओं में सबसे विवादास्पद मुद्दों में से एक विश्व स्तर पर और विशेष रूप से विकासशील देशों में संरक्षण प्रयासों का समर्थन करने के लिए वित्त पैकेज था। समझौते में 2030 तक सभी स्रोतों से वित्तीय संसाधनों के स्तर को उत्तरोत्तर बढ़ाने और प्रति वर्ष कम से कम 200 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाने की प्रतिबद्धता जताई गई है। यह मोटे तौर पर 2020 की आधार-रेखा से दोगुना अधिक की बात करता है। इसकी बड़ी उपलब्धि 2025 तक अंतरराष्ट्रीय वित्त प्रवाह में 20 अरब अमेरिकी डॉलर और 2030 तक 30 अरब अमेरिकी डॉलर की प्रतिबद्धता भी है। समझौते के 23 लक्ष्यों में पर्यावरणीय रूप से "विनाशकारी" कृषि सब्सिडी में कटौती, कीटनाशकों से जोखिम को कम करना और आक्रामक प्रजातियों से निपटना शामिल है।

पिछले हफ्ते, भारत ने कहा था कि कृषि क्षेत्र में कीटनाशकों की कमी के लिए एक संख्यात्मक वैश्विक लक्ष्य अनावश्यक है और इसका फैसला देशों पर छोड़ दिया जाना चाहिए। इसने यह भी कहा था कि भारत में कृषि क्षेत्र, अन्य विकासशील देशों की तरह, "लाखों लोगों के लिए जीवन, आजीविका और संस्कृति का स्रोत है, और इसके प्रति समर्थन को उन्मूलन लक्ष्य नहीं बनाया जा सकता। अनेक लोगों द्वारा इस समझौते की तुलना वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने संबंधी पेरिस समझौते से की जा रही है।पर्यावरण समूहों ने जहां नए समझौते के संभावित परिवर्तनकारी प्रभावों का स्वागत किया है, वहीं कई लोग महसूस करते हैं कि इसमें वित्तीय सहायता और संरक्षण के बारे में महत्वपूर्ण विवरण गायब है। इसके तहत 2030 के लिए वैश्विक लक्ष्यों में जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र के कामकाज और सेवाओं के वास्ते विशेष महत्व के क्षेत्रों पर जोर देने के साथ ही दुनिया की कम से कम 30 प्रतिशत भूमि, अंतर्देशीय जल, तटीय क्षेत्रों और महासागरों का प्रभावी संरक्षण एवं प्रबंधन शामिल है।

# तालिबान आतंकवादियों ने पुलिसकर्मियों को बंधक बनाया, बातचीत में कोई प्रगति नहीं

भाषा। पेशावर (पाकिस्तान)

**पाकिस्तान** के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में तालिबान आतंकवादियों ने आतंकवाद-रोधी एक केंद्र पर कब्जा कर लिया और कुछ लोगों को बंधक बना लिया। बंधक बनाए गए लोगों की सुरक्षित रिहाई के लिए सरकार और तालिबान आतंकियों के बीच वार्ता जारी है। हालांकि वार्ता का अब तक कोई परिणाम नहीं निकला है। आतंकवाद-रोधी विभाग (सीटीडी) ने रविवार को कुछ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था तथा उनसे पुलिस थाने में पूछताछ की जा रही थी। तभी, इनमें से एक आतंकवादी ने रविवार को पुलिसकर्मी से एके-47 छीन ली और गोलियां चलानी शुरू कर दी।

उक्त आतंकवादी ने इमारत में रखे गए अन्य आतंकवादियों को मुक्त कराया और उन्होंने परिसर को अपने कब्जे में ले लिया। उन्होंने कई पुलिसकर्मियों को भी बंधक बना लिया। गोलीबारी में कम से कम दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई, जिसके बाद अधिकारियों ने सेना के विशेष बल को अलर्ट पर रखा। बन्नू में सोमवार को स्थिति तनावपूर्ण रही, क्योंकि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने छावनी क्षेत्र की घेराबंदी कर दी जहां यह केंद्र स्थित है। इलाके के निवासियों को घर के अंदर रहने के लिए कहा गया है। क्षेत्र में इंटरनेट और मोबाइल फोन सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं। डॉन डॉट कॉम के मुताबिक, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री बैरिस्टर मोहम्मद अली सैफ के विशेष सहायक ने कहा कि हालात स्थिर है और अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। सैफ ने कहा कि वह लगातार तालिबान के संपर्क में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बन्नू परिसर में आतंकवादियों ने एक सुरक्षा अधिकारी की हत्या कर दी, लेकिन इस बारे में विस्तार से नहीं बताया। उन्होंने कहा कि जानमाल का नुकसान न हो इसलिए सरकार आतंकियों के साथ बातचीत कर रही है। आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों के साथ बातचीत के लिए एक स्थानीय धार्मिक व्यक्ति मौलाना अहमद उल्लाह को बुलाने की मांग की है। उन्होंने वार्ता प्रक्रिया में समन्वय के लिए एक बंधक को अपने वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों से मोबाइल फोन पर बात करने की अनुमति भी दी। इस बीच, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने सोमवार को एक बयान जारी कर दावा किया कि कैदियों ने कल रात से कई सुरक्षा अधिकारियों और जेल कर्मचारियों को बंधक बना लिया है और केवल दक्षिण या उत्तर वजीरिस्तान कबायली जिलों में टीटीपी कैदियों का सुरक्षित मार्ग चाहते हैं।

# यूक्रेन की राजधानी कीव में फिर किए गए ड्रोन हमले

एपी। कीव

**यूक्रेन की** राजधानी कीव में सोमवार तड़के ड्रोन द्वारा एक बार फिर हमले किए गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कीव में तीन दिन पहले भी ऐसे ही हमले किए गए थे।

अधिकारियों ने इसे युद्ध की शुरुआत के बाद से कीव पर किया गया अभी तक का सबसे बड़ा हमला बताया है।कीव शहर के प्रशासन ने अपने टेलीग्राम खाते पर बताया कि राजधानी कीव के हवाई क्षेत्र में ईरान निर्मित 20 से अधिक ड्रोन देखे गए, जिनमें से कम से कम 15 को मार गिराया गया। प्रशासन ने बिना विस्तृत जानकारी दिए बताया कि एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हमला किया गया। कीव के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेक्सी कुलेबा ने

**● यूक्रेन की सेना ने मिसाइलों और विस्फोटक ड्रोन को मार गिराने में लगातार सफलता मिलने की सूचना दी है**

टेलीग्राम पर बताया कि कुछ बुनियादी सुविधाएं तथा मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। हमलों में कम से कम दो लोग घायल हो गए।कीव के मेयर विटाली क्लिट्सको ने टेलीग्राम पर बताया कि दो जिलों शेवचनकिव्सकी और सोलोम्यंस्की में विस्फोट की आवाज सुनी गई। हालांकि उन्होंने कहा कि किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है और आपात सेवाएं मौके पर तैनात हैं। सशस्त्र बलों ने कहा कि राजधानी कीव रूस का प्रमुख निशाना प्रतीत होती है, लेकिन देश के अन्य इलाकों में भी हमले किए गए हैं। यूक्रेन की वायु सेना ने टेलीग्राम पर बताया कि रूस द्वारा अज़ोव सागर के पूर्वी तट से दागे गए कम से कम 35 विस्फोटक ड्रोन में से 30 को तबाह कर दिया गया। यूक्रेन की सेना ने मिसाइलों और विस्फोटक ड्रोन को मार गिराने में लगातार सफलता मिलने की सूचना दी है। ऊर्जा ढांचों को निशाना बनाकर सर्दियों में यूक्रेन के लोगों को परेशान करने के मकसद से रूस, कीव सहित अन्य स्थानों पर बुनियादी ऊर्जा ढांचे को निशाना बना रहा है।रूस ने शुक्रवार को भी राजधानी कीव पर हमले किए थे। देश भर में कई दर्जन मिसाइलें दागी गईं जिससे व्यापक स्तर बिजली आपूर्ति बाधित हुई।

# लाहौर उच्च न्यायालय ने तोशाखाना मामले में उपहारों का विवरण मांगा

भाषा। लाहौर

**लाहौर की** एक शीर्ष अदालत ने सोमवार को संघीय सरकार को निर्देश दिया कि वह 1947 में पाकिस्तान के गठन के बाद से नेताओं और नौकरशाहों को विदेशी गणमान्य लोगों से मिले तोशाखाना के उपहारों का ब्योरा 16 जनवरी तक पेश करे।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से जुड़े एक विवाद के बाद पाकिस्तान सरकार का तोशाखाना विभाग चर्चा में आया है। इमरान खान ने सरकारी तोशाखाना से कथित तौर पर 10.80 करोड़ रुपए के उपहार 2.15 करोड़ रुपए में बेच दिए थे। लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आसिम हफीज ने तोशाखाना के विवरण को सार्वजनिक करने के लिए अदालती आदेशों की मांग करने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। इस याचिका में

**● सोमवार की सुनवाई के दौरान, सरकार की ओर से पेश हुए वकील शेराज जका ने तर्क दिया कि तोशाखाना से संबंधित विवरण गोपनीय हैं और उन्हें सार्वजनिक नहीं किया जा सकता**

तोशाखाना के उपहारों के साथ ही उन व्यक्तियोंअधिकारियों के बारे में जानकारी मांगी गई, जिन्होंने भुगतान करने के बाद ए उपहार खरीदे।

पाकिस्तान में 1974 में स्थापित तोशाखाना कैबिनेट डिवीजन के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक विभाग है और अन्य देशों के शासनाध्यक्षों और राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा शासकों, सांसदों, नौकरशाहों और अधिकारियों को दिए गए कीमती उपहारों को संगृहीत करता है। तोशाखाना के नियमों के अनुसार, जिन व्यक्तियों पर ये नियम लागू होते हैं, उनके द्वारा प्राप्त उपहार और ऐसी अन्य सामग्री की सूचना कैबिनेट प्रभाग को दी जाएगी। सोमवार की सुनवाई के दौरान, सरकार की ओर से पेश हुए वकील शेराज जका ने तर्क दिया कि तोशाखाना से संबंधित विवरण गोपनीय हैं और उन्हें सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। अदालत ने तब पूछा कि विवरण का खुलासा कैसे नहीं किया जा सकता है।लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने 16 जनवरी तक संघीय सरकार से रिपोर्ट मांगते हुए निर्देश दिया, अदालत को विवरण जमा करें और अदालत तय करेगी कि ए गोपनीय हैं या नहीं।

## क्विक न्यूज

### अमेरिका के हवाई में टर्बुलेंस में उड़ान के फंसने से कई यात्री घायल, 11 की हालत गंभीर

**होनोलूलू, एपी।** अमेरिका के फीनिक्स से होनोलूलू की ओर जा रहे एक विमान के उतरने से कुछ देर पहले भीषण वायुमंडलीय विक्षोभ (एयर टर्बुलेंस) में फंस जाने के कारण कई विमान यात्री घायल हो गए, इनमें से 11 की हालत गंभीर है। अधिकारियो और यात्रियों ने यह जानकारी दी।होनोलूलू आपात चिकित्सा सेवा के निदेशक जिम आयरलैंड ने कहा कि रविवार हवाइयन एयरलाइंस की उड़ान के टर्बुलेंस का सामना करने के बाद प्रभावित कुल 36 व्यक्तियों को उपचार प्रदान किया गया है। उन्होने कहा कि इनमें से 20 लोगो को अस्पताल ले जाया गया, जिनमे से 11 की हालत गंभीर है। आयरलैंड ने कहा, हमे इस बात की खुशी है कि इस घटना मे किसी की मौत नही हुई। हम उम्मीद करते हैं कि सभी घायल जल्द पूरी तरह से स्वस्थ हो जाएंगे। विमान में लगभग 300 लोग सवार थे। इनमें से कई यात्री छुट्टियां मनाने हवाई जा रहे थे।

### ईरान और सऊदी अरब की कूटनीतिक वार्ता रुकी

**बगदाद।** क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वियो ईरान और सऊदी अरब के बीच इराक की मध्यस्थता से शुरू हुई कूटनीतिक वार्ता फिलहाल रुक गई है। इसकी प्रमुख वजह ईरान के उसके देश में बड़े पैमाने पर जारी सरकार विरोधी प्रदर्शनो के पीछे कथित विदेशी उकसावे संबंधी दावे हैं। इराक के अधिकारियो ने यह जानकारी दी। क्षेत्रीय तनाव कम करने की दिशा मे वार्ता की काफी सराहना की गई थी। इराक के नए प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने पदभार ग्रहण करने के बाद पिछले महीने कहा था कि इराक से बातचीत में मध्यस्थता जारी रखने के लिए कहा गया है। हालांकि, इराक के अधिकारियो ने बताया कि बगदाद द्वारा आयोजित की जाने वाली वार्ता के छठे दौर की योजना अभी निर्धारित नही की गई है, क्योंकि ईरान ने सऊदी अरब के अधिकारियो से मिलने से इनकार कर दिया है। इराक के सांसद एवं संसदीय विदेश संबंध समिति के सदस्य आमेर-अल-फाएज़ ने कहा, ईरान-सऊदी वार्ता रुक गई है और इसका क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव होगा। सऊदी अरब की ओर से इस संबंध मे अभी कोई बयान जारी नही किया गया है।

# आतिथ्य उद्योग में वृद्धि की रफ्तार 2023 में और बढ़ेगी

भाषा। नई दिल्ली

**भारत की** जी20 अध्यक्षता के बीच 2023 में घरेलू आतिथ्य उद्योग बड़ी उड़ान भरने को तैयार है। कोविड-19 महामारी की वजह से दो साल से संकट का सामना कर रहे विमानन उद्योग को 2022 में थोड़ी राहत मिलना शुरू हुई थी जो 2023 में और रफ्तार पकड़ेगी।घरेलू यात्राओं, विशेषकर अवकाश के दौरान होनी वाली यात्राओं ने इस वर्ष उद्योग को गति दी और अगले वर्ष भी इसमें तेजी बरकरार रहने की उम्मीद है। उद्योग से जुड़ी कंपनियों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय यात्राओं में और बढ़ोतरी होगी जिसे देखते हुए कहा जा सकता है कि 2023 क्षेत्र के लिए अच्छा रहने वाला है। होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष के बी काचरू ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह कहना ठीक रहेगा कि हम मुश्किल दौर से उबर चुके हैं। यह कहते हुए खुशी होती है कि कोविड के बाद हमने दमदार वापसी की है। औसत दरें, कमरे भरने की दर सभी कुछ अच्छा है। उद्योग के अनुमानों के मुताबिक 2022-23 की तीसरी तिमाही में कोविड-19 के प्रभाव से उबरते हुए आतिथ्य क्षेत्र ने 70 फीसदी बुकिंग को छू लिया जबकि दैनिक औसत दरें बढ़कर 7,260 रुपए हो गईं जो 2019-20 में 6,540 रुपए थी।इसके अलावा प्रति उपलब्ध कमरे पर राजस्व भी 2019-20 के 4,499 रुपए के मुकाबले चालू वित्त वर्ष में बढ़कर 5,085 रुपए हो गया।महिंद्रा हॉलिडेज एंड रेजॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड (एमएचआरआईएल) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी कविंद्र सिंह ने कहा, 2022 में आतिथ्य उद्योग को होटल, रेजॉर्ट और शहरों में आने वाले लोगों की संख्या के मामले में राहत मिली जिसकी बहुत जरूरत थी।

# शेयर बाजार में दो दिन बाद तेजी लौटी, सेंसेक्स 468 अंक चढ़ा

भाषा। मुंबई



**बैंकिंग, तेल** और एफएमसीजी शेयरों में सोमवार को हुई जोरदार लिवाली के दम पर घरेलू शेयर बाजारों के दोनों मानक सूचकांक में दो दिन के अंतराल के बाद तेजी लौट आई। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों करीब एक प्रतिशत चढ़ गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 468.38 अंक यानी 0.76 प्रतिशत चढ़कर 61,806.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 507.11 अंक तक उछल गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 151.45 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की बढ़त रही और यह 18,420.45 अंक पर बंद हुआ। इस तरह शेयर बाजारों में लगातार दो कारोबारी सत्रों की गिरावट के बाद तेजी लौटी है। पिछले सप्ताह के अंतिम दो कारोबारी दिनों में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई थी। सेंसेक्स में शामिल कुल 30 में से 24 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। इनमें महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावरग्रिड, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति सुजुकी, आईटीसी, टाइटन, नेस्ले, बजाज फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख हैं। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक के शेयरों को नुकसान उठाना पड़ा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार में रही चौतरफा तेजी के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में गिरावट का रुख बना रहा। वैश्विक स्तर पर मंदी आने की आशंका गहराने और कुछ एशियाई देशों में कोरोनावायरस के मामले दोबारा बढ़ने से आईटी क्षेत्र के लिए नकारात्मक धारणा बनी हुई है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया के कॉस्पी, जापान के निक्की, चीन के शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट रही।कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, एशिया के अन्य बाजारों में गिरावट के बावजूद घरेलू सूचकांक यूरोपीय बाजारों के अच्छे प्रदर्शन की वजह से वापसी करने में सफल रहे। हालांकि, आने वाले साल में भी ब्याज दर में वृद्धि जारी रहने के फेडरल रिजर्व के संकेतों से निवेशकों में अब भी भरोसे की कमी दिख रही है। इसके बावजूद लिवाली का जोर रहने से व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप 0.67 प्रतिशत और स्मॉलकैप 0.29 प्रतिशत चढ़ गया। यूरोप के शेयर बाजारों में दोपहर के सत्र में बढ़त देखी गई। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को नुकसान में रहे थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.15 प्रतिशत बढ़कर 79.95 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गत शुक्रवार को भारतीय बाजारों से निकासी की थी। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, एफआईआई ने ।,975.44 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे थे।

# एनपीए में उल्लेखनीय गिरावट आने का अनुमान

भाषा। मुंबई

**घरेलू रेटिंग** एजेंसी इक्रा ने बैंकिग क्षेत्र के परिदृश्य को सोमवार को सकारात्मक कर दिया। संपत्ति वृद्धि अच्छी रहने, संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार और पूंजी बफर मजबूत होने के मद्देनजर परिदृश्य में सुधार किया गया है। एजेंसी ने कहा कि 2023-24 के अंत तक सकल गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) के लिहाज से परिसंपत्ति की गुणवत्ता चार प्रतिशत पर पहुंच जाएगी जो एक दशक का सर्वश्रेष्ठ स्तर होगा। 2022-23 में बैंकिंग प्रणाली में कर्ज वृद्धि 15.2-16.1 प्रतिशत रहेगी, लेकिन 2023-24 में यह धीमी पड़कर 11-11.6 प्रतिशत पर आ जाएगी। कर्ज वृद्धि में सबसे बड़ी हिस्सेदारी सरकारी बैंकों की होगी। निजी क्षेत्र के बैंकों की बाजार हिस्सेदारी नरम पड़ेगी। एजेंसी का अनुमान है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की कर्ज वृद्धि 2022-23 में 13.4-14.1 प्रतिशत, 2023-24 में 9.5-10.1 प्रतिशत रहेगी। वहीं निजी क्षेत्रों के बैंकों के लिए यह क्रमशः 14.5-15.5 प्रतिशत और 12.6-13.5 प्रतिशत रहेगी।एजेंसी के उपाध्यक्ष अक्षय चौकसे ने संवाददाताओं को बताया कि परिसंपत्ति गुणवत्ता के नजरिए से देखा जाए तो सकल गैर निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) कम होकर चार प्रतिशत पर और शुद्ध एनपीए एक प्रतिशत से नीचे आ जाएगा। प्रणाली का जीएनपीए 2021-22 में छह प्रतिशत और शुद्ध एनपीए 1.7 प्रतिशत था। इक्रा ने कहा कि 2023-24 के अंत तक सरकारी बैंकों का शुद्ध एनपीए घटकर 1.3-1.6 प्रतिशत और निजी बैंकों का 0.8-0.9 प्रतिशत रह जाएगा।

# भारत की 100 भाषाओं के लिए एआई मॉडल बना रही है गूगल: पिचाई

भाषा। नई दिल्ली



**इंटरनेट प्रौद्योगिकी** कंपनी गूगल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने सोमवार को कहा कि गूगल 100 से अधिक भारतीय भाषाओं में लिखित शब्दों एवं आवाज के जरिए इंटरनेट सर्च सुविधा मुहैया कराने की कोशिश में लगी है।

पिचाई ने अपनी भारत यात्रा के अवसर पर लिखे अपने एक ब्लॉग में कहा कि भारत में प्रौद्योगिकी की रफ्तार असाधारण रही है और गूगल भी यहां के स्टार्टअप एवं छोटी कंपनियों को समर्थन दे रही है। इसके अलावा साइबर सुरक्षा में निवेश, शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण देना और कृषि एवं स्वास्थ्य देखभाल जैसे क्षेत्रों में कृत्रिम मेधा (एआई) को भी लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा, मैं 10 अरब डॉलर के अपने 10 साल के भारत डिजिटलीकरण कोष (आईडीएफ) से हुई प्रगति को देखने और नए तरीके साझा करने के लिए यहां आया हूं। हम भारत के डिजिटल भविष्य को आगे बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। भारत में जन्मे और पले-बढ़े पिचाई ने कहा, एआई पर आधारित एक एकल, एकीकृत मॉडल का विकास हमारे इसी समर्थन का हिस्सा है। यह लिखे हुए शब्दों एवं आवाज के जरिए 100 से अधिक भारतीय भाषाओं को संचालित करने में सक्षम होगा। यह मॉडल दुनिया में सर्वाधिक बोली जाने वाली ।,000 भाषाओं को ऑनलाइन मंच पर लाने की हमारी पहल का ही हिस्सा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गूगल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के साथ मिलकर उत्तरदाई एआई के लिए एक नए, बहु-विषई केंद्र को भी समर्थन दे रही है।

यह एआई की दिशा में गूगल की वैश्विक पहल का ही हिस्सा है। पिचाई ने कहा, मैं यह देखने के लिए काफी उत्सुक हूं कि भारत एआई के क्षेत्र में नए कदम किस तरह उठाता है। इससे भारत के एक अरब से अधिक लोगों को लाभ हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान ने देशभर में दिख रही प्रगति को तेज करने में मदद की है।

## घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या नवंबर में 11 प्रतिशत बढ़कर 116 लाख पर

**मुंबई, भाषा।** देश में घरेलू उड़ानों के यात्रियों की संख्या नवंबर में एक साल पहले की तुलना में 11.06 प्रतिशत बढ़कर 116 लाख पर पहुंच गई। नागर विमानन निदेशालय (डीजीसीए) के ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। नवंबर, 2021 में 105.16 लाख लोगों ने घरेलू उड़ानों से यात्रा की थी। वहीं नवंबर, 2022 में घरेलू उड़ानों के यात्रियों की कुल संख्या 116.79 लाख रही। अक्टूबर के महीने में यह संख्या 114.07 लाख थी। कोविड-19 महामारी से बुरी तरह प्रभावित हुआ नागर विमानन क्षेत्र अब पुनरुद्धार की राह पर है। अब हर दिन करीब चार लाख लोग घरेलू हवाई यात्रा कर रहे हैं। नवंबर में घरेलू हवाई यातायात में इंडिगो की हिस्सेदारी 55.7 प्रतिशत रही। इस महीने में इंडिगो से यात्रा करने वाले लोगों की संख्या 65.01 लाख रही। नवंबर में एयर इंडिया की बाजार हिस्सेदारी 9.1 प्रतिशत रही। वहीं एयरएशिया इंडिया की 7.6 प्रतिशत और गो फर्स्ट एवं स्पाइसजेट दोनों की बाजार हिस्सेदारी 7.5-7.5 प्रतिशत रही।

## सात प्रमुख शहरों में पट्टे पर कार्यालय स्थल की मांग में 41-49 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान

**नई दिल्ली।** महामारी के बाद मांग मे सुधार और निचले आधार प्रभाव की वजह से देश के सात प्रमुख शहरो मे इस साल पट्टे या लीज पर कार्यालय स्थल की मांग मे 41-49 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है। रियल एस्टेट सलाहकार जेएलएल इंडिया के आंकड़ो से यह जानकारी मिली है। इससे पिछले साल यानी 2021 मे 2.62 करोड़ वर्ग फुट कार्यालय स्थल पट्टे पर दिया गया था। जेएलएल के अनुसार, इस साल सात प्रमुख शहरों - बेंगलुरु, दिल्ली- एनसीआर, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई और पुणे मे पट्टे पर कार्यालय स्थल की मांग 3.7-3.9 करोड़ वर्ग फुट के दायरे मे रहने की संभावना है। हालांकि, यह आंकड़ा 2019 यानी कोविड-पूर्व साल के 4.79 करोड़ वर्ग फुट के रिकॉर्ड स्तर से कम है।

## ग्रामीणों को बिना वाईफाइ के मिलेगी डिजिटल की सुविधा

**बाराबंकी।** अब गांव के लोग बिना वाईफाइ के भी मोबाइल या लैपटाप से अपने मन मुताबिक काम कर सकते हैं। इस सुविधा के लिए उपभोक्ता केवल कामन सर्विस सेंटर जाने की आवयकता है। इस तरह की सुविधा बाराबंकी के जैदपुर में शुरू की गई। यह सेवा शुगर बॉक्स ने शुरू की है । ज्ञात हो कि ऑक्स फैम इंडिया की हालिया रिपोर्ट के अनुसार शहरी- ग्रामीण डिजिटल डिवाइस अभी भी मौजूद है। पैंडेमिक की शुरुआत ने बुनियादी सेवाओं और एटेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सूचनाओं तक पहुंचन`के लिए डिजिटल रूप से जुड़े रहन`की आवश्यकता को बढ़ा दिया। लेकिन इस डिजिटल ब्रह्मांड तक पहुंच बनाए रखना उस क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थिति और आर्थिक क्षमताओं पर निर्भर थी। इसी के मदेनजर भारत सरकार कीई.गवर्नेंस पहल कॉमन सर्वि ससेंटर ने समान डिजिटल पहुंच को सक्षम करने के लिए एक हाइ पर लोकल क्लाउड प्लेटफॉर्म शुगर बॉक्स केसाथ पार्टनरशीप की। 28, 000 की अनुमानित आबादी वाला सैदपुर (बाराबंकी ) इस टेक्नोलॉजी का लाभ उठा रहा है। जैदपुर नगर पंचायत अध्यक्ष रियाज अहमद ने इसकी शुरुआत की। शुगरबॉक्स केसीईओ औरसह.संस्थापक रोहित परांजपे ने कहा कि शुगर बॉक्स डिजिटलीकरण की शक्ति को सभी तक पहुंचाने के मिशन पर है ।

## जुलाई-सितंबर तिमाही में 78 हजार लोगों को मिला अस्थाई रोजगार : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** देश मे अस्थाई रोजगार उद्योग (फ्लेक्सी स्टॉफिंग इंडस्ट्री) ने इस वर्ष जुलाई-सितंबर की तिमाही मे 78,000 कामगारो को जोड़ा है। एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। फ्लेक्सी स्टाफिंग से तात्पर्य अस्थाई रूप से रोजगार या किसी परियोजना के लिए कर्मचारियों को रखने से है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी क्षेत्रों मे मांग मे वृद्धि से नौकरियो की संख्या बढ़ी है। इंडियन स्टाफिंग फेडरेशन

# ...तो अगले 28 दिनों में भारत आ सकता है नीरव मोदी: सुशील मोदी का दावा

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने सोमवार राज्यसभा में दावा किया कि अगर ब्रिटेन ने भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी को शरण नहीं दी तो अगले 28 दिनों के भीतर उसे वापस लाया जा सकता है। उच्च सदन में अनुदान की अनुपूरक मांगों पर चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सदस्य ने यह दावा किया। उन्होंने कहा, जो लोग नीरव मोदी की बात करते थे कि नीरव मोदी भाग गए, कब लौटकर आएंगे? तो सदन को मैं बताना चाहूंगा कि नीरव मोदी के पास ब्रिटेन में जितने भी कानूनी विकल्प थे, वे समाप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा, हो सकता है यदि यूरोपीय मानवाधिकार अदालत ने उसे राहत या ब्रिटेन ने उसको शरण नहीं दी तो अगले 28 दिनों के भीतर नीरव मोदी भारत लौटकर आ सकते हैं। ज्ञात हो कि नीरव मोदी को पिछले बृहस्पतिवार को उसके प्रत्यर्पण के खिलाफ कानूनी लड़ाई में तब एक और झटका लगा जब लंदन स्थित उच्च न्यायालय ने उसके प्रत्यर्पण आदेश के खिलाफ उसे ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में अपील करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया।नीरव मोदी धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोप में मुकदमे का सामना करने के लिए भारत में वांछित है।लंदन में रॉयल कोर्ट्स ऑफ जस्टिस में न्यायमूर्ति जेरेमी स्टुअर्ट-स्मिथ और न्यायमूर्ति रॉबर्ट जे ने अपने फैसले में कहा था कि अपीलकर्ता (नीरव मोदी) की उच्चतम न्यायालय में अपील करने की अनुमति के अनुरोध वाली अर्जी खारिज की जाती है। यह फैसला 51 वर्षीय हीरा व्यापारी की अपील दायर करने की दाखिल अर्जी पर भारत सरकार की ओर से ब्रिटेन की क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) द्वारा जवाब दायर करने के करीब एक सप्ताह बाद आया। नीरव मोदी मार्च 2019 में प्रत्यर्पण वारंट पर गिरफ्तारी के बाद से लंदन की वैंड्सवर्थ जेल में बंद है। अब जब लंदन में उच्चतम न्यायालय में अपील दायर करने का नीरव मोदी का प्रयास विफल हो गया है, सैद्धांतिक रूप से, मोदी अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय में आवेदन कर सकता है।

### पुरानी पेंशन योजना का भूत मत जगाइए, नहीं तो हालत श्रीलंका जैसी हो जाएगी: सुशील

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की कुछ राज्यों की घोषणा को अनैतिक करार दिया और कहा कि आज तो उन्हें कोई दिक्कत नहीं होगी लेकिन वर्ष 2034 में उनकी हालत श्रीलंका जैसी हो जाएगी। राज्यसभा में अनुदान की अनुपूरक मांगों पर चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सदस्य ने पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली की घोषणा करने वाले राज्यों से कहा कि उनके द्वारा आज का बोझ भविष्य की पीढ़ी पर डालना बहुत बड़ा अपराध होगा।

## जम्मू कश्मीर में आतंकी घटनाओं में 168 फीसदी की कमी आई : ठाकुर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कहा कि मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से जम्मू कश्मीर में आतंकी घटनाओं में 168 प्रतिशत की कमी आई है और 2015 के बाद से वामपंथी चरमपंथ की घटनाओं में 265 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त न करने की नीति है। उन्होंने कहा, सरकार ने निर्णायक कार्वाई की जिनके ठोस परिणाम निकले। ठाकुर ने यहां पत्रकारों से कहा, 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक उरी हमले के जवाब में की गई थी। 2019 में बालाकोट हवाई हमले पुलवामा में बमबारी के जवाब में किए गए इसलिए इन सभी निर्णायक कार्वाइयों का ठोस परिणाम निकला है। उन्होंने कहा 2014 के बाद आतंकवाद के कारण हिंसा में 80 फीसदी की कमी आई, असैन्य नागरिकों की मौत में 89 प्रतिशत की कमी आई और 6,000 आतंकवादियों ने आत्म समर्पण किया।



## भारतीय प्रतिभा और ज्ञान के प्रतीक हैं सुंदर पिचाई: राष्ट्रपति मुर्मू

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मू ने सोमवार को इंटरनेट जगत की दिग्गज कंपनी गूगल और प्रौद्योगिकी फर्म अल्फाबेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई को भारतीय प्रतिभा एवं ज्ञान का प्रतीक बताया तथा उनसे भारत में सार्वभौमिक डिजिटल साक्षरता के लिए काम करने का आग्रह किया। पिचाई ने यहां राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति सचिवालय ने बैठक की तस्वीरों के साथ ट्वीट किया, गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने पद्म भूषण से सम्मानित पिचाई को भारतीय प्रतिभा और ज्ञान का प्रतीक बताया तथा उनसे भारत में सार्वभौमिक डिजिटल साक्षरता के लिए काम करने का आग्रह किया।

# भाजपा के लिए हिंदुत्व एक नाटक : डी के शिवकुमार

भाषा। बेलगावी (कर्नाटक)



**कांग्रेस की** कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने भारतीय जनता पार्टी के हिंदुत्व को नाटक करार देते हुए सोमवार को कहा कि उनके और कांग्रेस पार्टी के अन्य लोगों द्वारा जिस हिंदू धर्म का पालन किया जाता है, वह सत्ताधारी दल से बेहतर है। हालांकि, कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी संविधान का प्रचार करती है।

यह पूछे जाने पर कि क्या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार हिंदुत्व के एजेंडा को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है, इस सवाल के जवाब में शिवकुमार ने कहा, हम सभी हिंदू हैं, हम हिंदू पैदा हुए हैं, हम हिंदू के तौर पर ही मरेंगे। हम उनसे (भाजपा) बेहतर तरीके से हिंदू धर्म का पालन कर रहे हैं। वे हिंदुत्व का नाटक करते हैं, लेकिन हमारा अंदर से है। उन्होंने कहा, हमारी भावना, भक्ति और आचरण, हमारे संस्कार और आदर्श भी हिंदू हैं। हम जिसका प्रचार करते हैं, वह हमारा संविधान है। शिवकुमार की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कर्नाटक विधानसभा में हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के एक आदमकद चित्र का अनावरण किया गया है। कांग्रेस ने राज्य सरकार के इस कदम की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि यह उसे अंधेरे में रखकर किया गया एकतरफा फैसला था।

# जबरन धर्मांतरण पर रोक के लिए देशव्यापी कानून की राज्यसभा में हुई मांग

**भाषा।** नई दिल्ली

**राज्यसभा में** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सदस्य ने देश में जबरन धर्मांतरण की घटनाओं को रोकने के लिए देशव्यापी कानून बनाए जाने की मांग की।

भाजपा सदस्य नरेश बंसल ने उच्च सदन में कहा कि देश में जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए कोई कानून नहीं है और लालच, धमकी सहित अन्य प्रकार से होने वाले धर्मांतरण की घटनाओं पर काबू नहीं पाया गया तो देश के लिए गंभीर खतरा हो सकता है। आदिवासी बहुल इलाकों में ऐसी घटनाएं ज्यादा होने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि जबरन धर्मांतरण होने पर देश में हिंदू अल्पसंख्यक बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देशों में इस पर नियंत्रण के लिए कानून हैं। बंसल ने विशेष उल्लेख के जरिए यह मुद्दा उठाते हुए सरकार से मांग की कि इस संबंध में भारत में भी एक देशव्यापी कानून बनाया जाना चाहिए। विशेष उल्लेख के जरिए ही भाजपा के सुशील कुमार मोदी ने भारत में सभी धर्मावलियों की महिलाओं के लिए शादी की उम्र एकसमान किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न धर्मों में महिलाओं के लिए शादी की न्यूनतम उम्र 18 साल और पुरुषों के लिए 21 साल निर्धारित है। लेकिन मुस्लिम धर्म में अलग व्यवस्था है। सुशील मोदी ने मांग की कि देश में सबके लिए एक ही व्यवस्था हो और इसके उल्लंघन पर सख्त कार्वाई की जाए।भाजपा के ही विवेक ठाकुर ने अयोध्या में बन रहे राम मंदिर का जिक्र किया और मांग की कि देश के सभी राज्यों से एक ट्रेन अयोध्या के लिए चलाई जानी चाहिए ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन में आसानी हो सके। उन्होंने अयोध्या स्टेशन को विकसित किए जाने की भी मांग की।विशेष उल्लेख के जरिए ही आम आदमी पार्टी (आप) के संत बलवीर सिंह ने प्रदूषण से पैदा होने वाले खतरों का मुद्दा उठाया वहीं भाजपा के अजय प्रताप सिंह ने दूध एवं सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने के लिए दवाइयों एव हार्मोन के इस्तेमाल पर चिंता जताई। भाजपा के कैलाश सोनी ने बांधों में गाद भरने और इसके दुष्प्रभाव का मुद्दा उठाया जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के एए रहीम ने स्विगी एवं जोमैटो जैसी कंपनियों में करने वाले युवाओं को उत्पीड़न से निजात दिलाने की मांग की। बीजू जनता दल (बीजद) के अमर पटनायक ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में संशोधन की मांग की वहीं भाजपा सदस्य गीता उर्फ चंद्रप्रभा ने ऑनलाइन गेम और सट्टेबाजी के कारण बच्चों एवं युवाओं पर होने वाले दुष्प्रभाव का मुद्दा उठाया एवं कठोर कानून बनाए जाने की मांग की। माकपा के जॉन ब्रिटास ने क्रिसमस के मौके पर हवाई टिकट की बढ़ती कीमतों पर चिंता जताई जबकि आप सदस्य अशोक मित्तल ने पंजाब के आदमपुर हवाई अड्डे से विमानों का परिचालन पुनः शुरु करने की मांग की। भाजपा सदस्य संगीता यादव ने एचआईवी बीमारी से पीड़ित लोगों के साथ सामाजिक भेदभाव का मुद्दा उठाया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मनोज कुमार झा ने दिल्ली में रोहिंग्या शरणार्थी शिविरों में बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं होने का जिक्र करते हुए कहा कि वे अमानवीय स्थिति में रह रहे हैं। भाजपा के अशोक वाजपेई ने कानपुर के कपड़ा उद्योग को पुन:जीवित किए जाने की मांग की, वहीं निर्दलीय कार्तिकेय शर्मा ने हरियाणा में अस्पतालों से जुड़ा मुद्दा उठाया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की फौजिया खान ने ठोस कचरे के प्रबंधन की मांग की।

# सारण में जहरीली शराब से 38 व्यक्तियों की मौत, मृतक संख्या अधिक बताना भ्रामक: मंत्री

**भाषा।** पटना

**बिहार सरकार** ने सारण में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या सोमवार को 38 बताई और कहा कि मरने वालों की संख्या अधिक बताया जाना भ्रामक है। बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा पिछले सप्ताह शराबबंदी के बावजूद राज्य में हुई मौतों को लेकर विधानमंडल के दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित किए जाने के बीच बिहार उत्पाद एवं मद्यनिषेध मंत्री सुनील कुमार ने विधानसभा परिसर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, सारण में जहरीली शराब के सेवन से मरने वालों की संख्या 38 है। अधिक आंकड़े जो बताए जा रहे हैं, वह भ्रामक हैं।

भाजपा नेता दावा कर रहे हैं कि इस मामले में सौ से अधिक लोगों की मौत हुई है। अधिकांश मीडिया की खबर में मरने वालों की संख्या 50 से अधिक बताई गई है। मंत्री ने हालांकि कहा, यदि हमें कोई अतिरिक्त जानकारी मिलती है और सत्यापन के दौरान सही पाई जाती है तो हम मृतक संख्या में संशोधन कर सकते हैं। उन्होंने भाजपा की इस दलील को भी खारिज कर दिया कि मृतकों के परिजनों को अनुग्रह राशि दी जाए। मंत्री ने कहा, न तो आईपीसी (भारतीय दंड संहिता) और न ही सीआरपीसी (दंड प्रक्रिया संहिता) में किसी अपराध के आरोपी व्यक्ति को मुआवजे का प्रावधान है। बिहार में मद्यनिषेध कानून के तहत किसी भी प्रकार की शराब का सेवन अवैध है। मंत्री ने कहा, 2016 में गोपालगंज में एक जहरीली शराब त्रासदी के पीड़ितों को मुआवजा मामले में दोषी लोगों से की गई वसूली के माध्यम से प्रदान की गई थी। यह कानून के तहत प्रावधान है। सरकार इस मामले में तुरंत अनुग्रह राशि जारी नहीं कर सकती। उल्लेखनीय है कि अनुग्रह राशि का मुद्दा सदन के भीतर विपक्ष ने जोर-शोर से उठाया था और मुख्यमंत्री के पियोगे तो मरोगे टिप्पणी की आलोचना की थी। मुख्यमंत्री ने विपक्ष सहित सरकार का समर्थन कर रहे वामदलों माकपा और भाकपा माले की मांग को खारिज करते हुए कहा था कि मुआवजा शराबबंदी के उद्देश्य को विफल कर देगा जिसे राज्य की महिलाओं की मुखर मांग के बाद सभी दलों के बीच आम सहमति से किया गया था। भाकपा माले का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से विधानसभा परिसर में आज उनके कक्ष में मिला। नीतीश कुमार ने वामपंथी विधायकों से मांग उठाने से परहेज करने को कहा। उन्होंने दावा किया कि यह भाजपा द्वारा बिछाए गए जाल में फंसने के समान होगा।

## जद (एस) ने कर्नाटक विस चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

**बेंगलुरु।** जनता दल (सेक्युलर) ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को अपने 93 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। राज्य में चुनाव अगले साल मई तक होने की संभावना है। जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष सी एम इब्राहिम ने कहा कि सूची पूर्व प्रधानमंत्री एवं जद (एस) प्रमुख एच डी देवगौड़ा की सहमति लेने के बाद जारी की गई। जद (एस) ने देवगौड़ा के बेटे और पोते- क्रमशः एच डी कुमारस्वामी और निखिल कुमारस्वामी को टिकट दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी चन्नापटना से चुनाव लड़ेंगे, जिस सीट पर उन्होंने 2018 में सी पी योगेश्वर को हराया था। कुमारस्वामी के बेटे निखिल पार्टी के गढ़ रामनगर से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने 2019 में मांड्या से लोकसभा चुनाव लड़ा था और भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सुमलता अंबरीश से हार गए थे। जद(एस) मौजूदा विधायक जी टी देवगौड़ा को चामुंडेश्वरी सीट से उम्मीदवार बनाया है और उनके बेटे हरीश गौड़ा को भी टिकट दिया है। हरीश गौड़ा हुनसुर से चुनाव लड़ेंगे। जद(एस) की मीडिया टीम के प्रभारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, हम सभी 32 मौजूदा विधायकों को टिकट दे रहे हैं। जद(एस) ने 2018 के विधानसभा चुनाव में 37 सीट जीती थी। हालांकि, उनमें से पांच विधायकों ने जुलाई 2019 में कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली जद (एस) और कांग्रेस की गठबंधन सरकार के खिलाफ बगावत करते हुए कर्नाटक विधानसभा से इस्तीफा दे दिया था।

# भाजपा ने कठिन लोकसभा सीट जीतने के लक्ष्य को 144 से बढ़ाकर 160 किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने 2024 के लोकसभा चुनावों में जीत के लिहाज से कठिन मानी जाने वाली लोकसभा सीट की संख्या 144 से बढ़ाकर 160 कर दी है। इसमें निर्वाचन क्षेत्रों का एक बड़ा हिस्सा बिहार से संबंधित है, क्योंकि जनता दल (यूनाइटेड) के साथ गठबंधन टूटने के बाद अधिकांश निर्वाचन क्षेत्रों में वह अपने बूते चुनाव लड़ने की तैयारी में है। इन सीटों पर पार्टी के अभियान व रणनीति का नेतृत्व करने वाले भाजपा के संगठनात्मक नेताओं ने सोमवार को पार्टी अध्यक्ष जे. पी. नड्डा से मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने अब तक की कवायद का जायजा लिया और भविष्य के रोडमैप पर चर्चा की। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बिहार और तेलंगाना में पार्टी के विस्तार पर खासा जोर लगा रही भाजपा ने पटना और हैदराबाद में अपने विस्तारकों के लिए दो-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया है। प्रत्एक विस्तारक के पास इस प्रकार की एक लोकसभा सीट का पूर्णकालिक प्रभार है। भाजपा नेताओं के मुताबिक विस्तारक क्षेत्रों में जाकर न सिर्फ चुनावी थाह लेते हैं, बल्कि चुनावी जमीन तैयार करने के लिए प्रबंधन में भी अहम भूमिका निभाते हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को देश के विभिन्न राज्यों की इन कठिन सीट पर अधिकांश में हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि भाजपा ने ऐसी सीट की जो नई सूची तैयार की है, उनमें कुछ ऐसे निर्वाचन क्षेत्र भी शामिल हैं, जहां पार्टी ने जीत दर्ज की थी, क्योंकि पार्टी का मानना है कि ए क्षेत्र स्थानीय सामाजिक और राजनीतिक कारकों के कारण एक चुनौती बने हुए हैं।

# बोगतुई नरसंहार के आरोपी ललन शेख की पत्नी ने सीबीआई के खिलाफ चोरी की शिकायत दायर की

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** के बोगतुई नरसंहार के मुख्य आरोपी ललन शेख की पत्नी रेशमा बीबी ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पर चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस में एक शिकायत दायर की है। जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। शेख की सीबीआई हिरासत में मौत हो गई थी।

रेशमा ने रविवार को बीरभूम जिले के रामपुरहाट पुलिस थाना में दायर की गई अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि शेख के साथ उनके आवास पर सीबीआई अधिकारियों के पहुंचने के बाद उनका कीमती सामान गायब हो गया। पुलिस ने बताया कि इसके बाद आवास को सील कर दिया गया था। शेख की मौत की जांच कर रही राज्य सीआईडी के एक अधिकारी ने कहा, चूंकि सीबीआई ने मकान में ताला लगा दिया था और उसके बाद सामान गायब हो गया, इसलिए रेशमा बीबी सीबीआई पर आरोप लगा रही हैं। उल्लेखनीय है कि 13 दिसंबर को पुलिस में दायर पहली शिकायत के एक हफ्ते के भीतर रेशमा की यह दूसरी शिकायत है। पहली शिकायत में, उन्होंने आरोप लगाया था कि सीबीआई अधिकारियों ने उच्च न्यायालय के आदेश पर जांच के क्रम में बोगतुई गांव की यात्रा के दौरान उनके पति को जान से मारने की धमकी दी थी और उन्होंने अपने पति की मौत के लिए सीबीआई को दोषी ठहराया था। सम्पर्क किए जाने पर सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारी ने इन आरोपों को बेबुनियाद करार दिया तथा कहा कि सीबीआई के पास मकान को सील करते वक्त घर में मौजूद सभी सामग्रियों की विस्तृत सूची है।

# मांगें पूरी नहीं हुईं तो सरकार को मुश्किल होगी : गर्जना रैली में बोले किसान

**भाषा।** नई दिल्ली

**हजारों किसानों** ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध किसान संगठन भारतीय किसान संघ (बीकेएस) के बैनर तले सोमवार को यहां रामलीला मैदान में किसान गर्जना रैली की और कृषि उत्पादों पर से जीएसटी वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारी किसानों ने मांगें नहीं मांगे जाने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। आयोजकों ने कहा कि राहत उपायों की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ (बीकेएस) द्वारा यहां रामलीला मैदान में आयोजित किसान गर्जना रैली में भाग लेने के लिए पंजाब, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों के हजारों किसान अत्यधिक ठंड के बावजूद ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल और निजी बसों से दिल्ली पहुंचे। आयोजकों ने कहा कि प्रदर्शनकारी कृषि गतिविधियों पर जीएसटी को वापस लेने और पीएम-किसान योजना के तहत प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता में वृद्धि, आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) फसलों के व्यावसायिक उत्पादन की अनुमति को रद्द करने और उनकी उपज के लिए लागत आधार पर लाभकारी मूल्य की मांग कर रहे थे। दिसंबर 2018 में शुरू की गई प्रधानमंत्री-किसान योजना के तहत सभी जोत भूमि वाले किसान परिवारों को तीन समान किस्तों में प्रति वर्ष 6,000 रुपए की सहायता प्रदान की जाती है। बीकेएस द्वारा जारी एक बयान कहा गया है, यदि समय पर किसानों की मांग पर ध्यान नहीं दिया गया तो राज्य और केंद्र सरकारों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। बीकेएस के राष्ट्रीय महासचिव मोहिनी मोहन ने कहा, किसानों के अधिकारों को लेकर प्रधानमंत्री द्वारा किए गए वादे खोखले साबित हुए हैं। उन्होंने कहा, सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने का वादा किया था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। किसान भिखारी नहीं हैं, उन्हें अपनी फसल के लिए लाभकारी मूल्य पाने का अधिकार हैं। मोहन ने कहा कि अगर सरकार समय पर नहीं जागी तो दुनिया का सबसे बड़ा किसान संगठन और मुखर होगा। उन्होंने कहा, बढ़ती लागत और मुद्रास्फीति के बीच, हमें कोई लाभ नहीं होता हैं। सरकार को हमारी समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। डेयरी उद्योग पर भी जीएसटी नहीं लगाया जाना चाहिए। मौजूदा स्थिति में कोई 6,000 रुपए या 12,000 रुपए में परिवार कैसे चला सकता है? कई किसानों ने पीटीआई-भाषा से कहा कि अगर सरकार ने तीन महीने के भीतर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो वे विरोध तेज करेंगे। मध्य प्रदेश के एक अन्य किसान दिलीप कुमार ने कहा, कृषि मशीनरी, कीटनाशकों और उर्वरकों पर से जीएसटी हटाया जाना चाहिए।

## भारत में हर 2 में से 1 महिला एनीमिक

**नोएडा।** आयरन की कमी वाले एनीमिया लक्षण दिखा रहे है , नाए ना एनीमिया कहें अंदाजा न लगाए आज ही टेस्ट लें! एनीमिया आज दुनिया भर में एक सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा बना हुआ है। वास्तव में भारत में हर 2 में से 1 महिला एनीमिक है। लोहे की कमी इस स्थिति के लिए उच्चतम जोखिम वाले बच्चों, गर्भवती या मासिक धर्म वाली महिलाओं के साथ सभी उम्र को प्रभावित करती है। इन लक्षणों की शुरुआती पहचान और समय पर निदान की मांग समय की मांग है। पीएंडजी हेल्थ का आयरन सप्लीमेंट ब्रांड लिवोजेन भारत को आयरन की कमी वाले एनीमिया से मुक्त करने में मदद करने के लिए जागरूकता बढ़ाने और उपभोक्ताओं को शिक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। लिवोजेन की नई पहल ना ना एनीमिया बस यात्रा जमीनी स्तर पर आयरन की कमी वाले एनीमिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक कदम है। बस उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहारए झारखंड और पश्चिम बंगाल के 5 राज्यों के 20 शहरों का दौरा कर रही है।

## क्विक न्यूज

### पशु तस्करी मामले में टीएमसी नेता अनुव्रत मंडल को पेश करने का वारंट जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने पश्चिम बंगाल में पशु तस्करी से संबंधित धनशोधन मामले में, आसनसोल की जेल में बंद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता अनुव्रत मंडल को पेश करने के लिए सोमवार को वारंट जारी किया। विशेष न्यायाधीश रघुबीर सिंह ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के विशेष लोक अभियोजक नितेश राणा की ओर से दायर एक याचिका पर पेशी वारंट जारी किया। मंडल टीएमसी के वीरभूम जिला प्रमुख है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के करीबी है। मंडल को इस मामले में 11 जुलाई को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार किया था। ईडी के अनुसार, एजेंसी ने कोलकाता में सीमा सुरक्षा बल(बीएसएफ) के तत्कालीन कमांडेंट सतीश कुमार के खिलाफ सीबीआई के शिकायत दर्ज करने के बाद धनशोधन का मामला दर्ज किया था। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि मंडल, कुमार, अन्य लोक सेवकों और अन्य लोग करोड़ों रुपए के पशु तस्करी गिरोह में शामिल थे।

### पीएफआई हिंसा: उच्च न्यायालय ने केरल सरकार से वसूली की कार्यवाही जनवरी तक पूरी करने को कहा

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) द्वारा आहूत हड़ताल के दौरान राज्य में सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान के संबंध में वसूली की कार्यवाही में देरी पर सोमवार को नाराजगी जताई और राज्य सरकार को जनवरी तक इसे पूरा करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति जयशंकरन नांबियार के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने कहा कि संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले को छोटा मामला नहीं माना जा सकता। इसके साथ ही अदालत ने राज्य के गृह सचिव को 23 दिसंबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। इस बीच, राज्य सरकार ने वसूली की कार्यवाही के लिए कम से कम छह महीने का समय मांगा, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। सरकार ने सात नवंबर को अदालत को बताया था कि सितंबर में राज्यव्यापी हड़ताल के दौरान संपत्ति को 86 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। सरकार ने यह भी कहा था कि हिसा के दौरान निजी व्यक्तियों को 16 लाख रुपए का नुकसान हुआ था।

### पठान फिल्म के गीत को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए दी गई शिकायत

**मुंबई।** मुंबई पुलिस को एक लिखित शिकायत मिली है, जिसमें शाहरुख खान अभिनीत आगामी फिल्म पठान के गीत बेशरम रंग में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के भगवा बिकनी पहनने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। साकीनाका थाने के एक अधिकारी ने कहा कि शनिवार को फिल्म के निर्माता, निर्देशक और मुख्य अभिनेता-अभिनेत्री के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमें लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने और हिंदू धर्म को ठेस पहुंचाने के लिए जानबूझकर भगवा रंग का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। अधिकारी ने कहा कि एक कार्यकर्ता की तरफ से दर्ज कराई गई इस शिकायत में आरोप लगाया गया है कि यह गीत युवाओं के बीच अश्लीलता को बढ़ावा दे रहा है ।

### देश में 32 लाख करोड़ रुपए मूल्य के नोट चलन में हैं: वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि देश में दो दिसंबर, 2022 तक कुल 31.92 लाख करोड़ रुपए की कीमत के नोट चलन में थे जो इससे पहले के साल की तुलना में 7.98 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। सीतारमण ने कहा कि आर्थिक वृद्धि और ब्याज दर के स्तर समेत कई सूक्ष्म आर्थिक कारकों पर मुद्रा की मांग निर्भर करती है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का मिशन कम नकदी वाली अर्थव्यवस्था की तरफ बढ़ना है, ताकि काले धन की उत्पत्ति और प्रसार रोका जा सके तथा डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया जा सके। वित्त मंत्री ने बताया कि सरकार और रिजर्व बैंक ने कम नकदी वाली अर्थव्यवस्था और डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाए है।

### महंगी राफेल कलाई घड़ी को लेकर भाजपा की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख की ट्विटर पर मंत्री से छिड़ी जंग

**चेन्नई।** तमिनाडु के बिजली मंत्री वी. सेंथिल बालाजी द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के प्रमुख के. अन्नामलाई की महंगी विदेशी कलाई घड़ी का मुद्दा उठाए जाने के बाद ट्विटर पर जंग छिड़ गई। हालांकि, अन्नामलाई ने दावा किया कि उन्होंने यह घड़ी अपनी मेहनत की कमाई से तथा प्रदेश अध्यक्ष बनने से पहले खरीदी है तथा इसका बिल पेश करने को तैयार है। बालाजी ने ट्विटर पर इस मुद्दे को उठाया और यह जानने की कोशिश की कि क्या विदेशी कलाई घड़ी प्रदर्शित करना एक राष्ट्रवादी होने का प्रतीक है। मंत्री ने पूछा, क्या आप एक घंटे के भीतर रसीद (खरीदी गई घड़ी के लिए) प्रस्तुत कर सकते है? साथ ही, उन्होंने यह भी जानना चाहा कि चार बकरियां और गाय रखने का दावा करने वाले अन्नामलाई के लिए लगभग पांच लाख रुपए की राफेल घड़ी के खास संस्करण को खरीद पाना कैसे संभव था।

### महाराष्ट्र में बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए 98 प्रतिशत से अधिक भूमि का अधिग्रहण पूरा: रेल मंत्रालय

**नई दिल्ली।** मुंबई और अहमदाबाद के बीच रेलवे की महत्वाकांक्षी बुलेट ट्रेन परियोजना पर काम तेज हो गया है और मंत्रालय ने सोमवार को दावा किया कि इस परियोजना के लिए महाराष्ट्र में 98 प्रतिशत से अधिक जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है। रेल मंत्रालय ने कहा कि 118 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए जमीनी ढांचा तैयार किया जा रहा है और बुलेट ट्रेन स्टेशन के निर्माण का काम भी शुरू हो गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि महाराष्ट्र में सरकार बदलने के साथ, वन मंजूरी और भूमि अधिग्रहण के मामले में परियोजना की मुश्किलें दूर हो गई है। सिलसिलेवार ट्वीट में मंत्रालय ने दावा किया कि जहां महाराष्ट्र में 98.22 प्रतिशत भूमि का अधिग्रहण हो चुका है।

### देसी एंथोलॉजी को एकेडमी क्रिएटिव अवार्ड्स

**मुंबई।** ज़िंदगी के ओरिजिनल देसी एंथोलॉजी कातिल हसीनाओं के नाम ने एक और उपलब्धि हासिल करते हुए एशिया पैसिफिके सबसे प्रतिष्ठित एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवार्ड्स 2022 में बेस्ट एंथोलॉजी अवार्ड प्राप्त किया है। यह अवार्ड इसे सिंगापुर में आयोजित एक भव्यो पुरस्कार समारोह में प्रदान किया गया है। इससे पहले यह शो इस कैटेगरी में दूसरे भारतीय नॉमिनीज के बीच राष्ट्रीय विजेता बना था। बेहद पसंद की जा रही इस सीरीज का मुकाबला सिंगापुर में आयोजित भव्य पुरस्कोर समारोह में 8 दूसर`देशों से था। प्रतिष्ठित पुरस्का र समारोह में इस शानदार जीत का जश्नय मनाने के लिये बेहद टैलेंटेड पाकिस्तासनी एक्टर्थस सनम सईद, सरवत गिलानी, सिनेमैटोग्राफर मोहम्म द आज़मी और भारत से प्रोड्यूसर शैलजा केजरीवाल मौजूद थे। इस टीम और कहानी कहने की कला कीसराहना करते हुएष्कातिल हसीनाओं के नामष् यह सच साबित करता है कि विचारों को झकझोरने वाली एक कहानीए सीमापार ;भारत औरपाकिस्तानिद्ध की दमदार प्रतिभा और बेहतरीन क्रिएटिव टीम मिलकर जीत का समीकरण बनाती है।

# विश्व कप में जीत के बाद जश्न में डूबा अर्जेंटीना

भाषा। ब्यूनस आयर्स

**अर्जेंटीना की** विश्वकप फाइनल में फ्रांस पर जीत के साथ ही पूरा देश जश्न में डूब गया तथा लोगों ने सड़कों पर उतर कर जमकर खुशियां मनाई। अर्जेंटीना ने फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया। यह 1986 के बाद देश का पहला और कुल तीसरा खिताब है। अर्जेंटीना के कई शहरों में सार्वजनिक स्थलों पर बड़ी बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी जहां पर लोगों ने फाइनल मैच देखा। अर्जेंटीना की जीत के साथ ही वे सभी जश्न में डूब गए। ऐसे ही एक स्थल पर मैच का आनंद लेने वाली 55 वर्षीय जोसेफिना विलाल्बा ने कहा, मैं बहुत खुश हूं हम इसके वास्तव में हकदार थे। टीम को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन समय बढ़ने के साथ वह इससे उबरने में सफल रही। मैच आगे बढ़ने के साथ भावनाओं का ज्वार भी बढ़ता जा रहा था। लोग चिल्ला रहे थे, उनकी आंखों में आंसू थे और वे एक दूसरे को गले लगा रहे थे। ब्यूनस आयर्स के सार्वजनिक स्थलों पर मैच देख रहे लोग पूरे मैच के दौरान कप्तान लियोनेल मेस्सी का नाम लेकर नारे लगा रहे थे। मेस्सी को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर माना जाता है लेकिन अभी तक वह विश्व चैंपियन नहीं बन पाए थे। उन्होंने पहली बार विश्व कप ट्राफी अपने हाथ में ली। सुरक्षाकर्मी के रूप में काम करने वाले 34 वर्षीय हेक्टर क्विंटेरोस ने कहा, मैं बहुत खुशी महसूस कर रहा हूं क्योंकि यह पहला विश्वकप था जिसका मैंने भरपूर आनंद लिया। अर्जेंटीना ने 36 साल बाद विश्व कप जीता। इससे पहले उसने 1978 और 1986 में विश्वकप हासिल किया था। वह 1930, 1990 और 2014 में उपविजेता रहा था। अर्जेंटीना मध्यांतर पर 2-0 से आगे चल रहा था और तभी से उसके प्रशंसक जश्न मनाने लगे थे। लेकिन फ्रांस ने दूसरे हाफ में अच्छी वापसी करके स्कोर बराबर किया। अतिरिक्त समय में भी मेस्सी ने गोल करके अर्जेंटीना को बढत दिला दी थी लेकिन काइलियन एमबापे ने फिर से बराबरी का गोल दाग दिया जिससे अर्जेंटीना के प्रशंसकों की खुशी काफूर हो गई थी। अर्जेंटीना ने दर्शकों की सांस थाम देने वाले इस मुकाबले को पेनल्टी शूटआउट में जीता जिसके बाद उसके समर्थकों ने राहत की सांस ली और फिर उन्होंने अपने अपने तरीके से खुशी बयां की। वीडियो संपादक फैबियो विलानी ने कहा, जब आपने किसी चीज के लिए बहुत अधिक चुनौतियों का सामना किया हो तो फिर संतुष्टि अधिक होती है। पिछले कुछ समय से लगातार आर्थिक संकट से जूझ रहे अर्जेंटीना के प्रशंसकों के लिए विश्वकप की इस जीत ने संजीवनी का काम किया है।

## अर्जेंटीना की तरफ से खेलते रहेंगे मेस्सी





**दोहा।** लियोनेल मेस्सी का अभी अंतरराष्ट्रीय फुटबाल को अलविदा कहने का कोई इरादा नही है और इस स्टार स्ट्राइकर ने कहा कि विश्वकप जीतने का सपना पूरा करने के बाद भी वह अर्जेंटीना की तरफ से खेलते रहेंगे। मेस्सी अभी 35 वर्ष के है और माना जा रहा है कि यह उनका आखिरी विश्वकप है लेकिन स्टार स्ट्राइकर ने मैच के बाद कहा कि उनका अभी खेलने का इरादा है। मेस्सी ने कहा, निश्चित तौर पर मै इसके साथ अपने करियर को संपूर्ण बनाना चाहता था। मै अब इससे अधिक की उम्मीद नही कर सकता। इस तरह से अपने करियर का समापन करना शानदार होगा। इसके बाद अब और क्या बचा है। मेरे पास कोपा अमेरिका और विश्वकप का खिताब है। लेकिन मुझे फुटबॉल पसंद है और मै राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनकर खुशी महसूस करता हूं। मै विश्व चैंपियन के नाते राष्ट्रीय टीम की तरफ से अभी कुछ और मैच खेलना चाहूंगा। मेस्सी ने सात अवसरों पर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का बैलन डीओर पुरस्कार जीता है। उन्होंने अपने पूर्व क्लब बार्सिलोना की तरफ से चार बार चैंपियंस लीग भी जीती है। अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने कहा कि यदि मेस्सी चाहते है तो वह टीम के साथ बने रह सकते है। अगर वह खेलना जारी रखना चाहता है और हमारे साथ बने रहना चाहता है तो वह ऐसा कर सकता है। वह हमारे साथ रहना चाहता है या नही इसका फैसला करने का पूरा हक्दार वही है। मेरे लिए है यह बड़ी खुशी की बात है कि वह मेरी कोचिंग में खेला।

## बना सर्वाधिक गोल का नया रिकॅार्ड

**लुसैल।** अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच फाइनल मे छह गोल होने से इस विश्वकप मे सर्वाधिक गोल का नया रिकॅार्ड बना। कतर मे खेले गए विश्व कप मे कुल 172 गोल किए गए जो कि 1998 और 2014 के विश्वकप मे किए गए 171 गोल से एक अधिक है। फ्रांस ने 1998 मे खेले गए विश्व कप मे पहली बार 32 टीमो ने हिस्सा लिया था और उसमे 64 मैच खेले गए थे। कतर मे भी विश्व कप इसी प्रारूप मे खेला गया। उत्तरी अमेरिका मे होने वाले 2026 के विश्व कप मे सर्वाधिक गोल का नया रिकॅार्ड बन सकता है क्योकि उसमे 48 टीम भाग लेंगी और 80 या 104 मैच खेले जाएंगे। अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच फाइनल में अतिरिक्त समय के समाप्त होने तक स्कोर 3-3 से बराबरी पर था। अर्जेंटीना ने पेनल्टी शूटआउट मे जीत दर्ज की। यह लगातार दूसरा अवसर है जबकि फाइनल मे छह गोल किए गए। रूस मे 2018 मे खेले गए विश्वकप के फाइनल मे फ्रांस ने क्रोएशिया को 4-2 से हराया था। कतर मे प्रति मैच गोल करने का औसत 2.63 रहा जो कि स्विट्जरलैंड मे 1954 मे खेले गए विश्वकप के 5.38 गोल प्रति मैच के विश्वकप रिकॅार्ड से काफी कम है।



## भारत में भी जमकर मना जश्न

**नई दिल्ली।** कोलकाता से लेकर केरल और गोवा तक भारतीय फुटबॉल के दीवानों ने भी अर्जेंटीना की विश्व कप में जीत पर जमकर जश्न मनाया। अर्जेंटीना ने रविवार को फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से पराजित करके तीसरी बार विश्व कप जीता जो विश्व खिताब के 36 साल के सूखे को खत्म किया। निर्धारित समय के बाद मुकाबला 2-2 से बराबर था जबकि 30 मिनट के अतिरिक्त समय के बाद भी स्कोर 3-3 से बराबर था जिसके बाद नतीजे के लिए शूट आउट का सहारा लिया गया। अर्जेंटीना की जीत पर कोलकाता, कोच्चि, तिरुवनंतपुरम, पणजी, इंफाल के अलावा भारत के विभिन्न शहरों में लोग सड़कों पर उतर आए और उन्होंने जमकर आतिशबाजी की। कोलकाता में कई स्थानों पर लोगों को अर्जेंटीना की टीम की पोशाक पहने हुए देखा गया और उन्होंने आतिशबाजी भी की। अर्जेंटीना की जीत का जश्न मना रहे अज्ञात लोगों द्वारा चलाई गई गोली लगने से मणिपुर में 50 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना मणिपुर के पूर्वी इंफाल जिले के सिंगजमेई वांग्मा भीगापति इलाके में रविवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे हुई। मृतका के परिवार के सदस्यों ने कहा कि फ्रांस पर अर्जेंटीना की जीत के बाद जैसे ही जश्न शुरू हुआ, पटाखों और गोलियों की आवाज गूंजने लगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मृतका के आवास की पहली मंजिल पर गोलियों के दो निशान पाए गए। उन्होंने कहा, जहां एक गोली उसकी पीठ में लगी, वहीं दूसरी गोली लोहे की चादर को पार कर गई। कुछ समर्थकों पर भावनाओं का ज्वार हावी था। कुछ की आंखों में आंसू थे तो कई एक दूसरे को गले लगा रहे थे।

## मेस्सी का सपना जो पूरी दुनिया ने उनके साथ देखा....

**नई दिल्ली।** आखिरकार लियोनेल मेस्सी का विश्व कप जीतने का अधूरा सपना पूरा हुआ। एक ऐसा सपना जो उनके साथ पूरी दुनिया ने देखा और उसके पूरे होने की दुआ की। केरल से लेकर कश्मीर तक भारत भर मे और विश्व के हर कोने मे इस फाइनल ने पूरी दुनिया को मेस्सी के रंग मे रंग दिया। बरसो मे बिरला ही कोई खिलाड़ी होता है जिसका इस कदर असर मैदान पर और मैदान के बाहर नजर आता है। मैदान पर असर ऐसा कि पहले कदम पर मिली हार के बाद पूरी टीम का मनोबल यूं बढाना कि फिर आखिरी मोर्चा फतेह करके ही दम ले। शायद पेले और डिएगो माराडोना के बाद वह पहले फुटबॉलर है जिनका जादू पूरी दुनिया के सिर चढ़कर बोला है। यह ट्रॉफी उनके लिए कितना मायने रखती है, यह इसी बात से साबित हो गया कि गोल्डन बॉल पुरस्कार लेने के लिए जब उनका नाम पुकारा गया तो पहले वह रुके और ट्रॉफी को चूमा। मैदान के बाहर उनका करिश्मा ऐसा कि उनका सपना हर फुटबॉलप्रेमी का सपना बन गया। पल पल पलटते मैच के हालात के साथ दर्शको की धड़कने भी तेज होती रही। मेस्सी के हर गोल पर जश्न मना और खिताब जीतने पर अर्जेंटीना से मीलो दूर शहरो मे भी आतिशबाजी की गई।

## मेस्सी के करोड़ों भारतीय प्रशंसक इस शानदार जीत से खुश हैं: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अर्जेंटीना को विश्व कप जीतने पर बधाई दी और कहा कि फाइनल मुकाबले को फुटबॉल के सबसे रोमांचक मैचों में से एक के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना और मेस्सी के करोड़ों भारतीय प्रशंसक इस शानदार जीत से खुश है। मोदी ने ट्वीट किया, इसे सबसे रोमांचक फुटबॉल मैचो मे से एक के रूप मे याद किया जाएगा।

## फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा बेहद दुखद , अर्जेंटीना को बधाई दी

**लुसैल (कतर)।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन अपने देश की फाइनल में हार से बेहद निराश थे लेकिन उन्हें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है। उन्होने विश्व कप जीतने के लिए अर्जेंटीना और उसके प्रशंसकों को बधाई भी दी। फाइनल मैच देखने के लिए विशेष रूप से कतर पहुंचे मैक्रोन ने पत्रकारों से कहा, निश्चित तौर पर हम बेहद दुखी और बहुत निराश है।

## पेले ने मेस्सी और एमबापे को बधाई दी

**साओ पाउलो।** ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले ने अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी को विश्व कप जीतने तथा फ्रांस के काइलियन एमबापे को फाइनल मे हैट्रिक बनाने के लिए बधाई दी। एक खिलाड़ी के रूप मे रिकॅार्ड तीन बार विश्व कप जीतने वाले पेले सांस संबंधी दिक्कतो का उपचार कराने के लिए अभी अस्पताल मे भर्ती है। पेले ने कहा, फुटबॉल ने आज फिर अपनी कहानी दिलचस्प तरीके से बयां की।

## वीनस को वाइल्ड कार्ड से मिला ऑस्ट्रेलियाई ओपन में प्रवेश

**मेलबर्न।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स को अगले महीने होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन मे वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। यह 25 वर्षो मे पहला अवसर है जबकि वीनस को किसी ग्रैंडस्लैम मे प्रवेश पाने के लिए वाइल्ड कार्ड का सहारा लेना पड़ा।

## लखनऊ जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 26 व 27 दिसंबर को

**लखनऊ।** लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 26 व 27 दिसंबरए 2022 को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगी। प्रतियोगिता में अंडर.16 बालक व बालिका और अंडर.14 बालक व बालिका वर्ग में स्पर्धाएं होंगी। लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण ने बताया कि प्रतियोगिताशिप में भाग लेने के इच्छुक एथलीटों को अपना आधार कार्ड साथ में लाना होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अंडर-16 आयु वर्ग में 15.01.2007 से 14.01.2009 के मध्य और अंडर-14 आयु वर्ग में 15.01.2009 से 14.01.2011 के मध्य उम्र होनी चाहिए। इस प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित लखनऊ जिला टीम आगामी 12 जनवरी से 14 जनवरीए 2023 तक पटना में होने वाली आल इंडिया अंतर जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

## आईओसी और ओसीए ने आईओए चुनावों को मान्यता दी

भाषा। नई दिल्ली

**अंतरराष्ट्रीय** ओलंपिक समिति (आईओसी) और एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने हाल ही में हुए चुनावों के बाद भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) नवगठित कार्यकारी समिति को मान्यता दे दी। दोनों शासी निकायों ने 16 दिसंबर को भेजे पत्र में आईओए की नई अध्यक्ष पीटी उषा को भी बधाई दी। इस पत्र के मुताबिक, हमने आईओए चुनावों के परिणामों पर गौर किया। हम भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में आपके चुनाव और चुने गए कार्यकारी परिषद के सभी सदस्यों को बधाई देना चाहते हैं। इस पत्र को संयुक्त रूप से ओलंपिक सॉलिडेरिटी के निदेशक एवं आईओसी के एनओसी रिलेशंस जेम्स मैकलॉड और ओसीए के महानिदेशक एवं तकनीकी निदेशक हुसैन अल-मुसल्लम ने लिखा है। इस महीने 10 तारीख को हुए चुनावों में 58 साल की उषा निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गई थी। आईओसी ने सितंबर में आईओए को दिसंबर तक चुनाव कराने या प्रतिबंध का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा था।

# भारत दौरे पर नही आएंगे विलियमसन और स्टीड

भाषा। वेलिंगटन



**न्यूजीलैंड के** कप्तान केन विलियमसन और मुख्य कोच गैरी स्टीड अपने कार्यभार प्रबंधन के कारण अगले महीने सीमित ओवरों के दौरे के लिए भारत नहीं आएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने पाकिस्तान के खिलाफ 10 जनवरी से शुरू होने वाली श्रृंखला और भारत के खिलाफ 18 जनवरी से शुरू होने वाली श्रृंखला के लिए अलग-अलग वनडे टीम चुनी हैं। विलियमसन की अनुपस्थिति में भारत दौरे में टॉम लैथम न्यूजीलैंड की अगुवाई करेंगे जबकि स्टीड की जगह बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। न्यूजीलैंड भारत दौरे में तीन वनडे मैच खेलेगा। रोंची भारत में होने वाली टी-20 श्रृंखला में भी मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। इसके लिए टीम की घोषणा नौ जनवरी को की जाएगी। न्यूजीलैंड महिला टीम के पूर्व कोच बॉब कार्टर और पूर्व स्पिनर पॉल वाइजमैन उनके साथ सहयोगी की भूमिका निभाएंगे। भारत दौरे के लिए विलियमसन और टिम साउदी की जगह ऑल राउंडर मार्क चैपमैन और तेज गेंदबाज जैकब डफी को टीम में शामिल किया गया है। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हेनरी शिपले को भी पहली बार टीम में शामिल किया गया है। लेग स्पिनर ईश सोढ़ी और बल्लेबाज हेनरी निकोल्स को भी दोनों टीमों में शामिल किया गया है। उन्हें भारत के खिलाफ घरेलू वनडे श्रृंखला के लिए टीम में नहीं रखा गया था। तेज गेंदबाज काइल जैमीसन अब भी चयन के लिए अनुपलब्ध हैं क्योंकि वह पीठ की चोट से उबर रहे हैं। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता गेविन लार्सन ने कहा कि इस दौरे से अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्वकप की तैयारियों में मदद मिलेगी। यह अपनी दो मजबूत टीमों को उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में उतारने का सुनहरा अवसर है। वनडे विश्व कप में एक साल से भी कम का समय बचा है और ऐसे में इन टीमों के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर खेलने तथा परिस्थितियों को समझने का यह उपयुक्त समय है। टीम: भारत दौरे के लिए टॉम लैथम (कप्तान), फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, एडम मिल्ने, डेरिल मिशेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, हेनरी शिपले और ईश सोढ़ी। पाकिस्तान दौरे के लिए- केन विलियमसन (कप्तान), टॉम लैथम, फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, एडम मिल्ने, डेरिल मिशेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, हेनरी शिपले, ईश सोढ़ी और टिम साउदी।

## दूसरे टेस्ट से पहले रोहित के पूर्ण फिटनेस हासिल करने पर संदेह

**ढाका।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान उंगली मे लगी चोट से पूरी तरह उबरने मे विफल रहे है और बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार से शुरु होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में उनकी उपलब्धि पर संदेह है। टेस्ट श्रृंखला से पहले खेली गई एकदिवसीय श्रृंखला के दूसरे मैच में क्षेत्ररक्षण के दौरान उनका बायां अंगूठा चोटिल हो गया था। भारतीय टीम एकदिवसीय श्रृंखला।-2 से हार गई थी। भारत ने लोकेश राहुल की अगुवाई मे चटगांव मे खेला गया पहला टेस्ट मैच 188 रन से जीता था। रोहित चोट के उपचार के लिए मुंबई पहुंच गए थे। रोहित दूसरे टेस्ट मैच के लिए अभी ढाका नही पहुंचे है। उनकी हथेलियो मे सूजन है और वह दर्द महसूस कर रहे है। इस बात की संभावना कम है कि वह टेस्ट मैच खेले। भारतीय टीम इस मुकाबले को जीतकर लगातार दूसरी बार विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल मे पहुंचने की अपनी उम्मीदो को मजबूत करना चाहेगी। राहुल ने पहले टेस्ट के बाद कहा था कि रोहित की मौजूदगी पर एक-दो दिन मे फैसला होगा। इस टेस्ट के बाद भारत को घरेलू सरजमी पर श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवर की श्रृंखलाओ मे खेलना है।

# तेज गेंदबाजों के चोटिल होने से परेशान दिल्ली की भिड़ंत असम से

भाषा। गुवाहाटी



**तेज गेंदबाजों** की चोट से परेशान सात बार का चैंपियन दिल्ली मंगलवार से यहां रणजी ट्रॉफी में असम के खिलाफ उतरेगा। सीनियर खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ सहित दिल्ली का टीम प्रबंधन तेज गेंदबाजों के चोटिल होने से नाखुश है जिससे उनकी फिटनेस और तैयारियों के तरीके पर सवाल उठे हैं। महाराष्ट्र के खिलाफ पहले मैच में पदार्पण कर रहे मयंक यादव, सिमरजीत सिंह और अनुभवी इशांत शर्मा मुकाबले के बीच में चोटिल हो गए जिसके कारण टीम को तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर जीत की स्थिति में होने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। चोट के बाद वापसी कर रहे सिमरजीत के टखने में चोट लगी जिसके कारण वह दूसरी पारी में सिर्फ दो ओवर गेंदबाजी कर पाए। दिल्ली लौट चुके इशांत और यादव ने तो दूसरी पारी में एक भी ओवर नहीं फेंका। सिमरजीत को असम के खिलाफ मुकाबले के लिए फिट घोषित किया गया है जबकि इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए तीन तेज गेंदबाज हर्षित राणा, दिविज मेहरा और कुलदीप यादव टीम से जुड़ गए हैं। मंगलवार से शुरू हो रहे मैच में हर्षित को अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। तेज गेंदबाजों की फिटनेस के अलावा शीर्ष घरेलू टूर्नामेंट के लिए टीम की तैयारियों पर भी सवाल उठ रहे हैं। टूर्नामेंट में टीम के पहले मैच से तीन दिन पूर्ण टीम की घोषणा की गई और इसकी कमान युवा यश धुल को सौंपी गई। दिल्ली ने अपना पिछली रणजी खिताब 2007-08 में जीता और पिछली बार 2017-18 सत्र में फाइनल खेला। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, रणजी सत्र की शुरुआत में ही जिस तरह कुछ युवा तेज गेंदबाज चोटिल हो गए उससे कोच और सीनियर खिलाड़ी खुश नहीं हैं।

# गलतियों से सबक लेकर अच्छा प्रदर्शन करने उतरेगी भारतीय महिला टीम



भाषा। मुंबई

**श्रृंखला** पहले ही गंवा चुकी भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी गलतियों से सबक लेकर महत्वपूर्ण मौकों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। भारत ने अभी तक आस्ट्रेलिया को कड़ी चुनौती दी है लेकिन सुपर ओवर तक खिंचे मैच में जीत दर्ज करने के अलावा वह सफलता हासिल नहीं कर पाया है।ऑस्ट्रेलिया की चैंपियन टीम अभी तक सभी मैचों में भारतीय टीम द्वारा बनाए गए दबाव से उबरने में सफल रही है। पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन इसके बाद अगले दोनों मैचों में भारतीय टीम ने उसके शीर्ष क्रम को लड़खड़ा दिया था। ऐसे में मध्यक्रम की बल्लेबाज एलिस पैरी ने अहम भूमिका निभाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका में फरवरी में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना भारत की तैयारियों के लिए अच्छा है। मौजूदा विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की टीम ने भारतीयों की कमजोरियों को खुलकर उजागर किया है फिर चाहे वह अधिक गेंदों को खाली जाने देना हो या फिर खराब क्षेत्ररक्षण या गेंदबाजी में पैनापन का अभाव हो। शेफाली वर्मा अगले महीने पहले अंडर-19 विश्वकप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी और उन्हें अपनी बल्लेबाजी में सुधार करने की जरूरत है। जेमिमा रोड्रिग्स एक बार फिर से ऐसी स्थिति में पहुंच गई है जहां उन्हें अपना स्थान का बचाव करने के लिए खेलना पड़ेगा। वह पिछले चार मैचों में नाकाम रही। भारत को युवा रिचा घोष के रूप में अच्छी फिनिशर मिल गई है लेकिन मध्यक्रम में कप्तान हरमनप्रीत कौर दूसरे छोर से अच्छा सहयोग मिलने पर बेहतर प्रदर्शन कर सकती है। गेंदबाजी में स्पिनर दीप्ति शर्मा के अलावा कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावित नहीं कर पाया है। पिछले छह महीनों में गेंदबाजी की अगुआ रही रेणुका सिंह और अंजलि सरवानी टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। जहां तक ऑस्ट्रेलिया का सवाल है तो वह श्रृंखला में 4-। से जीत दर्ज करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। उप कप्तान ताहलिया मैकग्रा ने मैच की पूर्व संध्या पर सूचित किया कि कप्तान एलिसा हीली मुकाबले के लिए समय पर फिट नहीं हो पाएंगी। हीली चौथे टी20 के दौरान पैर में चोट लगने के कारण 30 रन के स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट हो गईं थी।

### ● ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवां और अंतिम टी20 आज

## अहमद की फिरकी से पाक के खिलाफ टेस्ट में इंग्लैंड सूपड़ा साफ करने के करीब

भाषा। कराची

**लेग स्पिनर** रेहान अहमद अपने पदार्पण टेस्ट में पांच विकेट झटकने वाले सबसे युवा गेंदबाज बन गए जिससे इंग्लैंड की टीम 17 साल में अपने पहले टेस्ट दौरे पर पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला को 3-0 से जीतने से महज 55 रन दूर है। अठारह साल के अहमद ने मैच के तीसरे दिन रविवार को यहां दूसरी पारी में 48 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि अनुभवी स्पिनर जैक लीच ने 72 रन खर्च कर तीन सफलता हासिल की जिससे पाकिस्तान की दूसरी पारी 216 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड को जीत दर्ज करने के लिए 167 रन का लक्ष्य मिला और टीम ने स्टंप्स तक दो विकेट पर 112 रन बना लिए। स्टंप्स के समय बेन डकेट (50) के साथ कप्तान बेन स्टोक्स (10) क्रीज पर मौजूद थे। जैक क्राउली 41 जबकि रेहान अहमद 10 रन बनाकर आउट हुए। दोनों विकेट अबरार अहमद को मिले। इंग्लैंड ने श्रृंखला का पहला मैच 26 जबकि दूसरा मैच 74 रन से जीता था। लक्ष्य का पीछा करते हुए क्राउली और डकेट ने 69 गेंद में 87 रन की साझेदारी कर पाकिस्तान के गेंदबाजों को दबाव में डाल दिया। इंग्लैंड ने हैरी ब्रुक की लगातार तीसरी शतकीय पारी के दम पर 354 रन बनाकर 50 रन की बढ़त हासिल की।

## कॉल्विन ताल्लुकेदार्स में वॉलीबाल व इण्डोर गेम्स में चमके खिलाड़ी

**लखनऊ।** कॉल्विन ताल्लुकेदार्स कॉलेज में पूर्व छात्र सप्ताह के तीसरे दिन वॉलीबाल मैच व इण्डोर गेम्स का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अवनीश कुमार पटेल एमएलसीए लखनऊ, आनन्द सिंह विसेनए हेड कारपोरेट अफेयर्स, अडानी इण्टरप्राइजेस लि नॉर्थ जोन व जस्टिस मनीष कुमार सिंह जज हाईकोर्ट थे। इस कार्यक्रम में प्रबन्धसमिति के सम्मानित सदस्य कुँ0 मनीषवर्धन सिंह ;सचिव प्रबन्धक राजा वीरेन्द्र प्रताप सिंह परमार, राजा राकेश प्रताप सिंह, राय स्वरेश्वर बली वासुधेन्द्र प्रताप सिंह एवं प्रधानाचार्य आईएससी शाखा अनूप राज, प्रधानाचार्या यूपी बोर्ड शाखा श्रीमती अनुपमा सिंह एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। वॉलीवाल मैच . पूर्व व वर्तमान छात्रों के बीच



खेला गया। पूर्व छात्रों की टीम में क्रमश: विमल सेठ,अजय चूडामणी, शैलेन्द्र सेठ, संदीप सिंह चौहान, अरूण टण्डन, वीपी सिंह, कुँ मनीषवर्धन सिंह, राजा राकेश प्रताप सिंह, आनन्द सिंह, दिनेश चन्द, आशुतोष पाल, रवि कपूर, नवीन चरन व वर्तमान छात्रों की टीम, फराज, अबर्दु, असलमए उज्जवल, अहमद, आबिद, तकी, मनीष, आयुष, कैफ श्रियांश, वासिकए ओबेदुल्लाए अभय। पूर्व छात्रों ने बड़े ही जोश व उमंग के साथ मैच खेला और इस मैच का आनन्द उठाया और वॉलीबाल मैच में 15-9 से जीत दर्ज की।

इण्डोर गेम्स-चेस, कैरम, टेबिल टेनिस पूर्व व वर्तमान छात्रों के बीच अंजुमन हाल में खेला गया जिसमें पूर्व छात्र विजयी रहे। लान टेनिस,लान टेनिस ग्राउण्डए तीरंदाजी . कॉल्विन तीरंदाजी ग्राउण्ड व 10 मी एयर रायफल शूटिंग . शूटिंग हाल में खेली गयी। उपर्युक्त सभी खेलों में पूर्व छात्रों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

## दृष्टिबाधित क्रिकेटरों की वित्तीय सहायता के साथ भविष्य का खाका तैयार करने की मांग

भाषा। नई दिल्ली

**विश्व कप** विजेता भारतीय टीम के कप्तान अजय कुमार रेड्डी ने सोमवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से दृष्टिबाधित क्रिकेट का समर्थन करने का अनुरोध करते हुए कहा कि इससे उनके खेल में पेशेवरपन आएगा और वित्तीय प्रोत्साहन मिलेगा। दृष्टिबाधित क्रिकेटरों की भारतीय टीम ने हाल ही में बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बांग्लादेश को हराकर लगातार तीसरी बार टी20 विश्व कप जीता। इस उपलब्धि के बाद भी 17 सदस्ईय टीम के 10 खिलाड़ी बेरोजगार हैं। इसमें से कई खिलाड़ियों के लिए वित्तीय सहायता की कमी के कारण खेल को आगे बढ़ाने में परेशानी हो रही है। कई खिलाड़ी आजीविका के लिए किसी अन्य काम में व्यस्त हैं।

